रांची का तापमान
कांके | रांची
अधिक. 30.0° | अधिक. 30.8°
न्यून. 14.0° | न्यून. 12.0°
रांची, सोमवार
02 मार्च 2026
वर्ष-27, अंक-31, पृष्ठ-12
मूल्य 2 रु.
फाल्गुन शुक्ल पक्ष 14, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155 | www.rastriyanaveenmail.com
ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर







## वेस्टइंडीज को हराकर भारत सेमीफाइनल में

- टीम इंडिया का टी-20 विश्व कप का सबसे बड़ा रन चेज सफल
- संजू सैमसन के तूफानी बल्लेबाजी में उड़े प्रतिद्वंद्वी

**कोलकाता (आईएएनएस)।**

टीम इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में रविवार को सेमीफाइनल का टिकट हासिल कर लिया। भारतीय टीम ने ईडन गार्डंस के मैदान पर खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया। कैरेबियाई टीम से मिले 196 रनों के लक्ष्य को टीम इंडिया ने 19.2 ओवर में चेज कर लिया। यह भारतीय टीम का टी-20 विश्व कप का सबसे बड़ा रन चेज भी है। वेस्टइंडीज से मिले 196 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। अभिषेक शर्मा बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और सिर्फ 10 रन बनाकर आउट हुए। ईशान किशन को भी जेसन होल्डर ने महज 10 रनों के स्कोर पर पवेलियन भेजा। 41 रन पर 2 विकेट गंवाकर मुश्किल में दिख रही टीम इंडिया की पारी को संजू सैमसन ने कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ मिलकर संभाला। शेष पेज 11 पर...



### सेमीफाइनल मैच

**सेमीफाइनल-1 :** ग्रुप-1 में सभी तीन मैच जीतकर साउथ अफ्रीका ने सेमीफाइनल-1 में जगह बनाई है, जहां उसका सामना 4 मार्च 2026 को कोलकाता स्थित ईडन गार्डंस मैदान पर न्यूजीलैंड से होगा।

**सेमीफाइनल-2 :** यह मुकाबला भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मार्च 2026 को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। ग्रुप-2 में भारत ने यूएसए के खिलाफ 29 रन से जीत के साथ ग्रुप स्टेज का आगाज किया। इसके बाद नामीबिया को 93 रन और पाकिस्तान को 61 रन से हराया और फिर नीदरलैंड के खिलाफ 17 रन से जीत दर्ज की।

### ईरान के सरकारी ब्रॉडकास्टर आईआरआईबी ने की घोषणा

# अमेरिका-इजराइल के हमले में अयातुल्ला खामेनेई की हुई मौत



- इस्लामिक क्रांति के नेता खामेनेई की बेटी, दामाद पोता और बहू भी मारे गए
- सर्वोच्च सैन्य अधिकारी अली शमखानी समेत कई सैन्य अफसरों की भी गई जान

**एजेंसी तेहरान/तेल अवीव/ वाशिंगटन।**




ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हवाई हमले में इस्लामिक क्रांति के नेता अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई और उनके परिवार के कई सदस्य मारे गए। ईरान के सरकारी ब्रॉडकास्टर आईआरआईबी ने रविवार सुबह कहा कि इस हमले में खामेनेई की शहादत हो गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि जब तक ईरान में शांति स्थापित नहीं हो जाती, तब हमला जारी रहेगा।
अमेरिकी चैनल सीएनएन, द टाइम्स ऑफ इजरायल, ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी इरना की रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान के कई मीडिया समूहों ने भी खामेनेई की मौत की पुष्टि की है। इनमें सबसे बड़ी स्वीकारोक्ति सरकारी ब्रॉडकास्टर आईआरआईबी की है। आईआरआईबी ने रविवार सुबह बताया, ईरान के सुप्रीम लीडर शहीद हो गए हैं। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी मंत्रिपरिषद ने सात दिन की सार्वजनिक छुट्टी और 40 दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। ट्रंप के बयान से कुछ घंटे पहले ही इजरायली और अमेरिकी अधिकारियों ने कहा था कि हमले में खामेनेई मारे गए हैं। इजरायल के चैनल 12 ने बताया कि तेहरान में कंपाउंड से खामेनेई का शव मिलने के बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को उसकी तस्वीर दिखाई गई।
शेष पेज 11 पर...

### ईरानियों के लिए देश पर कंट्रोल पाने का 'सबसे बड़ा मौका' : डोनाल्ड ट्रंप



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार की रात सबसे पहले ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई की मौत का ऐलान किया। ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, इतिहास के सबसे बुरे लोगों में से एक खामेनेई मर गया है। यह ईरान के लोगों के लिए और सभी महान अमेरिकियों और दुनिया भर के कई देशों के उन लोगों के लिए न्याय है, जिन्हें खामेनेई और उनके खून के प्यासे गुंडों के गैंग ने मार डाला या घायल कर दिया। खामेनेई हमारे इंटेलिजेंस और बहुत एडवांस्ड ट्रैकिंग सिस्टम से बच नहीं पाए और इजरायल के साथ मिलकर काम करते हुए, ऐसा कुछ भी नहीं था जो वह या उनके साथ मारे गए दूसरे नेता कर सकें। ट्रंप ने खामेनेई की मौत को ईरानियों के लिए अपने देश पर कंट्रोल वापस पाने का 'सबसे बड़ा मौका' बताया। डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को ईरान को किसी भी सैन्य कार्रवाई के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि वे उस देश पर ऐसी ताकत से हमला करेंगे, जो पहले कभी नहीं देखी गई। 'ट्रूथ सोशल' पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने पोस्ट में लिखा, ईरान ने अभी कहा है कि वे आज बहुत जोरदार हमला करेंगे, जितना पहले कभी नहीं हुआ। लेकिन बेहतर होगा कि वे ऐसा न करें, क्योंकि अगर वे ऐसा करते हैं, तो हम उन पर ऐसी ताकत से हमला करेंगे जो पहले कभी नहीं देखी गई! वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान पर घातक हमला करने के फैसले का व्हाइट हाउस ने बचाव किया। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि मिसाइल खतरों और परमाणु गतिविधियों से संबंधित खुफिया जानकारी ने अमेरिका के पास 'कोई विकल्प नहीं' छोड़ा था। अमेरिकी अधिकारियों ने ईरान पर जवाबी कार्रवाई में नागरिक बुनियादी ढांचे पर हमला करने का आरोप लगाया। शेष पेज 11 पर...

### ईरान के अंतरिम सर्वोच्च नेता बने अयातुल्लाह अराफी



**एजेंसी। तेहरान (आईएएनएस)।** ईरान के लंबे समय तक सर्वोच्च नेता रहे अली खामेनेई की अमेरिका-इजरायल के हवाई हमले में मौत के कुछ घंटों बाद ईरान ने अयातुल्लाह अलीरेजा अराफी को देश का अंतरिम सर्वोच्च नेता नियुक्त कर दिया है। ईरान सरकार ने बताया कि तेहरान स्थित उनके आवासीय परिसर पर हुए हमले में खामेनेई की मृत्यु हो गई। वे वर्ष 1989 से देश के सर्वोच्च नेता थे। इससे पहले वर्ष 1979 की इस्लामी क्रांति के नेता रूहोल्लाह खुमैनी के निधन के बाद उन्होंने यह पद संभाला था। सरकारी समाचार एजेंसी के मुताबिक, संकट काल में देश का कामकाज एक तीन सदस्यीय परिषद देखेगी। इस परिषद में राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, मुख्य न्यायाधीश गुलाम हुसैन मोहसेनी एजेई और गार्जियन काउंसिल का एक धर्मविद शामिल होगा। ईरान के संविधान के अनुसार, जब तक नया स्थायी सर्वोच्च नेता नहीं चुना जाता, तब तक यही परिषद नेतृत्व की जिम्मेदारी निभाएगी। नए सर्वोच्च नेता का अंतिम फैसला विशेषज्ञों की सभा करेगी। यह 88 सदस्यों का धार्मिक निकाय है, जिसके पास देश की राजनीतिक व्यवस्था, सेना और अहम संस्थानों पर अंतिम अधिकार होता है। अयातुल्लाह अलीरेजा अराफी का जन्म 1959 में ईरान के मेयबोद शहर में हुआ था।

### ईरान ने किया दुबई पर हमला, कतर के दोहा में धमाके

**एजेंसी। दुबई/दोहा/तेहरान/तेल अवीव।** इजरायल-अमेरिका के संयुक्त हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई और उनके परिवार के कई सदस्यों के मारे जाने के बाद इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने रविवार की सुबह संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शहर दुबई पर हवाई हमला किया। इस हमले में जेबेल अली इंटरनेशनल एयरपोर्ट का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में एयरपोर्ट के अंदर धुआं नजर आ रहा है। स्टाफ बिल्डिंग खाली कर रहा है। कतर के दोहा में भी धमाके हुए हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, दुबई में सुबह लगातार शक्तिशाली विस्फोट हुए। एयरपोर्ट और आसपास धुआं नजर आ रहा है। अधिकारियों ने कहा कि विस्फोट के बाद दुबई के 'बिजनेस बे' के ऊपर एक हवाई इंटरसेप्शन से निकले मलबे से शहर के बड़े कॉमर्शियल पोर्ट में आग लग गई। शेष पेज 11 पर...



### खामेनेई अब इतिहास के पन्नों से मिट चुके हैं : रजा पहलवी



**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** ईरान के आखिरी शाह के बेटे और निर्वासन में रह रहे रजा पहलवी ने कहा है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई अब 'इतिहास के पन्नों से मिट चुके हैं।' उनका कहना है कि इस्लामिक गणराज्य व्यवस्था अब अपने अंत के दौर में पहुंच चुकी है। ईरान के लोगों के नाम जारी बयान में पहलवी ने खामेनेई को 'हमारे समय का खून का प्यासा तानाशाह' बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि खामेनेई ने ईरान के हजारों बहादुर बेटों और बेटियों की जान ली है। पहलवी ने कहा, उनकी मौत के साथ ही इस्लामिक गणराज्य का प्रभावी तौर पर अंत हो चुका है और बहुत जल्द यह इतिहास की धूल में मिल जाएगा। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर मौजूदा शासन से जुड़े लोग खामेनेई की जगह किसी नए नेता को बैठाने की कोशिश करेंगे, तो वह कोशिश नाकाम रहेगी। पहलवी के अनुसार, शुरुआत से ही यह साफ है कि ऐसी हर कोशिश असफल होगी। रजा पहलवी ने चेतावनी दी कि सरकार के वफादारों द्वारा उत्तराधिकारी बनाने की कोई भी कोशिश नाकाम होगी। उन्होंने कहा, सरकार के बचे हुए लोगों द्वारा खामेनेई का उत्तराधिकारी बनाने की कोई भी कोशिश शुरू से ही नाकाम होगी। शेष पेज 11 पर...

## पीएम आवास पर सीसीएस की उच्च स्तरीय बैठक हुई



- बैठक में राजनाथ सिंह, अमित शाह, जयशंकर, अजीत डोभाल भी मौजूद थे

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में रविवार को कैबिनेट कमिटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की उच्च स्तरीय बैठक प्रधानमंत्री आवास पर हुई। इस बैठक में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण, एनएसए अजीत डोभाल और विदेश सचिव विक्रम मिस्री मौजूद थे।
भारत की सुरक्षा और स्ट्रेटेजिक मामलों पर फैसले लेने वाली सबसे बड़ी बॉडी, कैबिनेट कमिटी की यह मीटिंग ऐसे समय में हुई है, जब ईरान पर अमेरिका-इजरायली एयरस्ट्राइक के बाद मिडिल ईस्ट में तेजी से बिगड़ती जियोपॉलिटिकल स्थिति के बीच क्षेत्रीय संघर्ष और बढ़ गया है और ग्लोबल सुरक्षा चिंताएं बढ़ गई हैं।
ज्ञात हो कि सीसीएस भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े फैसलों के लिए सबसे बड़ी संस्था है, जिसमें प्रधानमंत्री और रक्षा, गृह, विदेश और वित्त मंत्री शामिल हैं। सीसीएस की इस बैठक को पश्चिम एशिया में हाल की घटनाओं के जवाब के तौर पर देखा जा रहा है, जिसमें ईरानी ठिकानों पर यूएस-इजरायल के हमले और उसके बाद की जवाबी कार्रवाई शामिल है। रिपोर्ट्स से पता चलता है कि इससे जुड़ी झड़पों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई है, जिससे बड़े संघर्ष का डर बढ़ गया है।
इस बैठक में भारत के स्ट्रेटेजिक हितों पर पड़ने वाले असर की समीक्षा होने की उम्मीद है, जिसमें इस क्षेत्र में, खासकर यूएई और दूसरे खाड़ी देशों में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, एनर्जी सिक्योरिटी, समुद्री रास्ते और डिप्लोमैटिक पोजीशनिंग शामिल हैं।
मिडिल ईस्ट संकट में भारत ने संतुलित रुख बनाए रखा है, अपने नागरिकों और आर्थिक संबंधों की रक्षा करते हुए तनाव कम करने की वकालत की है।
सूत्रों का कहना है कि चर्चा में जरूरत पड़ने पर लोगों को निकालने के लिए इमरजेंसी प्लान, तेल की कीमतों पर असर और इंटरनेशनल पार्टनर्स के साथ तालमेल शामिल हो सकता है। ग्लोबल तनाव बढ़ने के साथ यह हाई-स्टेक सिक्योरिटी रिव्यू की सीरीज में सबसे नया है।

## मिसाइल हमले के बीच रांची की बेटी पति व परिवार के साथ दोहा में

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

**पिता ने रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से लगाई सहायता की गुहार**

ईरान के कतर, यूएई पर हमले के बीच राजधानी रांची के रातू रोड निवासी अर्जुन सिंह के बेटी-दामाद परिवार के साथ कतर के दोहा में फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि उनके दामाद ने बताया है कि कतर सरकार ने दवाओं और खाने-पीने की चीजों की आपूर्ति के लिए मॉल 24 घंटे खुला रखा है। ऑफिस बंद है। इसलिए दिक्कत नहीं है, लेकिन लोग भयभीत हैं। अर्जुन सिंह ने रविवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से पत्र लिखकर गुहार लगाई है कि उनके परिजनों को सहायता की जाए। उन्होंने रक्षा मंत्री से मांग की है कि संभावित निकासी सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने रक्षा राज्य मंत्री से कहा है कि कतर में लगभग 15 लाख भारतीय हैं और इस कारण भारतीयों के लिए बंकर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। वहीं, कतर में अमेरिकी ठिकानों पर ईरान लगातार मिसाइल से हमला कर रहा है। मिसाइल हमले के दौरान बहुमंजिली इमारत कांप जा रही है और लोग डरे हुए हैं। उनके दामाद परिवार के साथ अभी बिल्डिंग के बेसमेंट में छिपे हुए हैं। बहुमंजिली इमारत के फ्लैट के लोग दहशत में हैं। दूतावास से कहा गया था कि उन्हें सामान बांध कर तैयार रहना है और जैसे ही खबर मिले बंकर में पहुंच जाना है, पर अभी तक खबर नहीं मिली है।
शेष पेज 11 पर...

**महिला हॉकी**

### एफआईएच हॉकी विश्व कप क्वालिफायर हैदराबाद में 8 मार्च से

# सलीमा टेटे होंगी भारतीय हॉकी टीम की कप्तान



- भारत पूल 'बी' में है, पहला मैच उरुग्वे से

**हैदराबाद (आईएएनएस)।**

हॉकी इंडिया ने रविवार को हैदराबाद, तेलंगाना में होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालिफायर के लिए 20 सदस्यों वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की। अनुभवी मिडफील्डर सलीमा टेटे भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी। क्वालिफायर मैच 8 से 14 मार्च 2026 तक आयोजित खेले जाएंगे।
मेजबान भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया अगस्त में होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप में तीन स्थानों के लिए मुकाबला करेंगे। टीमों को दो पूल में बांटा गया है। पूल 'ए' में इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया हैं। पूल 'बी' में भारत, स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स हैं।
भारत अपने अभियान की शुरुआत 8 मार्च को उरुग्वे के खिलाफ करेगा। इसके बाद 9 और 11 मार्च को स्कॉटलैंड और वेल्स के खिलाफ मैच होंगे।
भारतीय टीम में बंसरी सोलंकी और बिचू देवी खारिबाम गोलकीपिंग की जिम्मेदारी शेयर करेंगी। सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता, और इशिका चौधरी डिफेंसिव यूनिट में हैं, जबकि कैप्टन सलीमा टेटे, नेहा, सुनीता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुतजा दादासो पिसल और दीपिका सोरेंग मिडफील्ड में होंगी। आक्रमण की जिम्मेदारी नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू संभालेंगी।
हाल ही में इंडियन वीमेंस हॉकी टीम के कोच बने शोर्ड मारिन ने कहा, हम सच में एक साथ अपने पहले टूर्नामेंट का इंतजार कर रहे हैं। हम फिटनेस और रणनीति पर काम कर रहे हैं, ताकि हर कोई टीम में अपने काम और रोल को समझ सके। हम आगे के मैचों के लिए पूरी तरह तैयार होने के लिए हैदराबाद में दो अभ्यास मैच खेलेंगे।


### भारतीय टीम

**सलीमा टेटे (कप्तान), नेहा, सुनीता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुतजा दादासो पिसल, दीपिका सोरेंग, सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता, इशिका चौधरी, नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर, अन्नू, बंसरी सोलंकी (गोलकीपर), बिचू देवी खारीबम (गोलकीपर)।**

## आईईडी विस्फोट में सहायक कमांडेंट व दो जवान घायल

- हेलीकॉप्टर से लाए गए रांची, अस्पताल में चल रहा इलाज
- सारंडा जंगल में सुरक्षाबलों और माओवादियों में मुठभेड़

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची/चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के घने सारंडा जंगल में रविवार के तड़के सुरक्षाबलों और प्रतिबंधित संगठन भाकपा (माओवादी) के बीच हुई मुठभेड़ के दौरान आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट में कोबरा बटालियन के सहायक कमांडेंट एवं दो जवान घायल हो गए। सभी घायलों को हेलीकॉप्टर से रांची लाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सहायक कमांडेंट एवं घायल जवानों की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।
जानकारी के अनुसार, छोटानागरा और जराईकेला थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह करीब पांच बजे सुरक्षाबलों द्वारा चलाए जा रहे कांबिंग ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों के साथ भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ के दौरान मरांगपोंगा क्षेत्र में नक्सलियों की ओर से लगाए गए आईईडी में विस्फोट हो गया।
शेष पेज 11 पर...

## ईरान पर हमले के विरोध में रांची में वामदलों का प्रदर्शन

**रांची।** ईरान में अमेरिका और इजरायल के संयुक्त सैन्य हमले के विरोध में रांची में रविवार को जनवादी संगठनों और वाम दलों ने जोरदार प्रदर्शन किया। राजधानी के परमवीर शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पर सैकड़ों की संख्या में सीपीआई-एमएल सहित अन्य वाम संगठनों के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। उपस्थित नेताओं ने अमेरिका और इजरायल की कार्रवाई की आलोचना करते हुए केंद्र सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की। मौके पर सीपीएम के राज्य सचिव मंडल सदस्य सुखनाथ लोहरा, माले के राज्य सचिव मनोज भक्त, सीपीआई के जिला सचिव अजय सिंह, प्रतीक मिश्रा, एस के राय, मनसा लोहरा, श्याम पोद्दार, एम एल सिंह, नंदिता भट्टाचार्य, त्रिलोकी नाथ, विजय कुमार, झारखंड जनाधिकार महासभा के एलिना होरो, प्रवीर पीटर बगईचा के फादर टोनी आदि शामिल हुए। उपस्थित नेताओं ने कहा है कि ईरान हमारा मित्र राष्ट्र है। इसलिए भारत को अपना दृष्टिकोण साफ करना चाहिए और इस युद्ध की कड़े शब्दों में निंदा करनी चाहिए। नेताओं ने ईरान के साथ एकजुटता भी प्रदर्शित की। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि युद्ध की स्थिति से आम नागरिक, खासकर महिलाएं और बच्चे प्रभावित हो रहे हैं।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के तहत प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित

# प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकर्ता निर्माण की कुंजी है : शिवप्रकाश

- राष्ट्र प्रथम के भाव से ओतप्रोत कार्यकर्ता पार्टी की ताकत : आदित्य साहू
- प्रधानमंत्री के पंच प्रण को जन जन तक लेकर जाएं : लक्ष्मीकांत वाजपेयी
- मोदी सरकार की योजनाओं व कार्यक्रमों में जनभागीदारी बढ़ाएं : बाबूलाल मरांडी
- मार्च-अप्रैल में मंडल प्रशिक्षण कार्यक्रम को करें संपन्न : कर्मवीर

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू की अध्यक्षता में रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान 2026 के तहत प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकर्ता निर्माण की कुंजी है। पार्टी की रीति नीति,कार्य पद्धति,इतिहास विकास से कार्यकर्ताओं को परिचित कराना, यह महत्वपूर्ण है। कहा कि भाजपा का एक प्रशिक्षित कार्यकर्ता हमारे विरोधियों के सैकड़ों पर भारी पड़ता है। उन्होंने कहा कि भाजपा मां भारती को सर्वोच्च शिखर पर आसीन करने केलिए संकल्पित है। हमारे पूर्वजों ने जो दृढ़ संकल्प लिया है उसे पूरा करने की जिम्मेवारी आज की पीढ़ी पर है।

प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने कहा कि भाजपा विचार आधारित पार्टी है। देश की अधिकांश पार्टियां आज परिवार के विरासत तक सिमट गई है लेकिन भाजपा अपने वैचारिक अधिष्ठान के बल पर दुनियां की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम के भाव से भरे हैं। जिसका परिणाम है कि आज भारत विश्व में अपना परचम लहरा रहा। भारत के तिरंगे की ताकत बढ़ी है।

प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि प्रधानमंत्री के पंच प्रण को जन जन तक लेकर जाने की जरूरत है। जिसमें सर्व स्पर्शी, सर्व व्यापी, सर्व समावेशी भाजपा के साथ पर्यावरण और स्थानीय उत्पाद के उपयोग केलिए वोकल फॉर लोकल का आह्वान है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और भाजपा एनडीए की डबल इंजन सरकारों की उपलब्धियों से जन जन तक लेकर जाने की जरूरत है। संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मंडल प्रशिक्षण कार्यक्रम को मार्च अप्रैल तक पूर्ण करने की योजना को पूर्ण करें।

कार्यशाला में प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष गण, प्रदेश और जिलों की प्रशिक्षण टोली शामिल हुई। बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश सहित प्रदेश प्रभारी एवं सांसद डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, केंद्रीय टोली के सदस्य राजकुमार फलवारिया, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पीएन सिंह, डॉ रविंद्र कुमार राय, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा,रघुराज पांडेय ,केके गुप्ता, बबलू भगत,प्रियंका रंजन,उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने किया।

### रांची में सेक्स रैकेट का खुलासा

# महिला सरगना सहित आठ गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** रांची पुलिस ने शहर में संगठित रूप से संचालित देह व्यापार के एक रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए महिला सरगना समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में छह से अधिक युवतियां और कुछ ग्राहक शामिल हैं। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर शहर के लालपुर, चुटिया और आसपास के थाना क्षेत्रों में एक साथ की गई।

पुलिस के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को सूचना मिली थी कि उक्त इलाकों में होटलों और किराए के मकानों के जरिए संगठित तरीके से देह व्यापार संचालित किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद सिटी एसपी पारस राणा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई और समन्वित छापेमारी की योजना बनाई गई।

पुलिस ने रविवार को एक साथ कई ठिकानों पर दबिश दी। छापेमारी के दौरान एक महिला को गिरफ्तार किया गया, जिसे इस रैकेट की मुख्य संचालिका बताया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह महिला पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों से युवतियों को रांची बुलाती थी और उन्हें होटलों तथा किराए के मकानों में ठहराकर ग्राहकों तक पहुंचाने की व्यवस्था करती थी।

सिटी एसपी ने मीडिया को बताया कि गिरफ्तार महिला का पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है और वह इसी तरह के एक मामले में जेल जा चुकी है। पुलिस को आशंका है कि इस नेटवर्क से दो दर्जन से अधिक युवतियां जुड़ी हो सकती हैं। हालांकि, इसकी पुष्टि के लिए विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

कार्रवाई के दौरान हिरासत में ली गई युवतियों और ग्राहकों से पूछताछ जारी है। पुलिस का कहना है कि गिरोह का नेटवर्क गुप्त रूप से संचालित किया जा रहा था और ग्राहकों से संपर्क मुख्य रूप से मोबाइल फोन और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से स्थापित किया जाता था। गिरफ्तार सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि इस रैकेट के संचालन में और कौन-कौन लोग शामिल थे।

## सीएम हेमंत सोरेन से मालाबार के प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन से रविवार को विश्व विख्यात आभूषण कंपनी मालाबार गोल्ड एंड डायमंड के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने सीएम आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस महत्वपूर्ण बैठक में राज्य में संभावित निवेश, औद्योगिक विस्तार, रोजगार सृजन तथा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधियों को लेकर विस्तृत एवं सकारात्मक चर्चा हुई। बैठक के दौरान प्रतिनिधियों ने झारखंड में अपने व्यापारिक विस्तार की योजना साझा करते हुए बताया कि वे राज्य के प्रमुख शहरों में अत्याधुनिक शोरूम स्थापित करने की दिशा में विचार कर रहे हैं।

### होली से पहले उत्पाद विभाग की कार्रवाई

# नकली विदेशी शराब बरामद, 8 गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** होली को लेकर अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए उत्पाद विभाग लगातार सघन छापेमारी अभियान चला रहा है। इसी क्रम में रविवार को उत्पाद विभाग की टीम ने रांची जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध एवं नकली शराब बरामद की तथा आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया। उत्पाद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सहायक आयुक्त उत्पाद को मिली गुप्त सूचना के आधार पर विधानसभा थाना क्षेत्र के महुआ टोली एवं डहु टोली, नगड़ी थाना अंतर्गत गागी टोली और सेम्बो तथा बेड़ों थाना क्षेत्र के इटा चिनरी गांव में एक साथ छापेमारी की गई।

छापेमारी के दौरान इटा चिनरी से 09 पेटी में कुल 290 पीस यानी 73.65 लीटर नकली विदेशी शराब बरामद की गई। इस मामले में एक आरोपित को मौके से गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा अन्य स्थानों पर की गई कार्रवाई में भारी मात्रा में विदेशी शराब, बियर, अवैध चुलाई शराब तथा जावा महुआ जब्त किया गया। अभियान के दौरान कुल सात अन्य आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों में संजीत मिंज, पिंटू बाड़ू, अनिल लिंडा, सुनील उरांव, अजय कुजूर, रौशन केरकेट्टा, राजू कच्छप एवं निखिल तिर्की शामिल हैं। उत्पाद विभाग ने आरोपितों के पास से कुल 80.925 लीटर विदेशी शराब, 65.1 लीटर बियर, 9.9 लीटर ब्रिजर, 100 लीटर अवैध चुलाई शराब तथा लगभग 500 किलोग्राम जावा महुआ बरामद किया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पर्व-त्योहार के दौरान अवैध शराब की बिक्री रोकने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। वहीं फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

### बरियातू में दिव्यांग बच्चों संग मनाया होली मिलन महोत्सव

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने सेवा और समरसता का दिया संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा रांची जिला इकाई की ओर से बरियातू स्थित गुरु नानक होम फॉर हैंडिकैप्ड चिल्ड्रन में इलाजरत दिव्यांग बच्चों एवं उनके परिजनों के साथ होली मिलन महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार सिन्हा एवं महिला जिला अध्यक्ष सुरभि सिन्हा की विशेष उपस्थिति रही।

इस अवसर पर शैलेश कुमार सिन्हा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में होली एक ऐसा पवित्र पर्व है, जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक चेतना का अनुभव कराता है। यह पर्व अपने इष्ट के प्रति आस्था और समाज में समरसता का प्रतीक है। उन्होंने दिव्यांग बच्चों के परिजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके साथ होली मनाने का अवसर मिलना महासभा के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा, “दिव्यांग निशक्त नहीं, बल्कि सशक्त हैं।”

उन्होंने संस्था के कर्मियों की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि निस्वार्थ सेवा निश्चित रूप से बच्चों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में सहायक होगी।

महिला जिला अध्यक्ष सुरभि सिन्हा ने दिव्यांग बच्चों के बीच अल्पाहार वितरित किया तथा सभी को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। केंद्रीय वन विभाग में कार्यरत राकेश कुमार सिन्हा का योगदान भी कार्यक्रम में सक्रिय रहा। कार्यक्रम का समापन सभी के मंगलमय जीवन और खुशहाल होली की कामना के साथ हुआ।

# पत्नी व बच्चों को धमकी देकर पांच लाख ठगने का आरोपी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र के लोवाडिह स्थित स्वर्णरेखा गार्डेन निवासी संजय साहु ने अभिषेक कुमार उर्फ गोलू पर उनकी पत्नी को बच्चों को उठा लेने और पति को जान से मारने की धमकी देकर पांच लाख रुपये ठगने और 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 27 फरवरी को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार संजय साहु गांव रेस्टुरेंट के समीप रहने के कारण अक्सर वहां खाना खाने जाते थे। उस दौरान रेस्टुरेंट का मैनेजर अभिषेक कुमार अच्छी सेवा के बहाने उनसे घुलमिल गया। संजय की अनुपस्थिति में उनकी पत्नी द्वारा ऑर्डर देने पर वह स्वयं घर खाना पहुंचाने जाता था, जिससे परिवार में उसकी निकटता बढ़ गई।

वर्ष 2025 की शुरुआत में रेस्टुरेंट से निकाले जाने के बाद अभिषेक ने संजय की पत्नी से पैसे की मांग शुरू कर दी। पैसे नहीं देने पर बच्चों को उठा लेने की धमकी देने लगा। भयवश 28 अक्टूबर 2025 को संजय की पत्नी ने उसे पांच लाख रुपये दे दिए। इसके बाद जनवरी 2026 में उसने दोबारा फोन कर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। अपनी महिला मित्र के मोबाइल से भी धमकी भरे कॉल किए गए। तीन फरवरी को पत्नी ने संजय को पूरी जानकारी दी, जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। थानेदार मनोज कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया है। शनिवार को उसे जेल भेज दिया गया।

### तेली समाज का राज्य स्तरीय होली मिलन व सम्मान समारोह आयोजित

# तेली समाज देश व राज्य की बड़ी ताकत : राजेंद्र

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** होली त्योहार की सार्थकता और आनंद तभी है, जब हम सिर्फ अपने जीवन में नहीं बल्कि दूसरों के साथ खुशियां बांटे। उनके दुखों को साझा कर उनके जीवन में रंग भरने की कोशिश करें। यह बातें समारोह में दीप प्रज्वलित कर उद्घघान करते हुए मूलवासी सदान के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कही।वे रविवार को ग्रैंड ऑकेजन बैंक्विट हॉल रांची में आयोजित तेली समाज की ओर से राज्य स्तरीय होली मिलन सह सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि हम निरंतर अपने अधिकारों की बातें करते हैं और अपने दूर्गति का सारा ठीकरा राजनीतिक दल और सरकार पर फोड़ते हैं, लेकिन हम लोग अपने कमी को नहीं देख पाते हैं। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि तेली समाज अपने वोट के बल पर सरकार बनवा भी सकती है, लेकिन तेली समाज में राजनीतिक चेतना की कमी है और समाज संगठित नहीं है। कहा राजनीतिक चेतना और एकता से ही समाज को मिलेगा अधिकार।

#### अशिक्षा व पिछलगुपन का दहन कीजिए : डॉ सुदेश

मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के डब्लूडीएस डॉ सुदेश कुमार साहू ने होली की शुभकामनाएं देता हुए कहा मैं अपने समाज के लोगों से अपील करता हूं, और आह्वान करता हूं कि इस वर्ष के होलीका दहन में अपना पीछड़ापन को दहन कीजिए। कार्यक्रम संयोजक अमित साहू ने कहा कि हमारा तेली समाज के युवा लगातार शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं और विगत कुछ सालों से हमारे तेली समाज के अनेकों लोग झारखंड के प्रशासनिक सेवा में अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम में कोलकाता और उड़ीसा से आए कलाकारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मौके पर शकुंतला देवी, सरोज साहू, अश्विनी अभिषेक, पूनम साहू, सुनीता साहू, चंदा देवी, लक्ष्मी कुमारी, रश्मि माला चौधरी, पूनम देवी, रेनू साहू, आरती देवी, शांति देवी, मंजू देवी, रोशनी कुमारी, मनोज गुप्ता, विजय चौधरी, मनोज कुमार, संजय साहू, कृष्ण साहू, धनीराम साहू के अलावा सैकड़ों लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का अध्यक्षता विजय साहू ने किया संचालन अमित साहू ने किया।

## न्यूज बॉक्स

### बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक नहीं होना चिंताजनक : अजय राय



**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने झारखंड राज्य ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड एवं उसकी अनुषंगी कंपनियों में लंबे समय से बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक नहीं होने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। श्री राय ने कहा कि 23 सितंबर 2025 के बाद से अब तक बोर्ड की बैठक आयोजित नहीं की गई है, जबकि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 173(1) के अनुसार प्रत्येक चार माह में कम से कम एक बैठक अनिवार्य है। यह न केवल विधिक दायित्व है, बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता और सुशासन की बुनियादी शर्त भी है। बैठक नहीं होने से दर्जनों महत्वपूर्ण एजेंडे लंबित हैं, जिनमें वितरण, संचरण और उत्पादन से जुड़े नीतिगत एवं वित्तीय निर्णय शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय पर बोर्ड बैठक नहीं होती है तो रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज द्वारा दंडात्मक कार्रवाई, जुर्माना तथा कंपनी के निर्णयों की वैधता पर प्रश्नचिह्न लग सकता है। इससे न केवल निगम की प्रतिष्ठा प्रभावित होगी, बल्कि राज्य की विद्युत व्यवस्था और कर्मचारियों के हितों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। अजय राय ने सरकार एवं प्रबंधन से मांग की है कि 9 मार्च को प्रस्तावित बोर्ड बैठक हर हाल में आयोजित की जाए तथा लंबित एजेंडों पर शीघ्र निर्णय लिया जाए। उन्होंने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र राज्य के विकास की रीढ़ है और इसमें प्रशासनिक शिथिलता कतई स्वीकार्य नहीं है। झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि शीघ्र बैठक नहीं बुलाई गई तो संगठन लोकतांत्रिक तरीके से आगे की रणनीति तय करने को बाध्य होगा।

### होली पर दो दिन कुरियर सेवा रहेगी बंद

**रांची।** झारखंड कुरियर एसोसिएशन की बैठक में होली पर्व को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम मित्तल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि होली के अवसर पर दो दिनों तक कूरियर सेवाएं बंद रहेंगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि 3 मार्च मंगलवार और 4 मार्च बुधवार को रांची सहित राज्यभर में कुरियर कंपनियां अपनी सेवाएं स्थगित रखेंगी। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि होली पर कर्मचारियों को अवकाश देने और पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। संगठन के अध्यक्ष प्रेम मित्तल ने कहा कि सभी कुरियर कंपनियां इस निर्णय का पालन करेंगी। उन्होंने आम नागरिकों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों से अपील की कि वे अपने जरूरी दस्तावेज़ एवं पार्सल समय से पहले बुक करा लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में झारखंड के हालिया निकाय चुनाव में विजयी प्रतिनिधियों को बधाई भी दी गई और होली पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं दी गईं। बैठक में प्रदीप राजगरिया, सुरेश शर्मा, दीपक कुमार, पंकज, आकाश ठाकुर, सिकंदर विजेता, प्रदीप त्रिपाठी, राजीव सिंह, अशोक मुरारका सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### लघु उद्योग भारती का परिचय सम्मेलन आयोजित

**रांची।** रांची के बनारसिया वेंचर्स परिसर में लघु उद्योग भारती, झारखंड द्वारा नवीन इकाई परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। प्रांतीय महामंत्री बिनोद कुमार अग्रवाल ने लघु उद्योगों को अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए संगठित होने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार ने उद्यमियों को नवाचार और आधुनिक प्रबंधन अपनाने का सुझाव दिया। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राकेश कुमार बिड़ला ने संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस दौरान औद्योगिक नीतियों और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस जैसी चुनौतियों पर भी विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें बड़ी संख्या में सूक्ष्म एवं लघु उद्यमी शामिल हुए।

### प्रदेश जदयू ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 75वां जन्मदिन मनाया



**रांची।** बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार का 75वां जन्मदिवस रविवार को रांची में बीआईटी मोड़ स्थित प्रदेश जदयू कार्यालय में मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो ने केक काटकर कार्यकर्ताओं के बीच मिठाई वितरित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खीरू महतो ने कहा कि नीतीश कुमार भारतीय राजनीति के देदीप्यमान नक्षत्र और बिहार के अतुलनीय मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि वे लंबे समय तक बिहार और देश की सेवा करते रहें। इस अवसर पर जदयू नेता डॉ. आफताब जमील, भगवान सिंह, सागर कुमार, धर्मेंद्र तिवारी, शिवानी लता, उपेंद्र सिंह, मनोज सिंह, आशीष शीतल मुंडा, अजय सोनी, महेश्वर चौधरी, राजनारायण पटेल, दिलीप महतो तथा रामजी प्रसाद सहित कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके नेतृत्व में सुशासन और विकास की निरंतर कामना करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प भी लिया।

### आरोप | प्रभात तारा मैदान में वृहद झारखंड कुड़मी समन्वय समिति के बैनर तले कुड़मी अधिकार महारैली का आयोजन

# लड़कर लिया झारखंड, अब फिर संघर्ष कर लेंगे अधिकार : शीतल

- लंबित मांगों पर केंद्र और राज्य सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की अपील की

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा स्थित जगन्नाथ (प्रभात तारा) मैदान में रविवार को वृहद झारखंड कुड़मी समन्वय समिति के बैनर तले कुड़मी अधिकार महारैली का आयोजन किया गया। महारैली की अध्यक्षता समिति के मुख्य संयोजक शीतल ओहदार ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र महतो एवं सखीचंद महतो ने संयुक्त रूप से किया। रैली में राज्य के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में कुड़मी समाज के लोग शामिल हुए।

महारैली में वक्ताओं ने कुड़मी जनजाति को अनुसूचित जनजाति (एसटी) सूची में शामिल करने तथा कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान देने की लंबित मांगों पर केंद्र एवं राज्य सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की अपील की। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य संयोजक शीतल ओहदार ने कहा कि कुड़मी समाज पिछले 75 वर्षों से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कहा कि अलग झारखंड राज्य के निर्माण में समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और अब अपने संवैधानिक अधिकारों की प्राप्ति के लिए पुनः आंदोलन तेज किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि छह सितंबर 1950 के निर्णय के बाद कुड़मी समाज को जनजातीय अधिकारों से वंचित कर पिछड़ा वर्ग में शामिल कर दिया गया।

ओहदार ने कहा कि ब्रिटिश काल की जनगणनाओं में कुड़मियों को जनजातीय श्रेणियों में शामिल किया गया था, लेकिन आजादी के बाद उन्हें इस श्रेणी से बाहर कर दिया गया। उन्होंने दावा किया कि खनिज संपदा से समृद्ध क्षेत्रों में निवास करने के कारण समाज को अधिकारों से दूर रखा गया।

पूर्व विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कुड़मी समाज को शीघ्र एसटी सूची में शामिल करने और कुड़माली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई तो पूरे झारखंड में अनिश्चितकालीन आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी।

शिक्षाविद डॉ. अमर कुमार चौधरी ने कहा कि कुड़मी समाज लंबे समय से संवैधानिक अधिकारों से वंचित है। उन्होंने आगामी जनगणना में जाति के रूप में 'कुड़मी' और भाषा के रूप में 'कुड़माली' दर्ज कराने का आह्वान किया।

भाजपा विधायक नागेंद्र महतो ने कहा कि शिक्षा और राजनीतिक प्रतिनिधित्व की कमी के कारण कुड़मी समाज अब भी पिछड़ेपन का सामना कर रहा है। उन्होंने समाज से शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने और राजनीतिक रूप से संगठित होने की अपील की। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के नेता देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि झारखंड गठन के बाद भी आरक्षण व्यवस्था का सबसे अधिक प्रभाव कुड़मी समाज पर पड़ा है, जिससे युवाओं में बेरोजगारी बढ़ी है और सरकारी सेवाओं में समाज की भागीदारी सीमित रह गई है।

कुड़मी समाज की महिला अध्यक्ष सुषमा महतो ने कहा कि समाज की पारंपरिक 'बाईसी प्रथा' आज भी सामाजिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि पेसा कानून को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए कुड़मियों को अनुसूचित जनजाति में शामिल करना आवश्यक है। महारैली में कई प्रस्ताव पारित किए गए, जिनमें आगामी जनगणना में कुड़मी जाति एवं कुड़माली भाषा दर्ज कराने, बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने, युवाओं को उन्नत कृषि एवं स्वरोजगार से जोड़ने तथा समाज के बुद्धिजीवियों द्वारा तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मार्गदर्शन के लिए नियमित कार्यक्रम चलाने का निर्णय शामिल है।

कार्यक्रम में रणधीर चौधरी, संजय लाल महतो, थानेश्वर महतो, रामचंद्र महतो, कपिल देव महतो, पार्वती देवी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, महिलाएं एवं युवा उपस्थित रहे। महारैली में हजारों महिला-पुरुषों की भागीदारी ने समाज की एकजुटता और अधिकारों के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाया।



# गरमी की दस्तक, झारखंड में अधिकतम तापमान पहुंचा 36 डिग्री

- रांची में अधिकतम तापमान 30 डिग्री दर्ज किया गया
- डाल्टनगंज में 35.4 डिग्री जबकि जमशेदपुर में 35.8 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य भर में अधिकतम तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है। इसके कारण दिन में लोगों को गर्मी महसूस होने लगी है। हालांकि रांची सहित कई जिलों में अभी भी गर्मी का एहसास नहीं हो रहा है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि होने की संभावना व्यक्त की है।

रविवार को सरायकेला में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जबकि डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री और जमशेदपुर में 35.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

वहीं बोकारो में भी तापमान बढ़कर 34.1 डिग्री के स्तर पर पहुंच गया है।

इधर, राजधानी रांची में अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री, लातेहार में 26.3 डिग्री और लोहरदगा में अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

रविवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और मध्यम गति की हवा चली। इससे दिन में गर्मी का एहसास नहीं हुआ।

वहीं दोपहर बाद आंशिक बादल छाए रहे।

वहीं, रविवार को रांची में अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री और 16.4 डिग्री, जमशेदपुर में अधिकतम 34.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18.6 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री, बोकारो में अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## रांची मारवाड़ी कॉलेज का छात्र दल शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना




**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग संकाय के अंतर्गत मुंडारी के स्नातकोत्तर सेमेस्टर-4 के छात्र-छात्राएं एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए रविवार को भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु-खूंटी, चोकअ हातू व मरङ बुरु- सोनाहातु प्रखंड गए। प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने हरी झंडी दिखाकर छात्र दल को रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राएं वहां के ऐतिहासिक तथ्यों को जान पाएंगे। साथ ही, इन सभी जगहों के इतिहास, भाषा, संस्कृति को समझने व वहां के स्थानीय लोगों से मिलकर आर्थिक, सामाजिक व धार्मिक स्थिति की जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

## चुटिया में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन

# अयोध्या में श्रीराम मंदिर सांस्कृतिक स्वाभिमान का प्रतीक : महंत राजू दास

- एकता, समरसता और सांस्कृतिक चेतना के संदेश के साथ उमड़ा जनसैलाब
- संघ के सह-सरकार्यवाह आलोक जी ने सामाजिक समरसता और संगठन की शक्ति पर बल दिया
- संघ ने सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के लिए सतत कार्य किया






**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** चुटिया स्थित श्री राम मंदिर परिसर में विराट हिंदू सम्मेलन श्रद्धा, उत्साह और व्यापक जनभागीदारी के साथ संपन्न हुआ। सम्मेलन में शहर तथा आसपास के क्षेत्रों से समाज के विभिन्न वर्गों के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। आयोजन का उद्देश्य समाज में एकता, समरसता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रभाव को सुदृढ़ करना बताया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर प्रांगण से निकली भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें मातृ शक्ति की उल्लेखनीय भागीदारी रही। शोभायात्रा के दौरान हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास तथा स्थानीय श्री राम मंदिर के महंत को रथ पर विराजमान कर गाजे-बाजे के साथ कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और दीप प्रज्वलन के साथ सम्मेलन का औपचारिक शुभारंभ हुआ।

प्रारंभिक संबोधन में चुटिया श्री राम मंदिर के महंत ने वेद मंत्र का उल्लेख करते हुए समाज की संगठित शक्ति पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सनातन समाज को संगठित करने की आवश्यकता पहले से अधिक है और ऐसे आयोजन समाज को नई दिशा देने का कार्य करते हैं।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महंत राजू दास ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के संदर्भ में सम्मेलन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पिछले सौ वर्षों में संघ ने समाज संगठन, राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के लिए सतत कार्य किया है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के संघर्ष का उल्लेख करते हुए उन्होंने इसे सांस्कृतिक स्वाभिमान का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष के अवसर पर देश के लगभग एक लाख गांवों में हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं।

संघ के सह-सरकार्यवाह आलोक जी ने अपने संबोधन में एकता और संगठन की शक्ति को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि विविधता हिंदू समाज की विशेषता है, किंतु आवश्यकता पड़ने पर एक उद्देश्य के लिए संगठित होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सामाजिक समरसता पर बल देते हुए उन्होंने छुआछूत की भावना समाप्त करने का आह्वान किया और संत रविदास, मीराबाई तथा महर्षि वाल्मीकि जैसे महापुरुषों के उदाहरण प्रस्तुत किए।

### पंच परिवर्तन पर मंथन, राष्ट्रगीत के साथ सम्मेलन का हुआ समापन

उन्होंने पंच परिवर्तन-समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी भावना और नागरिक कर्तव्य की अवधारणा पर विस्तार से चर्चा की। पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में रांची की बदलती पर्यावरणीय स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता बताई।कार्यक्रम में बच्चों द्वारा रानी लक्ष्मीबाई की वीरता तथा सामाजिक विषयों पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की गई, जो आकर्षण का केंद्र रही। सम्मेलन में संत समाज, मातृ शक्ति, गायत्री परिवार, विश्व हिंदू परिषद, हिंदू जागरण मंच, मंदा पूजा समिति चुटिया तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मॉर्निंग वॉकर्स ने मनाया होली मिलन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मोरहाबादी स्थित चिल्ड्रेन पार्क में मॉर्निंग वॉकर ग्रुप द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में सम्मिलित होकर सभी को होली को शुभकामनाएं दीं। लोगों ने यह होली रांची वासियों के लिए सुख-समृद्धि और उल्लास लेकर आए ऐसी कामना करती हूं। उक्त अवसर पर रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ एवं रांची की मेयर रोशनी खलखो सहित मॉर्निंग वॉकर के साथ अन्य गणमान्य लोग सम्मिलित हुए। सभी को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने होली की शुभकामनाएं दीं।

## कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित

**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज, प्लेसमेंट सेल की ओर से इंफोसिस फाउंडेशन व लिनक्यू स्किल लिमिटेड के कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम पर रविवार को वेबिनार का आयोजन किया। उद्देश्य स्नातक और स्नातकोत्तर के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को निःशुल्क ऑफलाइन जॉब प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आमंत्रण देना था। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को नई तकनीकों की जानकारी, व्यावहारिक अनुभव और उद्योगों में काम करने का सही तरीका सीखने का अवसर मिलेगा। इससे उनके तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ आत्मविश्वास और कौशल में भी वृद्धि होगी। वेबिनार में बताया गया कि इस पहल को कई चरणों वाली प्रक्रिया के तहत तैयार किया गया है, ताकि प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं की पहचान की जा सके और उनकी प्रतिभा को निखारा जा सके। इसमें असेसमेंट टेस्ट होगा, जिसमें विद्यार्थी को एक एसेसमेंट टेस्ट देना होगा जिसमें उन्हें न्यूनतम 40 प्रतिशत स्कोर करना होगा। जो विद्यार्थी स्कोर हासिल करेंगे, उन्हें निःशुल्क ऑफलाइन इंफोसिस फाउंडेशन व लिनक्यू एनरिक्मेंट कोर्स करने का मौका मिलेगा । चयनित विद्यार्थियों को 30 दिन (80 घंटे) का निःशुल्क ऑफलाइन कौशल प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद विद्यार्थी को सीधे इंफोसिस फाउंडेशन और लिनक्यू लिमिटेड की ओर से प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

## शिव शिष्य परिवार ने प्रो. रामेश्वर मंडल को दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शिव शिष्य परिवार ने संस्था के अध्यक्ष स्वर्गीय प्रो. रामेश्वर मंडल को रविवार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शिव शिष्य परिवार के सलाहकार अर्चित आनंद ने प्रो. रामेश्वर मंडल की जीवनी पर प्रकाश डाला। वहीं कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन शिव के गुरु स्वरूप को जनमानस में स्थापित करने में अर्पित कर दिया और साहब श्री हरीन्द्रानंद जी के बताए रास्ते पर चलते रहे। शिव शिष्य की कार्यकारी अध्यक्ष बरखा आनंद ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर रत्नम,शिवकुमार, भूषण सहित सैकड़ो की संख्या में शिव शिष्य उपस्थित थे।



## मोरहाबादी की चौपाल : लोगों ने मनायी होली



**रांची।** मोरहाबादी की चौपाल में रविवार सुबह होली का रंगारंग मस्ती भरा कार्यक्रम आयोजित किया गया। ऑक्सीजन पार्क में घूमने वाले, खेलने वाले बच्चे,युवा सबने मिलकर जोरदार ढंग से रंग- गुलाल खेलते हुए होली का त्योहार मनाया व एक दूसरे से गले मिले। सब एक दूसरे के साथ रंग गुलाल खेलते रहे, कोई आपस में परिचित है या नहीं, किस जाति का है? किसी को इन बातों से कोई मतलब नहीं था। पूनम एवं कई सदस्यों ने होली के मस्ती भरी गाने गाए तो लोग थिरकने लगे। सभी ने जलेबी कचौड़ी का मजा लिया। कार्यक्रम का आयोजन संतोष अग्रवाल, सुशील उदयपुरी, जितेंद्र, ज्योति कुमारी, अजय तिर्की, ओम प्रकाश सिंह आदि ने किया। यह जानकारी वरिष्ठ नागरिक संतोष अग्रवाल ने दी।

## 'मीनू' मीना सिन्हा को मिला साहित्य भूषण सम्मान

**रांची।** वरिष्ठ साहित्यकार 'मीनू' मीना सिन्हा को उनके विशिष्ट साहित्यिक योगदान के लिए इंडिया नेटबुक्स साहित्य भूषण सम्मान (कविता) के लिए चयनित किया गया है। यह सम्मान बीपीए फाउंडेशन एवं इंडिया नेटबुक्स, नोएडा द्वारा प्रदान किया जाएगा। सम्मान समारोह का आयोजन 14 मार्च को दिल्ली स्थित होटल क्राउन प्लाज़ा, मयूर विहार फेज-1 में किया जाएगा। श्रीमती सिन्हा ने बताया कि प्रसिद्ध साहित्यकार ममता कालिया की अध्यक्षता में गठित चयन समिति ने पुरस्कार के लिए उनका चयन किया है। उन्हें चयन संबंधी जानकारी संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ संजीव कुमार द्वारा पत्र के माध्यम से दी गई है। 'मीनू' मीना सिन्हा के अब तक छह काव्य-संग्रह, एक संस्मरण तथा एक कहानी-संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं। वर्ष 2018 से 2025 के मध्य उनकी कुल आठ पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं, जो उनकी निरंतर सृजनशीलता, साहित्यिक प्रतिबद्धता और रचनात्मक सक्रियता को रेखांकित करती हैं।



**आज / कल**




## बरनवाल सेवा ट्रस्ट का होली मिलन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** बरनवाल सेवा ट्रस्ट के बैनर तले अहिबरन भवन में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में समाज के लगभग 200 पुरुष, महिला एवं बच्चों की सक्रिय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक नवीन जायसवाल, नवनिर्वाचित मेयर रोशनी खलखो, स्थानीय वार्ड कमिश्नर प्रदीप अग्रवाल तथा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ टीपी वर्णवाल सहित कई लोग उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त अरविंद कुमार, मनोज कुमार, मोतीलाल, पवन कुमार बरनवाल, अजित कुमार, उमेश कुमार, अनुज कुमार, अनिल कुमार समेत समाज के अनेक सदस्य कार्यक्रम में शामिल हुए। महिलाओं में ईरा बरनवाल, रितु बरनवाल, मीरा बरनवाल, खुशबू बरनवाल एवं बरनवाल समाज की अन्य महिलाओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही।

समारोह का शुभारंभ महाराजा अहिबरन जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इसके बाद सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई, जिसमें होली गीतों पर उपस्थित लोग झूमते नजर आए। पारंपरिक एवं लजीज व्यंजनों का भी सभी ने आनंद उठाया।

अंत में सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। अध्यक्ष डॉ टीपी वर्णवाल ने समाज के सभी सदस्यों को होली की बधाई देते हुए एकता एवं भाईचारे का संदेश दिया।

## श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में वृंदावन की तर्ज पर मना होली मिलन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** पुंदाग स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में फाल्गुन सतरंगी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। वृंदावन की तर्ज पर रंग, गुलाल और पुष्पों की सुगंध से पूरा मंदिर प्रांगण भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो उठा। समारोह में कोलकाता से पधारे कलाकारों ने राधा-कृष्ण पर आधारित मनोहारी नृत्य-नाटिका एवं जीवंत झांकियों की प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मंच पर सजी रासलीला की छटा ने भक्तों को ब्रज की गलियों का साक्षात दर्शन करा दिया। फूलों की होली कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही, जिसमें श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा के बीच भजनों पर भावविभोर हुए। संगीतमय भजन संध्या में भजन गायक मनीष सोनी एवं अन्य प्रसिद्ध कलाकारों ने होली के पारंपरिक एवं ब्रज शैली के भजनों से वातावरण को भक्तिरस में डुबो दिया। पूरा परिसर 'राधे-श्याम' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा इस अवसर पर श्री राधा रानी का विशेष श्रृंगार वृंदावन से मंगाए गए आकर्षक परिधानों एवं जड़ित आभूषणों से किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित अरविंद पांडे द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं महाभोग अर्पित किया गया। पूजा-अर्चना के पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया। 2 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



### एनयूएसआरएल में द्वितीय राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण विधि मूट कोर्ट प्रतियोगिता-2026 का भव्य समापन

# तकनीक के दौर में भी पुस्तकों का महत्व कम नहीं हुआ है : न्यायमूर्ति सुजीत नारायण

- न्यायमूर्ति आनंद सेन ने कहा कि फाइनल राउंड को जज करने का अवसर उनके लिए प्रेरणादायक अनुभव रहा

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एनयूएसआरएल) में द्वितीय राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण विधि मूट कोर्ट प्रतियोगिता-2026 का समापन समारोह आयोजित किया गया। समापन समारोह में झारखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद मुख्य अतिथि एवं न्यायमूर्ति आनंद सेन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मौके पर न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने अपने छात्र जीवन को स्मरण करते हुए कहा कि तकनीक के इस तीव्र दौर में भी पुस्तकों का महत्व कम नहीं हुआ है। उन्होंने बल दिया कि विधि की धाराओं और महत्वपूर्ण न्यायिक निर्णयों की गहन समझ के लिए मूल पाठ का अध्ययन अनिवार्य है। न्यायमूर्ति आनंद सेन ने कहा कि फाइनल राउंड को जज करने का अवसर उनके लिए प्रेरणादायक अनुभव रहा। उन्होंने प्रतिभागियों की तार्किक क्षमता और प्रस्तुतीकरण कौशल की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि न्याय व्यवस्था की नई पीढ़ी सशक्त और सक्षम है। साथ ही, उन्होंने शोध और तकनीक के संतुलित एवं विवेकपूर्ण उपयोग पर भी जोर दिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) अशोक आर. पाटिल ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों एवं आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विधि शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करते हैं और विद्यार्थियों को व्यावसायिक उत्कृष्टता की दिशा में प्रेरित करते हैं। समारोह के दौरान प्रो. (डॉ.) उदय शंकर के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया गया, जिनके मार्गदर्शन में प्रतियोगिता का सफल आयोजन संभव हुआ। आयोजन समिति ने सभी अतिथियों, न्यायाधीशों, संकाय सदस्यों, स्वयंसेवकों एवं प्रतिभागियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के सहयोग से, उपभोक्ता अनुसंधान एवं नीति अध्यासन के तत्वावधान में किया गया। इस मूट कोर्ट प्रतियोगिता के लिए देशभर के राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों, केंद्रीय विश्वविद्यालयों तथा प्रतिष्ठित निजी विधि संस्थानों सहित कुल 43 टीमों ने पंजीकरण कराया। कठोर स्मारिका (मेमोरियल) मूल्यांकन के उपरांत 18 टीमों को मौखिक चरण के लिए चयनित किया गया। प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 1,00,000 रूपए निर्धारित की गई थी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान राष्ट्रीय विधि संस्थान विश्वविद्यालय (एनएलआईयू), भोपाल को मिला।

अन्य प्रमुख परिणाम इस प्रकार रहेः
बेस्ट स्पीकर (महिला): संचिता त्रिपाठी, विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज - टीसी, जीजीएसआईपीयू व
बेस्ट स्पीकर (पुरुष): रिधम गुप्ता, दामोदरम संजीवय्या राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह द्वारा किया गया था।

द्वितीय राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण विधि मूट कोर्ट प्रतियोगिता-2026 ने पुनः सिद्ध किया कि मूट कोर्ट प्रतियोगिताएं विधि शिक्षा में उत्कृष्टता और भावी अधिवक्ताओं के व्यावसायिक विकास का सशक्त माध्यम हैं।

## होली को लेकर खलारी थाना में शांति समिति की बैठक

**खलारी।** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रविवार को खलारी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी पुनि जयदीप टोप्पो ने की। बैठक में उपस्थित लोगों ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे, सद्भाव और सामाजिक एकता का प्रतीक है। खलारी क्षेत्र हमेशा से आपसी सौहार्द के लिए जाना जाता रहा है और इस पहचान को बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पर्व को कानून व्यवस्था के दायरे में रहकर शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई। डीएसपी आरएन चौधरी एवं सीओ प्रणव अम्बष्ट ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को जबरन रंग न लगाया जाए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि रमजान माह में मुस्लिम धर्मावलंबी रोजा रखते हैं, इसलिए होली के दिन आते-जाते उन्हें रंग नहीं लगाया जाए। यदि कोई मुस्लिम मित्र स्वयं की इच्छा से रंग खेलना चाहें तो ही रंग लगाएं। किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था संबंधी सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को देने की अपील की गई। थाना प्रभारी ने जानकारी दी कि होली को लेकर सोमवार से बुधवार तक केडी बाजार में नो-इंट्री का समय बढ़ाकर रात नौ बजे तक कर दिया गया है ताकि आम लोगों को परिवार के साथ खरीदारी में सुविधा हो सके।

## न्यूज बॉक्स

### होली पर्व को लेकर पिठोरिया थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



**पिठोरिया।** पिठोरिया थाना परिसर में रविवार को होली पर्व को लेकर शांति समिति की एक बैठक थाना प्रभारी सतीश कुमार पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मौके पर रांची वन डीएसपी अमर कुमार पांडे और सर्किल इंस्पेक्टर असित मोदी, एस आई संतोष कुमार यादव विशेष रूप से मौजूद थे। मौके पर शांति समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए डीएसपी अमर कुमार पांडे ने कहा की होली मोहब्बत और भाईचारे का त्यौहार है, इसे सभी मिल जुलकर आनंदपूर्वक माहौल में मनाए। साथ ही सोशल मीडिया पर कोई भार्मिक खबर न फैलने की अपील लोगों से की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों में चौरासी महा पंचायत के अध्यक्ष मजीद अंसारी, रंगनाथ राम, अनिल केसरी, पूर्व जिला परिषद ऐनुल हक अंसारी,दीपक चौरसिया, मुख्तार अंसारी, हाफिज अंसारी सहित कई वक्ताओं ने अपनी बात रखी जिसमें होली में ज्यादा साउंड वाला डीजे का उपयोग न करें एवं एक दूसरे को मोहब्बत और प्यार से होली लगाने ,होलिका दहन काली सड़क के बीच में ना करने एवं नशे का प्रयोग ना करने आदि बातें सर्वसम्मति से पारित की गई ।मौके पर सुरेश राम, मोहम्मद वैस आलम, दीपक दास जुल्फिकार अली भोला खान, नकुल महतो सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### रिवोल्ट जनमंच ने सोपारोम में मनाया प्रकृति के संग होली महोत्सव




**नामकुम।** सोपारोम स्थित एक फार्म हाउस में रविवार को होली महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रांची रिवोल्ट जनमंच के द्वारा किया गया। आयोजन की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता प्राकृतिक फूल पलाश के रंग से खेला गया। इस महोत्सव में विशेष रूप से कलाकारों के द्वारा अपनी प्रस्तुति दी गई। सामाजिक-वैचारिक संगठन रांची रिवोल्ट जनमंच के संयोजक डॉ प्रणव कुमार बब्बू ने बताया कि इस होली महोत्सव का मुख्य उद्देश्य प्रकृति के सानिध्य में इस महोत्सव के आयोजन के साथ ही कलाकारों की आपसी एकजुटता और उनकी क्षमता में वृद्धि करना था। इसके साथ ही आज हुए विचार विमर्श में मुख्य मुद्दा यह भी था कि वर्तमान स्वरूप में झारखंड की सांस्कृतिक समृद्धि के लिए जमीनी स्तर पर जुड़े यहां के कलाकार आपसी एकजुटता के बलबूते अपना ऐसा प्लेटफार्म तैयार करें जो न केवल उन कलाकारों की आकांक्षाओं, अपेक्षाओं एवं जरूरतों की पूर्ति करता हो बल्कि झारखण्ड की संस्कृति को भी व्यापक स्वरूप में पूरे देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत कर सके।

नृत्यांजलि डांस एकेडमी (शक्ति ग्रुप) के सहयोग से आयोजित इस महोत्सव में मुख्य रूप से सिम्मी गोस्वामी, सुजाता भकत, लोकृति कुमारी, पंकज श्रीवास्तव, सोनी पाण्डेय, रिंकी कुमारी, मंजूषा कुमारी, मनीषा कुमारी, खुशी कंकन, सूरज कुमार सिन्हा, उपेन्द्र कुमार बब्लू, प्रिया कुमारी, पूजा चौधरी, संतोष, दीपक, आह्लाद स्वांसी, सूरज विकास मिंज, रविन्द्र कौर सहित अनेक लोग शामिल हुए।

### मांडर के कंदरी में होली मिलन समारोह आयोजित, क्षेत्र के कई लोग हुए शामिल



**मांडर।** मांडर कंदरी स्थित पारस प्रसाद सिन्हा के आवास पर रविवार को होली मिलन समारोह का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं स्थानीय लोगों ने आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ रंगों का पर्व मनाया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को रंग व गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा पारंपरिक मिठाइयों का आनंद लिया। होली मिलन समारोह में पूरे वातावरण में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर पारस प्रसाद सिन्हा ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि होली आपसी मतभेद भुलाकर समाज में प्रेम और भाईचारे को मजबूत करने का पर्व है।
समारोह में बीएन गोप, शालीवाहन कुमार, विनीत कुमार, महेंद्र यादव, सुबोध शर्मा, सृष्टि गौरव ,टेकनारायण शर्मा, मुन्ना प्रसाद, राजीव नंदन प्रसाद सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे। सभी ने मिलकर शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली का पर्व मनाया और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

### परिवर्तन और चुनौतियों के दौर में महिलाओं की भूमिका अहमः आर्च बिशप

रांची। रांची आर्च डायसिस कैथोलिक महिला संघ का 62वीं वार्षिक आमसभा रविवार को हुई। आयोजन ईश माता माइन बसीलिका चर्च राजा उलहातू में हुई। इसमें पूरे आर्च डायसिस से 15 हजार से अधिक महिलाओं ने शिरकत की। मुख्य मिस्सा अनुष्ठान की धर्मविधि आर्च बिशप विसेंट आइंद ने पूरी कराई। मुख्य विषय पर फादर फ्रांसिस मिंज ने कहा कि हम परिवर्तन अनिश्चितता और जटिलताओं से भरी दुनिया में जी रहे है। ऐसी परिस्थितियों में महिलाओं को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। कहा कि महिलाएं सम्मान मानवीय गिरमा के साथ सृजित की गई है। वे शिक्षिका, परिश्रमी संरक्षक, संवेदनशीलता और ज्ञान से परिपूर्ण होती है। आज परिवार के परिवर्तन, शिक्षा, परिवारिक विश्वास निर्माण, धार्मिक बुलाहट और सामाजिक परिवर्तन में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। इसी क्रम में झारखंड सरकार प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्ष रंजीता हेम्ब्रोम ने आधुनिक कलीसियाई जीवन में महिलाओं के परिवार निर्माण पर अपना विचार रखी। खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि केवल आर्थिक उन्नति ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि आध्यात्मिक गहराई और जीवन में संतुलन भी आवश्यक है। मौके पर फादर आनंद डेविड खलखो, सिस्टर दोरोथिया कुल्लू, सिसटर सेलिन खलखो, डीन फादर अलबर्ट लकड़ा, संघ की सभानेत्री मनीषा टोप्पो,, महासचिव फ्रांसिस्का खलखो, श्रद्धा बारला, सुशीला तिग्गा, स्टेला सोय, बेनेदिक्ता सहित कई महिलाएं मौजूद थे।

## गायत्री प्रज्ञा पीठ में दिनेश पांडेय 'घंटु' का सम्मान, सहायक प्रबंध ट्रस्टी बने



**खलारी।** गायत्री परिवार ट्रस्ट खलारी के नवनिर्वाचित सहायक प्रबंध ट्रस्टी के रूप में दिनेश पांडेय 'घंटु' के मनोनयन पर रविवार को गायत्री प्रज्ञा पीठ खलारी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ट्रस्टी रामदेवप्रसाद अग्रवाल ने की। इस अवसर पर मुख्य ट्रस्टी रामदेवप्रसाद अग्रवाल एवं ट्रस्टी रेणुका सिंह ने दिनेश पांडेय एवं उनकी धर्मपत्नी को फूल-माला पहनाकर तथा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में दिनेश पांडेय ने कहा कि उन्हें मंदिर की जो नई जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी ट्रस्टियों एवं श्रद्धालुओं के सहयोग से मंदिर के संचालन को व्यवस्थित और सुदृढ़ बनाया जाएगा। मंदिर का सही तरीके से संचालन एवं उसका सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। कार्यक्रम के दौरान प्रव्रिाजक ललन प्रसाद ने पूरे परिवार की उपस्थिति में नवनियुक्त ट्रस्टी के लिए विशेष हवन-पूजन कराया। धार्मिक अनुष्ठान में अन्य ट्रस्टियों के साथ गायत्री परिवार से जुड़े महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सामूहिक आरती के पश्चात उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

समारोह में मुख्य रूप से अजय सिंह, हरगोविंद पासवान, अरुण चौरसिया, राजेंद्र चौहान, रेणुका सिंह, यशवर्धन साहू, पंकज कुमार, कांति देवी, मंजु देवी, ललिता देवी, सरिता कुमारी, कंचन देवी, सावित्री देवी, स्वाती कुमारी, खुशी सिंह, सिया कुमारी, आरती देवी, माही कुमारी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।

## श्री सर्वेश्वरी समूह ने लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**रांची।** रातू स्थित टिकरा टोली में रविवार को श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा निःशुल्क चिकित्सा सह दवा वितरण शिविर लगाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अघोरेश्वर भगवान राम और बाबा गुरुपद संभव राम के पूजन से हुआ। डॉ. एसएन सिन्हा और डॉ. रंजन नारायण सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें मुफ्त दवाइयां प्रदान कीं। इस सेवा कार्य में धर्मेंद्र कुमार सिंह और जितनंदन महतो सहित समूह के अनेक सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। लोगों निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगने से काफी खुश नजर आ रहे थे। लोगों का कहना था कि इस तरह शिविर लगने हर बीमारियों का पता चल जाता है और लोग इसक इलाज अच्छी तरह करा सकते हैं। शिविर में जांच के बाद दवाईयों का भी प्रबंध रहता है जो गरीबों के लिए काफी सहायता की बात समझी जाती है। इस शिविर में काफी लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई।

### तेज रफ्तार हाइवा दुर्घटनाग्रस्त, चालक सुरक्षित

## ग्रामीणों ने की स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग

- पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाने की प्रक्रिया प्रारंभ की, मामले की जांच में जुटी

**नवीन मेल संवाददाता**




**खलारी।** टोरी साइडिंग (चंदवा) से कोयला खाली कर पांडु कोलियरी की ओर जा रहा एक तेज रफ्तार हाईवा रविवार सुबह लगभग आठ बजे खलारी स्थित जी-टाइप के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार चालक सुबोध कुमार (निवासी- नएपारम, टंडवा) हाईवा संख्या जेएच02बीजे/4759 लेकर जा रहे थे। इसी दौरान सड़क किनारे एक अन्य हाईवा खड़ा था। तेज रफ्तार के कारण संतुलन बिगड़ गया और उनका वाहन खड़े हाईवा से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हाईवा का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद चालक केबिन में फंस गया था, जिसे स्थानीय लोगों की तत्परता से सुरक्षित बाहर निकाला गया। राहत की बात यह रही कि चालक की जान बाल-बाल बच गई। घटना की सूचना मिलते ही खलारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है तथा मामले की जांच की जा रही है। दुर्घटना के बाद जी-टाइप क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। लोगों का कहना है कि इस सड़क पर आए दिन तेज रफ्तार हाईवा के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। भारी वाहनों की रफ्तार इतनी अधिक रहती है कि गली-मोहल्लों से मुख्य सड़क पर निकलने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने विशेष रूप से स्कूल आने-जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। उनका कहना है कि बच्चों को सड़क पार करने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है और हर समय दुर्घटना का भय बना रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अविलंब जी-टाइप क्षेत्र में दो से तीन स्थानों पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है।

## हादसे में मृत दो लोगों का हुआ अंतिम संस्कार, उमड़ी भीड़

**मुरहू।** रविवार को रोड़ो गांव में आयोजित शोक सभा एवं मिट्टी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। शनिवार को टेम्पो दुर्घटना में मृत मुरहू के रोडो गांव के दो लोगों और शनिवार को बीमारी के कारण विधायक प्रतिनिधि डिक्सन पूर्ति के पिता तीन लोगों की दुखद मृत्यु हो गई थी। इस हृदयविदारक घटना से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।
रविवार को दुर्घटना में मृत दोनो व्यक्तियों एवं बीमारी से मृत मुखिया के दिवंगत पिता के शव का रविवार को पारंपरिक तरीके से अंतिम संस्कार किया गया।
इस अवसर पर झामुमो जिला अध्यक्ष जुबेर अहमद, विधायक रामसूर्या मुंडा भी उपस्थित रहे। दोनों नेताओं ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना प्रकट की और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा की जिला कमेटी के सुशील पाहन, मकसूद अंसारी सहित कई पदाधिकारी और सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### अति सुदूरवर्ती गांव में विकास भारती ने खोला कोचिंग सेंटर

## ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है : अशोक भगत

**नवीन मेल संवाददाता**



**खूंटी।** जिले के अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र अड़की प्रखंड के सुदूरवर्ती कोटा गांव में शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। समाजसेवी संस्था विकास भारती द्वारा संचालित ट्राइबल स्टडी सेंटर के अंतर्गत एक नए कोचिंग सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर संस्था के सचिव पद्मश्री अशोक भगत ने कहा कि ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल सही मार्गदर्शन और संसाधनों की है। उन्होंने बताया कि इस कोचिंग सेंटर के माध्यम से बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ उनके बौद्धिक विकास के लिए आवश्यक शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। प्राथमिकता के आधार पर बच्चों की जरूरतों की पूर्ति सुनिश्चित की जाएगी, ताकि वे प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में आगे बढ़ सकें। उन्होंने विशेष रूप से गौरमोहन सिंह मुंडा और प्रियवर्त नाग जैसे युवाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे समर्पित युवा ही दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा की नई अलख जगा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रो. प्रदीप मुंडा, महावीर सिंह मुंडा, गुरुवा मुंडा, श्यामलाल मुंडा, बसंत ओहदार, रवींद्र भगत सहित पंचायत क्षेत्र के अनेक अभिभावक और बच्चे उपस्थित रहे।

## क्षत्रिय परिवार में भोजपुरी होली गीत से सजा माहौल

रांची। होली का समय आते ही चारों ओर होली का महोत्सव नजर आने लगता है। लोग पहले से ही गुलाल और अबीर लगाकर एक दूसरे को बधाई देने लगते हैं। चारों ओर उत्साह का माहौल नजर आने लगता है। क्षत्रिय परिवार बरियातू की ओर से रविवार को एक बैंक्वेट हॉल में होली महोत्सव हुआ। भोजपुरी होली गीत से माहौल घंटों तक होलियाना बना रहा। समाज के आदित्य अमृताश व थ्रो बॉल की राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी सुरभि सिंह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, महापौर रोशनी खलखो, चतरा के पूर्व सांसद सुनील सिंह, पूर्व विधान पार्षद प्रवीण सिंह, अजयनाथ शहदेव, राजा आदित्य प्रताप सिंहदेव, नृप आदित्य सिंहदेव, पार्षद प्रीति रंजन समेत अन्य शामिल हुए।

**सौहार्द** सिल्ली थाना में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

# होली भाईचारे का पर्व है : थाना प्रभारी

- होली पर्व के नाम पर हुड़दंग कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिल्ली।** सिल्ली थाना परिसर में रविवार के दिन संध्या 4 बजे होली पर्व को लेकर जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, सामाजिक कार्यकर्ता एवं शांति समिति के सदस्यों के बीच थाना प्रभारी नवीन कुमार के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन मोहम्मद फारूक ने किया। थाना प्रभारी नवीन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का पर्व है।रंग खेलना खुशी का प्रतीक है लेकिन किसी को जबरन रंग न लगायें। उन्होंने भाईचारा बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि अफवाहों को दरकिनार करते हुए आपसी भाईचारा बनाए रखें ताकि माहौल खुशनुमा बना रहे।
आगे कहा कि होली पर्व के नाम पर हुड़दंग कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कानून व्यवस्था सुदृढ़ रहेगी साथ ही पुलिस की नियमित गश्ती बढ़ाई जाएगी।
वहीं मुरी ओपी प्रभारी राहुल कुमार मेहता ने कहा कि होली को सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।बैठक के अंत में उपस्थित लोगों ने क्षेत्र में विभिन्न समस्याओं पर ध्यान आकर्षित कराते हुए प्रशासन से त्योहार के मौके पर शराबियों एवं हुड़दंगियों पर विशेष नजर रखने की बातें कहीं और प्रशासन को पूर्ण सहयोग करने का भरोसा दिलाया।

## ब्रह्माकुमारी केंद्र में होली पर हुई आध्यात्मिक संगोष्ठी

रांची। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र चौधरी बगान (हरमू रोड) में होली पर आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े गणमान्य अतिथियों ने होली के आध्यात्मिक महत्व पर अपने विचार रखे। मुख्य वक्ता झारखंड प्रदेश मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री विनोद जैन ने कहा कि होली "बीती सो बीती" का संदेश देती है और क्षमा के साथ नई शुरुआत का मार्ग प्रशस्त करती है। ईश्वर की स्मृति में रहकर आत्मा को शुद्ध और सुखद बनाना ही सच्ची होली है। वीरेंद्र कुमार (पतंजलि नगर प्रभारी) ने कहा कि होली आत्मा को शांति, प्रेम, पवित्रता और आनंद के दिव्य रंगों में रंगने का पर्व है। अधिवक्ता कौशल राजगढ़िया ने पवित्रता को सतयुग स्थापना का आधार बताते हुए संस्कार परिवर्तन पर बल दिया। डॉ. आशीष भगत ने कहा कि हमारे सभी पर्व आत्मिक परिवर्तन की याद दिलाते हैं। अमित अग्रवाल ने मन-कर्म-वचन की शुद्धता को पवित्रता का वास्तविक अर्थ बताया। सुनील गुप्ता (सेवानिवृत्त एजीएम, एसबीआई) ने होलिका दहन को काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे विकारों को ज्ञानाग्नि में समर्पित करने का प्रतीक बताया। केंद्र संचालिका निर्मला बहन ने कहा कि परमात्मा के संग का रंग अविनाशी है। कार्यक्रम में गाइडेड मेडिटेशन के माध्यम से राजयोग का अभ्यास कराया गया।

गुलाल की उड़ती बौछारों से माहौल हुआ होलिमय, हर्बल उत्पादों के प्रयोग का संदेश

# सवर्ण समाज ने मनाया फाग महोत्सव, एकता व सौहार्द्र भाव के साथ होली खेलने की अपील



नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** वीर कुंवर सिंह पथ स्थित स्थित क्षत्रिय धर्मशाला में सवर्ण समाज एकता मंच की ओर से भव्य फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बरही, बरसोत, खेरौन, कटियोन, बरहीडीह, गौरिया करमा, करसो, डुमरडीह सहित आसपास के गांवों से सवर्ण समाज के दर्जनों लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ सदस्य कामेश्वर सिंह ने की, जबकि संचालन सोनू कुमार पांडेय ने किया। कार्यक्रम दो सत्र में आयोजित हुआ। जिसका शुभारंभ मां भारती व भवानी के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। संबोधन सत्र में समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने सवर्ण समाज की एकता और आपसी सौहार्द को मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में फाग महोत्सव की शुरुआत हुई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। अनुज सिंह की अगुवाई में कीर्तन मंडली द्वारा फगुआ गीत प्रस्तुत किए गए। गायक प्रदीप पांडेय, लंकेश पांडेय और मोती सिंह के गीतों पर उपस्थित लोग देर तक झूमते रहे। गुलाल की उड़ती बौछारों से पूरा परिसर होलिमय हो गया और कार्यक्रम देर संध्या तक चलता रहा। अंत में सभी ने प्रेम, शांति और सौहार्द के साथ हर्बल रंग-गुलाल से होली मनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रो. मिथिलेश सिंह, डोमन पांडेय, राजदेव सिंह, सत्येंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, किशोर सिंह, बिनोद कुमार सिंह, चंद्रदीप कुमार सिंह, अवधेश सिंह, अभिषेक सिंह, संतोष बख्शी, अरुण बख्शी, अमरनाथ प्रधान, अनिल बख्शी, रामजी उपाध्याय, राजेंद्र सिंह, अशोक कुमार सिंह, फुलेश्वर सिंह, लालकेश्वर सिंह, राकेश पांडेय, प्रकाश सिंह, अश्वनी कुमार सिन्हा, विमल कुमार बख्शी, अमित रंजन, संतोष सिंह, सुशील सिंह, दिलीप सिंह, सचिन सिंह, बृंदा सिंह महेश सिंह, विजय सिंह आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यालय में होली मिलन समारोह मनाया गया



**बरकट्ठा।** भारतीय जनता पार्टी के आवासीय कार्यालय बरकट्ठा में होली मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास एवं पारंपरिक उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक अमित कुमार यादव ने की।वहीं मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी उपस्थित रहीं। समारोह के दौरान अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक पारंपरिक होली गीत प्रस्तुत किए गए, जिस पर उपस्थित लोग झूमते नजर आए। पूरा वातावरण होली के रंग और उल्लास से सराबोर रहा। इस अवसर पर विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि भाजपा आवासीय कार्यालय में पिछले कई वर्षों से होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य आपसी मतभेद और गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाना तथा सामाजिक एकता और भाईचारे को मजबूत करना है। साथ ही उन्होंने सभी लोगों से होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष टिंकू प्रसाद, अनिल आजाद, टुकलाल नायक, वीरेंद्र मोदी सहित कई कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### झारखंड राज्य पेंशनर समाज का होली मिलन संपन्न, 25 मार्च को काला दिवस मनाने का निर्णय



**बरही।** झारखंड राज्य पेंशनर समाज की अनुमंडल शाखा बरही की बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन प्रखंड परिसर स्थित पूर्वी पंचायत भवन में किया गया। जिसकी अध्यक्षता राजेंद्र रुखरियार ने की, जबकि संचालन तोखन प्रजापति ने किया। बैठक में राज्य स्तर से निर्देशित कार्यक्रमों की जानकारी सदस्यों को दी गई। साथ ही राष्ट्र स्तर पर निर्देशित 25 मार्च को "काला दिवस" मनाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। इस बाबत उपायुक्त कार्यालय के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा गया । बैठक के उपरांत होली मिलन समारोह आयोजित हुआ, जिसमें सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सभी से अपील की गई कि होली का पर्व आपसी प्रेम, शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मिलजुल कर मनाएं। समाज की अगली बैठक 10 अप्रैल को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में राजेंद्र रुखरियार, तोखन प्रजापति, राधानाथ भगत, मुरली प्रसाद, संजय सिंह एवं राम लखन यादव उपस्थित थे।

### मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, 108 लीटर तैयार की गई अवैध विदेशी शराब बरामद



**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर में अवैध शराब के निर्माण बिक्री संचय के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। हजारीबाग उपायुक्त के आदेश पर होली एवं रामनवमी पर्व के मद्देनज़र अवैध शराब कारोबार के विरुद्ध सहायक आयुक्त उत्पाद के निर्देश पर पुलिस ने कार्रवाई किया। छापामारी का नेतृत्व एसआई सुमित कुमार, एएसआई सैयद बशीरुद्दीन, एएसआई एंथोनी बाजे, आलोक कुमार सिंह समेत अन्य लोग शामिल थे। पुलिस ने ग्राम पहाड़पुर निवासी सहदेव मांझी पिता किशुन मांझी के घर से अवैध विदेशी शराब निर्माण करने की मिनी फैक्ट्री का उदभेदन किया। पुलिस ने घटनास्थल से विभिन्न ब्रांडों के कुल 108 लीटर तैयार किया हुआ अवैध विदेशी शराब बरामद किया। साथ ही करीब 200 लीटर तैयार रंगीन शराब, 5 लीटर कैरामेल, विभिन्न ब्रांड के खाली बोतल, लेबल, ढक्कन, आसंजक, कार्टन, शराब तैयार करने का बर्तन, ड्राम भी जब्त किया गया है। इस बाबत शराब कारोबार में संलिप्त अभियुक्तों की पहचान कर उनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज करने की प्रक्रिया पूर्ण किया गया।

### कुडमी समाज के सैकड़ों लोग रांची में आयोजित महारैली में शामिल होने रवाना



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के सीरु बुधबाजार से कुडमी समाज के सैकड़ों लोग अपने संवैधानिक अधिकारों की मांग को लेकर आयोजित कुडमी अधिकार महारैली में शामिल होने रांची रवाना हुए। इस दौरान समाज में खासा उत्साह और एकजुटता देखने को मिली। इस अवसर पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि कुडमी समाज वर्षों से अपने अधिकारों के लिए संघर्षरत है, लेकिन अब यह आंदोलन निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब समाज को पूरी मजबूती और एकता के साथ अपने संवैधानिक अधिकारों की मांग सरकार के समक्ष रखनी चाहिए। सुधीर मंगलेश ने आगे कहा कि कुडमी समाज ने हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान किया है और यह आंदोलन भी शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से चलाया जा रहा है। उन्होंने युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों से एकजुट होकर संघर्ष को मजबूती देने की अपील की। उन्होंने कहा कि कुडमी समाज की मांगें पूरी तरह न्यायोचित और संविधान सम्मत हैं, जिस पर सरकार को गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र ठोस एवं सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए।

### इनरव्हील क्लब ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन



**रामगढ़।** इनरव्हील क्लब ऑफ रामगढ़ द्वारा रंगों के पावन पर्व होली के उपलक्ष्य में एक उल्लासपूर्ण होली मिलन समारोह का आयोजन अनुराधा श्रॉफ और नमिता श्रॉफ के निवास स्थान पर किया गया। कार्यक्रम में क्लब की सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, मनोरंजक खेल तथा गीत-संगीत का आयोजन किया गया, जिससे माहौल पूरी तरह उत्सवमय बन गया। सदस्यों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेते हुए आपसी स्नेह और एकता को और मजबूत किया। कार्यक्रम के दौरान विजेताओं एवं उपस्थित सदस्यों को आकर्षक उपहार भी प्रदान किए गए, जिससे उत्साह और बढ़ गया। क्लब अध्यक्ष नमिता श्रॉफ ने अपने संदेश में कहा कि ऐसे आयोजन आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं रंगों की खुशियों के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस मौके पर जनेशा वडेरा, मेघा बागरिया,निधि चौधरी, नीरु साहनी, शर्मिष्ठा दत्ता,अनुराधा श्रॉफ,रंजू अग्रवाल, राजिंदर बुढ़वाल, दीपा वडेरा,राजिंदर कालरा, रंजू अरोरा,मनबीर कौर,परमजीत भुसरी, बलविंदर कौर, पिंकी पोद्दार,मीरा बगारिया, उर्मिला बगारिया, श्वेता जैन, नयन मेवाड़,नवलजीत कौर,जसबिंदर होरा, ममता अग्रवाल, जसप्रीत कौर, गुरबक्श कौर,हरमीत कौर, मधु अग्रवाल,विनीता अग्रवाल, पिंकी बंसल,हरमीत कौर,अंबाली जैन,पूनम सिंघानिया , प्रियंका जैन,पम्मी गांधी,ममता वसंत आदि मौजूद थीं।

## गांव में जंगली हाथी की दस्तक, प्रशासन ने जारी की सतर्कता अपील


**बरही।** देर रात्रि शनिवार को रानीचुवा पंचायत के कूटमा गांव क्षेत्र में जंगली हाथी के आने की सूचना प्राप्त हुई है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) जयपाल महतो ने जानकारी देते हुए आसपास के सभी पंचायतों के ग्रामीणों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। बीडीओ श्री महतो ने बताया कि हाथी के मूवमेंट की सूचना मिलते ही संबंधित विभाग को सतर्क कर दिया गया है। वन विभाग की टीम स्थिति पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें, खासकर रात के समय सतर्क रहें तथा बच्चों को अकेले बाहर न जाने दें। प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि हाथी को देखने के लिए भीड़ न लगाएं, उसे उकसाने या भगाने का प्रयास न करें। किसी भी प्रकार की गतिविधि या हाथी के दिखने की सूचना तुरंत स्थानीय प्रशासन या वन विभाग को दें। प्रशासन ने सभी मुखिया, जनप्रतिनिधि एवं पंचायत प्रतिनिधियों से भी अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता बरतने और लोगों को जागरूक करने का आग्रह किया है। जानकारी मिलते हीं वन विभाग और प्रशासन के माई किंग के माध्यम से गांव वालों को सजग किया गया ।

उप विकास आयुक्त ने की जेएसएलपीएस कार्यों की समीक्षा, कहा-

# सामुदायिक निवेश निधि के उपयोग की जांच सुनिश्चित करें

- आजीविका गतिविधियों से जोड़कर लोगों की आय में वृद्धि सुनिश्चित की जाए

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** जिला समाहरणालय में उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल की अध्यक्षता में झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा निर्मित संकुल संगठन एवं उनके अंतर्गत की जाने वाले कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में ग्रामीण आजीविका संवर्धन, वित्तीय प्रबंधन, ऋण प्रणाली एवं भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। उप विकास आयुक्त ने संकुल संगठन-वार प्राप्त फंड एवं ग्रांट की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने रिवॉल्विंग फंड एवं सामुदायिक निवेश निधि के उपयोग की नियमित जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में (सूक्ष्म ऋण योजना) के माध्यम से ऋण स्वीकृति एवं वितरण की प्रक्रिया की समीक्षा की गई। यह देखा गया कि किस प्रकार समूह द्वारा प्रस्ताव तैयार कर उसे संकुल संगठन स्तर पर अप्रेजल किया जाता है और स्वीकृति के पश्चात ऋण प्रदान किया जाता है। साथ ही, दीदियों द्वारा लिए गए ऋण के पुनर्भुगतान की अद्यतन स्थिति तथा ऋण के पश्चात प्रारंभ की गई आजीविका गतिविधियों की जमीनी हकीकत की जांच, सतत निगरानी एवं सत्यापन की जिम्मेदारी सीएलएफ के ओबी सदस्यों को सौंपी गई। बैठक में जेंडर रिसोर्स सेंटर की कार्यप्रणाली एवं शिकायत निवारण तंत्र की समीक्षा की गई।

इंटेग्राटेड फार्मिंग सेंटर के माध्यम से कृषि उत्पादों को संग्रहसन एवं उनकी बेहतर मार्केटिंग रणनीति तैयार करने पर बल दिया गया, ताकि संकुल संगठन को अधिक लाभ प्राप्त हो तथा दीदियां आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। पतरातू पंचायत भवन के बंद कक्ष को जेंडर रिसोर्स सेंटर कार्यालय के रूप में उपयोग करने के लिए बीडीओ से समन्वय कर उसे शीघ्र चालू कराने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि सभी समूह सदस्यों को एक से अधिक आजीविका गतिविधियों से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित की जाए।

बैठक के अंत में सखी मंडल की दीदियों द्वारा निर्मित रसायन मुक्त हर्बल गुलाल उप विकास आयुक्त को भेंट किया गया। उप विकास आयुक्त ने दीदियों के प्रयासों की सराहना करते हुए स्वयं हर्बल गुलाल लगाकर बैठक का समापन किया।

## अजप्ता बरकट्ठा इकाई का होली मिलन, सम्मान समारोह का भी आयोजन

**बरकट्ठा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ प्रखंड इकाई बरकट्ठा के तत्वावधान में सूर्यकुंड धाम परिसर में रविवार को होली मिलन सह सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजप्ता जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार,बरकट्ठा के पूर्व बीईईओ सुरेंद्र हेम्ब्रम,बीईईओ किशोर कुमार ,श्रीकांत सिंहा प्रदेश समिति सलाहकार ,रंजीत वर्मा जिला अध्यक्ष, समेत अन्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन मो0 रियाजुद्दीन ने किया।इस दौरान होलियाना गीत संगीत व जोक्स का दौर चलता रहा। तत्पश्चात अजप्ता प्रखंड इकाई द्वारा सभी अतिथियों ,नव नियुक्त शिक्षकों,सीआरपी,सेवानिवृत्त शिक्षकों व मिजिसियन को माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।वहीं शिक्षक यमुना साव के होलियाना चुटकीले, रामचंद्र प्रसाद के पारंपरिक होली गीत ने खुब रंग जमाया। वहीं दोनो बीईईओ के द्वारा होली की बधाई व आशीर्वचन दी गई। अजप्ता प्रखंड अध्यक्ष ने होली की शुभकामनाएं देते हुए संघ के विचारों से लोगों को अवगत कराया और कहा कि होली भाईचारे की तैयोहार है।

## फगुआ गीतों की धुन पर झूमे ग्रामीण, एकता का दिया संदेश



**बरही।** धनवार पंचायत के कोरियाडीह शिव मंदिर प्रांगण में मुखिया राजेंद्र प्रसाद की अगुवाई में भव्य होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी सद्भाव, भाईचारे और सांस्कृतिक विरासत को सहेजना रहा। समारोह का मुख्य आकर्षण गायक जीतू झारखंडी और उनकी ऑर्केस्ट्रा टीम रही। टीम ने पारंपरिक फगुआ गीतों और ढोल-नगाड़ों की थाप पर ऐसी प्रस्तुति दी कि उपस्थित जनसमूह झूमने पर मजबूर हो गया। हवा में उड़ते अबीर-गुलाल और जीतू झारखंडी के गीतों ने पूरे वातावरण को उल्लास से भर दिया। इस अवसर पर मुखिया श्री प्रसाद ने उपस्थित लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक एकता का प्रतीक है। हमें इसी एकजुटता और सौहार्दता के साथ होली मनाएं और पंचायत के सर्वांगीण विकास में भागीदार बने। कार्यक्रम में बुजुर्गों से लेकर बच्चों तक ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर पर्व की बधाई दी।

## गिद्दी पुलिस ने 5 फरार वारंटियों के घर पर चिपकाया इश्तेहार

**गिद्दी।** गिद्दी थाना पुलिस ने न्यायालय के निर्देश पर 5 फरार वारंटियों के घर पर रविवार को इश्तेहार चिपकाया है। गिद्दी थाना के एसआई रमेश हजाम और एएसआई चंदन उरांव ने ढोल-नगाड़े के साथ पुलिस बल के साथ गिद्दी ए के 2, हेसालौंग के 2 और रेलीगढ़ा के 1 व्यक्ति के घर पर सार्वजनिक रूप से इश्तेहार चिपकाया है। गिद्दी पुलिस ने बताया गिद्दी ए के लालबाबू यादव, कुनाल राजवंशी, हेसालौंग के विनोद प्रजापति, छोटेलाल प्रजापति और रेलीगढ़ा के कुंदन महतो के घर पर इश्तेहार चिपकाया है। गिद्दी थाना पुलिस ने बताया कि सभी आरोपी पिछले कई वर्षों से कानून की नजर में फरार चल रहे हैं। न्यायालय के आदेश पर यह कार्रवाई की गई है।

भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता ग्रहण समारोह आयोजित

# आजसू, कांग्रेस व अन्य दलों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने थामा कमल

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़ ।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के दुलमी प्रखंड स्थित ग्राम पंचायत सिकनी के काली मंदिर प्रांगण में रविवार को भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल शामिल हुए। इस समारोह की अध्यक्षता दुलमी भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश कुमार ने किया। मंच संचालन रामगढ़ भाजपा जिला महामंत्री विजय जायसवाल ने और धन्यवाद ज्ञापन दुलमी के पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मच्छेंद्र प्रसाद ने किया । भाजपा के इस सदस्यता ग्रहण समारोह में सिकनी पंचायत क्षेत्र से सैकड़ों लोगों ने आजसू, कांग्रेस, जेएलकेएम और अन्य दलों को छोड़कर भाजपा का दामन थामा। विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर भाजपा का दामन थामने वालों में आजसू पार्टी से जुड़े पूर्व उपमुखिया मित्रलाल महतो और उनके साथी टीम, आजसू पार्टी के पंचायत अध्यक्ष मुरली महतो और उनके साथी, कांग्रेस नेता दीनानाथ महतो और उनके साथी, जेएलकेएम नेता गुड्डू महतो और उनके साथी सहित अन्य दलों को छोड़कर जनार्दन महतो, , मोती साव, शंभू महतो सहित अन्य का नाम शामिल है।

राधा गोविन्द विवि के विद्यार्थियों ने साइक्लिंग प्रतियोगिता में लिया हिस्सा

# खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मविश्वास का भी आधार है : कुलाधिपति

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने खेलो इंडिया साइक्लिंग प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लेकर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने खेलगांव रांची में उत्कृष्ट प्रदर्शन हासिल की, जिससे पूरे शैक्षणिक परिसर में हर्ष का माहौल है।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों ने कठिन अभ्यास, अनुशासन और टीम भावना का परिचय देते हुए अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। छात्रों की इस उपलब्धि को विश्वविद्यालय प्रबंधन ने खेल प्रतिभा और युवाओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि"खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और आत्मविश्वास का भी आधार है। हमारे विद्यार्थियों की यह सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।" प्रबंधन ने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में विश्वविद्यालय द्वारा खेल सुविधाओं, प्रशिक्षण और संसाधनों को और बेहतर किया जाएगा, ताकि विद्यार्थी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।

विश्वविद्यालय सचिव प्रियंका कुमारी ने विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले समय में राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के छात्र विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में इसी तरह सफलता का परचम लहराते रहेंगे। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार ने सभी खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिए।

गोरहर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

## आपसी भाईचारे के साथ मनाएं रंगों का त्योहार : थाना प्रभारी



**बरकट्ठा।** गोरहर थाना परिसर में होली का त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद तथा संचालन थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने किया। मौके पर थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने प्रशासन के द्वारा जारी दिशा निर्देश को उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया। उन्होंने कहा रंगों का त्योहार होली आपसी भाईचारे के साथ मनायें। सभी भेदभाव को भुलकर शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार को मनायें साथ ही हुडदंग करने वाले पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। एक दूसरे को स्वेच्छा से रंग लगायें। उन्होंने लोगों को अफवाहों से बचने की अपील की। बैठक समापन के बाद लोगों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। मौके पर मुख्य रूप से कुंजलाल महतो, अर्जुन राणा, लोकनाथ राणा, मो शमीम अंसारी, मो नईम अंसारी, टुकलाल नायक, राजकुमार गिरी, बीरेंद्र पाण्डे, भीमलाल यादव, किशुन नायक, शिवलाल यादव समेत आदि लोग उपस्थित थे।

# 3 को चंद्रग्रहण होने के कारण आज होलिका दहन और 4 को मनाएं होली : पं. अमित मिश्र

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा, मंगलवार 3 मार्च 2026 को इस वर्ष का पहला चंद्रग्रहण लगेगा। इसके एक दिन पूर्व सोमवार रात्रि 2 मार्च को होलिका दहन होगा तथा 4 मार्च, बुधवार को होली मनाई जाएगी। आचार्य पं. अमित मिश्र ने बताया कि यह चंद्रग्रहण भारत में ग्रस्तोदित खंड चंद्रग्रहण के रूप में दृश्य होगा। चंद्रोदय के समय इसका मोक्ष काल ही दिखाई देगा। भारतीय समयानुसार ग्रहण का प्रारंभ अपराह्न 3:19 बजे से संध्या 6:47 बजे तक रहेगा। सिमडेगा सहित झारखंड में चंद्रोदय के समय ग्रहण का अंतिम चरण देखा जा सकेगा ।उन्होंने बताया कि ग्रहण सिंह राशि और पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र में लग रहा है। सिंह राशि एवं पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र के जातकों को विशेष सावधानी बरतने और शांति उपाय करने की सलाह दी गई है। साथ ही अन्य लोगों से भी ग्रहण को खुली आंखों से न देखने तथा धार्मिक नियमों का पालन करने का आग्रह किया गया है।

# मासिक क्राइम मीटिंग आयोजित, होली को लेकर सख्त निर्देश जारी

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** बानो स्थित पुलिस निरीक्षक कार्यालय में मासिक क्राइम मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक एडुएल गेस्टेन बागे ने की। इस दौरान बीते माह में क्षेत्र में घटित अपराधों की विस्तृत समीक्षा की गई ।बैठक में अपराधियों, उपद्रवियों और उग्रवादियों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया गया। फरार वारंटियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा क्षेत्र में लगातार सघन वाहन जांच अभियान चलाने पर जोर दिया गया ।होली पर्व को देखते हुए क्षेत्र में हड़िया दारू एवं अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस निरीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने, लगातार गश्त करने और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। बैठक में बानो थाना प्रभारी मानव मयंक,कोलेबिरा थाना प्रभारी हर्ष कुमार शाह, महाबुआंग थाना प्रभारी टिंकु कुमार वर्मा,गिर्दा ओपी प्रभारी विद्यासागर चौरसिया, कोलेबिरा थाना के एसआई सकलदेव महतो,बानो थाना के एसआई कुलदीप महतो आदि उपस्थित थे।

## शिव मंदिर में कलश यात्रा के साथ 24 घंटे का अखंड हरि-कीर्तन शुरू

**बानो।** प्रखंड के मरानी स्थित मरानी शिव मंदिर में रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ 24 घंटे के अखंड हरि-कीर्तन का शुभारंभ किया गया। प्रातः 7 बजे मंदिर परिसर से श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे और जयघोष के साथ कलश यात्रा निकाली ।कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं। "हर-हर महादेव" के उद्घोष और भजन-कीर्तन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता की।

आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि कलश यात्रा के उपरांत मंदिर परिसर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कर अखंड हरि-कीर्तन प्रारंभ किया गया, जो लगातार 24 घंटे तक चलेगा। विभिन्न भजन मंडलियां क्रमवार कीर्तन प्रस्तुत करेंगी ।समिति के अनुसार, कीर्तन के समापन पर विशेष आरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं का सक्रिय सहयोग मिल रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना हुआ है।

# भव्य कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय श्रीमद् भागवत यज्ञ प्रारंभ

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र के रामजड़ी बस्ती में भव्य कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय श्रीमद् भागवत यज्ञ धार्मिक उत्सव का शुभारंभ हुआ। यज्ञ स्थल से निकली कलश यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए फुलझर नदी पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने कलश में पवित्र जल भरा। पुरोहित प्रदीप पंडा, जगन्नाथ पंडा, प्रमोद पंडा, मनोज दास, मदन पंडा एवं अवधेश पाढ़ी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कराई। यजमान के रूप में तीरथ सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी यशोदा देवी ने विधि-विधान निभाया ।फुलझर नदी से जल लेकर श्रद्धालु हरि नाम संकीर्तन और "हर-हर महादेव" के जयघोष के साथ शोभायात्रा के रूप में यज्ञ स्थल पहुंचे। भगवा ध्वज और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया। बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, युवक-युवतियां एवं बच्चे शामिल हुए। मंदिर प्रांगण पहुंचकर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। अगले दिन प्रातः 6 बजे नामकरण संस्कार के साथ अखंड हरि कीर्तन होगा तथा पूर्णाहुति एवं भंडारा के साथ यज्ञ का समापन किया जाएगा। यज्ञ समिति में श्यामू नायक, लालू सिंह, रामेश्वर सिंह, मंगल सिंह, केसर सिंह, सहदेव नायक, शनिचर पाहन, हुलेश्वर नायक, उदय सिंह, ईदो नायक, रामधन सिंह, दिनेश बड़ाइक, महेश्वर नायक, कष्टु सिंह, तीरथ सिंह, यशोदा देवी, इंद्रा देवी, सरिता देवी, बसंती देवी, पूनम देवी, आशा देवी, रीतू कुमारी, गुड़िया कुमारी, खुशबू कुमारी, सितम कुमारी, दीपिका कुमारी, शोभा कुमारी, सरिता कुमारी, सोनिया कुमारी, रुक्मिणी कुमारी, पार्वती कुमारी, गजेंद्र सिंह, अशोक बड़ाइक, सिकंदर भोक्ता, कृष्णा सिंह, राम-लखन सिंह, नकुल सिंह, महिमा कुमारी, रितिका कुमारी, नेहा कुमारी, प्रियंका कुमारी, सुमन कुमारी, राखी कुमारी, पिंकी कुमारी सहित अन्य सदस्य सक्रिय हैं। समिति ने अधिकाधिक श्रद्धालुओं से सहभागिता की अपील की है।

# सभी धर्मों की भावनाओं का ख्याल रखते हुए मनाएं होली : जिला अध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कार्यालय में होली मिलन समारोह सह विदाई कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए शिक्षकों ने भाग लेकर आपसी सौहार्द और एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर बीईईओ अरुण कुमार पाण्डेय ने शिक्षकों के साथ एक से बढ़कर एक फगुआ गीत प्रस्तुत किए, जिससे उपस्थित शिक्षक झूम उठे और माहौल खुशनुमा हो गया। ढोल और झांझ की ताल पर सभी शिक्षक थिरकते नजर आए। एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर तथा मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रवक्ता फुलेंदर कुमार साहू के रांची स्थानांतरण होने पर उन्हें माला पहनाकर भावभीनी विदाई दी गई। शिक्षकों ने उनके संगठनात्मक योगदान की सराहना की ।मौके पर जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा ने जिले के सभी शिक्षकों को होली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी शिक्षक आपसी भाईचारे और शांति के साथ होली मनाएं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पाक रमजान एवं महोपवास/चालीसा काल चल रहा है, इसलिए सभी धर्मों की भावनाओं का सम्मान करते हुए पर्व मनाना चाहिए। उन्होंने फुलेंदर कुमार साहू के स्थानांतरण पर कहा कि वे एक अच्छे शिक्षक और संगठन के प्रति निष्ठावान पदाधिकारी के रूप में सदैव याद किए जाएंगे ।कार्यक्रम में देवेंद्र प्रसाद तिवारी, फुलेंदर कुमार साहू, संजय चौरसिया, संजय मिश्रा, सुबोध कुमार, अविनाश कुमार, तीनतूस एक्का, नागेश्वर होता, मनीष कुमार, सतीश कुमार, अमोद रंजन, राकेश रोहित, संजय वर्मा, सुमित सिन्हा, शंभू प्रधान, विजय बैठा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## पबुड़ा में तालाब में डूबने से 77 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

**बानो।** थाना क्षेत्र के पबुड़ा गांव में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में 77 वर्षीय बिरसा महतो की तालाब में डूबने से मौत हो गई ।घटना से गांव में शोक की लहर फैल गई है ।मिली जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर करीब 12 बजे बिरसा महतो अपनी धर्मपत्नी के साथ मवेशियों को नहलाने के लिए गांव के तालाब गए थे ।इसी दौरान मवेशी को नहलाने के क्रम में उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में चले गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी ।घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे ।बताया जा रहा है कि वृद्ध होने के कारण वे पानी से बाहर नहीं निकल सके। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# किसानों के बीच ओल व अदरक बीज का वितरण



नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** प्रखंड के एटिक सेंटर बानो में किसानों के बीच ओल एवं अदरक के बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी नैमुद्दीन अंसारी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि यह योजना प्रखंड के किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। उन्होंने किसानों से ओल और अदरक की खेती अपनाकर अन्य किसानों को भी प्रेरित करने की अपील की ।उन्होंने कहा कि ओल और अदरक की खेती कम लागत में की जा सकती है और इससे अच्छी आमदनी अर्जित की जा सकती है। किसानों को बीजों का जैविक उपचार अवश्य करने तथा रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर जैविक खाद के उपयोग पर बल दिया, ताकि बेहतर उत्पादन के साथ-साथ भूमि की उर्वरता भी बनी रहे ।एटीएम अब्दुल्ला एहरार ने भी किसानों को तकनीकी जानकारी देते हुए बताया कि इन फसलों की खेती कम लागत और कम सिंचाई में संभव है। उचित देखभाल और वैज्ञानिक पद्धति अपनाकर किसान बेहतर लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# 38 वर्षों की निष्कलंक सेवा के बाद कोलेबिरा के बीडीओ वीरेन्द्र सेवानिवृत्त

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** दृढ़ इच्छाशक्ति, अनुशासन और निरंतर परिश्रम के बल पर साधारण पृष्ठभूमि से उठकर प्रशासनिक सेवा के उच्च दायित्वों तक पहुंचने वाले कोलेबिरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी वीरेन्द्र किन्डो शनिवार मध्यरात्रि से सेवानिवृत्त हो गए। 38 वर्ष, 7 माह और 11 दिनों की निष्कलंक एवं गौरवपूर्ण सेवा के बाद उनके सेवानिवृत्त होने पर प्रखंड कार्यालय परिसर में भावनात्मक माहौल देखा गयाजिला गुमला के चंदाली ग्राम (पोस्ट–असनी) में 2 फरवरी 1966 को जन्मे बीरेन्द्र किन्डो ने 18 जुलाई 1987 को अंचल कार्यालय, कामडारा (गुमला) में लिपिक के रूप में अपनी सेवा प्रारंभ की। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य को कभी ओझल नहीं होने दिया। नौकरी के साथ-साथ निरंतर अध्ययन करते हुए उन्होंने झारखंड लोक सेवा आयोग की विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण की और वाणिज्य कर पदाधिकारी एवं उप-समाहर्ता के पद पर चयनित होकर प्रशासनिक सेवा में प्रवेश किया। गढ़वा में कार्यपालक दंडाधिकारी के रूप में उनकी पहली नियुक्ति हुई। अपने लंबे सेवाकाल में उन्होंने गढ़वा, घाटशिला, मझगांव, मनिका सहित विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया। जेल अधीक्षक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, मनरेगा नोडल पदाधिकारी और नगर पंचायत प्रभारी जैसे पदों पर रहते हुए उन्होंने पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन की पहचान बनाई। 12 अक्टूबर 2023 को उन्होंने कोलेबिरा प्रखंड में योगदान दिया और विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया।

## बानो में चोरी कांड का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**बानो।** थाना क्षेत्र में घर से चांदी के गहनों की चोरी के मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।जानकारी के अनुसार, पीड़िता कुंती देवी के लिखित आवेदन के आधार पर बानो थाना में मामला दर्ज किया गया था ।घटना 27 फरवरी की रात करीब 10:45 बजे की बताई जा रही है ।थाना क्षेत्र के बड़ाइक टोली निवासी 22 वर्षीय सुनील सुरीन ने नेवादिनी स्थित घर में रखी अलमारी से चांदी के गहनों की चोरी की थी ।मामला दर्ज होते ही बानो पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर पर छापेमारी की ।छापेमारी के दौरान पुलिस ने चांदी जैसा दिखने वाला एक जोड़ा कंगन,एक पायल,एक गले का चेन,एक अंगूठी तथा एक अपाची बाइक बरामद की। डीएसपी रणवीर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है।

# टोंगरी टोली में कुम्हार समाज का होली मिलन समारोह आयोजित

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** रविवार को सलडेगा टोंगरी टोली में कुम्हार समाज सिमडेगा द्वारा होली मिलन समारोह किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि तथा सिमडेगा जिला कुम्हार समाज के संरक्षक, अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि राजेन्द्र महतो, जिला अध्यक्ष खूंटी ने समाज के लोगों से शिक्षा के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि न दहेज लें और न दहेज दें, बल्कि विवाह में केवल उपहार की परंपरा को बढ़ावा दें। संबोधन के उपरांत सभी लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। नागपुरी फगुआ गीतों पर माता-बहनों सहित उपस्थित लोगों ने जमकर नृत्य किया और आपसी सौहार्द का परिचय दिया। संचालन सचिव सुबोध महतो एवं मीडिया प्रभारी अधिवक्ता कमल महतो ने किया। इस अवसर पर परमानंद महतो, निर्मल महतो, अध्यक्ष रमेश महतो, कोषाध्यक्ष संजय कुमार महतो, रामचरण महतो, एवमस्तु महतो, कृष्णा महतो, अधिवक्ता पंकज कुमार महतो, भरोसा महतो, दीपक महतो, अरुण महतो, सुभाष महतो, घनश्याम महतो, विजय महतो, गणेश महतो, उदेश्वर महतो, रामबिलास महतो, बाबूलाल महतो, मुकेश महतो, अजय महतो, धनदेव महतो, उषा देवी, रीना देवी, कांति देवी, पुष्पा देवी, ललिता देवी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे ।कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी कमल महतो ने दी।

**हरि कीर्तन** बोलबा के समसेरा में कलश यात्रा के साथ अखंड हरि कीर्तन आरंभ

# शंख नदी से जल उठाकर निकली भव्य कलश यात्रा

नवीन मेल संवाददाता





**बोलबा।** बोलबा प्रखंड अंतर्गत समसेरा बखरीटोली गांव के भगवान जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में कलश यात्रा के साथ अष्टप्रहरी अखंड हरि कीर्तन आरंभ हो गया। इस मौके पर आयोजन समिति के संयोजक परमानंद बड़ाइक ने बताया कि 1 मार्च 2026 को प्रातः बोलबा शंख नदी में पंडित नीलांबर पंडा एवं वैष्णव पारसमणि दास द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बाद जल उठाकर भव्य कलश यात्रा शुरू की गई। पांच किलोमीटर की कलश यात्रा में भारी संख्या में महिला-पुरुषों ने भाग लिया। यज्ञ स्थल भगवान जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में विधिवत पूजन के पश्चात रामरेखा बाबा उमाकांत जी महाराज की अगुवाई में नाम यज्ञ अखंड हरि कीर्तन आरंभ किया गया। कीर्तन में समसेरा, बोलबा, पालेमुंडा, लेटाबेड़ा, पाकरबहार, कछुपानी आदि गांवों की कीर्तन मंडलियों को आमंत्रित किया गया है। वहीं रामरेखा बाबा उमाकांत जी महाराज द्वारा प्रवचन किया जा रहा है, जिसमें भक्ति ज्ञान, आत्म ज्ञान एवं ईश्वरीय ज्ञान के विषय पर चर्चा की जा रही है। बाबा उमाकांत जी महाराज ने बताया कि ईश्वर की प्राप्ति के लिए गुरु की आवश्यकता होती है। गुरु का स्थान सर्वोपरि है। ईश्वर अनंत हैं, गुरु की भक्ति करो तो ईश्वर की प्राप्ति हो जाएगी। आज के इस कलियुग में केवल भगवान का नाम लेने से ही मनुष्य भवसागर को पार कर सकता है। हमें अपने धर्म के प्रति आस्था रखनी चाहिए, धर्म पर विश्वास करना चाहिए एवं धर्म को बचाकर रखना हमारा कर्तव्य है। हमारा सनातन धर्म दुनिया का सबसे प्राचीन धर्म है, किंतु नए-नए धर्मों के संचालक सनातन धर्म को प्रलोभन देकर तोड़ने एवं बांटने का काम कर रहे हैं। इससे हमें सावधान रहने की आवश्यकता है। इसी प्रकार गांव-गांव में कीर्तन-भजन कर लोगों को धर्म के प्रति जागरूक रखना अति आवश्यक है। कार्यक्रम के अंतिम दिन 2 मार्च 2026 को पूर्णाहुति, हवन-पूजन, आरती, प्रसाद वितरण एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा ।इस मौके पर कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के परमानंद बड़ाइक, विकास कुमार सिंह, विजय प्रताप सिंह, लक्ष्मण बड़ाइक, दिलरखन राय, कृष्णा बड़ाइक, सखी राम बड़ाइक, रविंद्र बड़ाइक, मनीष मांझी, बिनोद नायक, बिनोद नेगी, तारा देवी, सुषमा देवी, बिपिन बिहारी सिंह, संजय कुमार सिंह, फाल्गुन नायक, जहर सिंह, भुनेश्वर सिंह, रविंद्र नाथ बड़ाइक, परशुराम बड़ाइक, रितेश बड़ाइक, बलिराम सिंह, सत्यनारायण सिंह, कमलेश बड़ाइक, संजय कुमार बड़ाइक, अजय बड़ाइक, अशोक बड़ाइक, दसरू बड़ाइक सहित अन्य लोगों का योगदान सराहनीय रहा।

# न्यूज बॉक्स

## कुरडेग में झामुमो की आवश्यक बैठक, संगठन की मजबूती पर जोर



**कुरडेग।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की एक आवश्यक बैठक कुरडेग प्रखंड में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नसीर अंसारी ने की ।बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रखण्ड अध्यक्ष नसीर अंसारी ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा की हाल ही में सिमडेगा नगर चुनाव हमारे प्रत्याशी दूसरे स्थान पर रहे लेकीन जनता का चुनाव में सहयोग देखकर हमलोग ओर जोश और मजबूती की तरफ बढ़ रहे हैं और भी मेहनत करना है और अध्यक्ष ने कहा कि प्रखण्ड में हो रहे भ्रष्टाचार और लोगों के ऊपर हो रहे शोषण को जड़ से मिटाना है ! मौके पर उपस्थित केंद्रीय समिति सदस्य नुसरत खातून उपाध्यक्ष लारेन्टस कुजुर चोनहास बारला कोषाध्यक्ष जोहान खलखो प्रखंड महिला मोर्चा उपाध्यक्ष शांति कुजुर पंचायत अध्यक्ष प्रवीण साय पंचायत अध्यक्ष जॉर्ज कुजुर एवम् अन्य लोग उपस्थित रहे।

## शिक्षा विकास के नवसंकल्प के साथ तीन दिवसीय बैठक का भव्य समापन



**सिमडेगा।** जिला स्थित रामरेखा धाम शिशु विद्या मंदिर, सरखुटोली परिसर में वनवासी कल्याण केंद्र झारखंड की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित प्रांतीय प्रधानाचार्य सह समिति की तीन दिवसीय महत्वपूर्ण बैठक का गरिमामय समापन हुआ। आध्यात्मिक ऊर्जा और संगठनात्मक संकल्प से ओत-प्रोत इस आयोजन में 71 प्रधानाचार्य एवं 41 समिति सदस्यों ने सहभागिता की और शिक्षा तथा संगठन सुदृढ़ीकरण का संकल्प दोहराया ।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता, भारत माता, ओउम् तथा सरना माता के चित्रों पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा परिसर आध्यात्मिक वातावरण में सराबोर रहा। समापन सत्र को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय शिक्षा प्रमुख पी. वी. राधाकृष्णन ने विद्यालयों में नवाचार और आदर्श प्रयोगों को अपनाकर प्रत्येक विद्यालय को आदर्श संस्थान बनाने पर बल दिया। वहीं अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री भगवान सहाय ने वनवासी कल्याण आश्रम के उद्देश्यों और कार्यों की विस्तृत जानकारी दी ।विभिन्न सत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता उन्नयन, संगठन विस्तार, विद्यालय विकास की रणनीतियां और भावी योजनाओं पर चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने संस्कारयुक्त शिक्षा, अनुशासन और संगठनात्मक समन्वय को मजबूत करने का आह्वान किया ।अध्यक्षीय आशीर्वचन में डॉ. तनुजा मुण्डा ने शिक्षा को समाज परिवर्तन का सशक्त माध्यम बताते हुए विद्यालयों को संस्कार और राष्ट्रभावना का केंद्र बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में अनेक पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। तीन दिवसीय बैठक नवउत्साह और सेवा-समर्पण की भावना के साथ संपन्न हुई।

## ठेठईटांगर में होली मिलन समारोह 2026 का भव्य आयोजन

**ठेठईटांगर।** प्रखंड क्षेत्र में होली मिलन समारोह 2026 का भव्य आयोजन हर्षोल्लास और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश दिया। समारोह की शुरुआत कृष्णा बड़ाईक के आशीर्वचन के साथ हुई। इसके बाद उन्होंने उपस्थित लोगों के साथ एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में सुरजन प्रधान, अजीत प्रधान, बबलू कुमार, बसंत प्रधान, नरेंद्र बड़ाईक, बंधु मांझी, श्रवण सेनापति, कुलन महतो, तुलसी नायक सहित लगभग 150 महिलाएं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। होली के पारंपरिक गीतों और रंग-अबीर के बीच सभी ने आपसी प्रेम और सौहार्द का परिचय दिया। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर पर्व की बधाई दी और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव नारायण तिवारी, पप्पू कुमार, रिंटू कुमार, सुरेश प्रधान, राजीव मिश्रा, पिंटू कुमार, संजीत, ओम एवं धनंजय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन ने क्षेत्र में भाईचारे और सामुदायिक एकजुटता का सशक्त संदेश दिया।

## लचरागढ़ स्थित जनजातीय कौशल केंद्र में निशुल्क नामांकन जारी

**कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र के लचरागढ़ स्थित जनजातीय कौशल केंद्र में विभिन्न रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के लिए निशुल्क नामांकन प्रारंभ कर दिया गया है ।केंद्र में कंप्यूटर के विभिन्न कोर्स, सिलाई प्रशिक्षण तथा फूड प्रोसेसिंग कोर्स संचालित किए जा रहे हैं ।कौशल केंद्र के क्रांति मिश्रा और कोऑर्डिनेटर ने जानकारी देते हुए बताया कि कंप्यूटर कोर्स के लिए 15 वर्ष से 45 वर्ष तक के बालक-बालिकाएं,पुरुष एवं महिलाएं नामांकन करा सकते हैं ।इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं और महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाना है। इच्छुक अभ्यर्थियों को नामांकन के लिए आधार कार्ड एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ लचरागढ़ स्थित कौशल केंद्र में संपर्क करना होगा।

## हुरदा में चिक बढ़ाईक समाज की बैठक, शिक्षा व सामाजिक जागरूकता पर जोर



**बानो।** प्रखंड के हुरदा स्कूल पात्रा के समीप चिक बढ़ाईक समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजेश बड़ाईक ने की। इस दौरान समाज की एकजुटता, शिक्षा के प्रसार और सामाजिक सुधार जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में समाज के समक्ष उभरती विभिन्न सामाजिक चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित सदस्यों ने आपसी एकता, जागरूकता और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण पर बल दिया, ताकि समाज संगठित एवं सशक्त बना रहे ।समाज में बढ़ती नशाखोरी पर भी चिंता व्यक्त की गई। निर्णय लिया गया कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा तथा परिवार स्तर पर संवाद और समझाइश को बढ़ावा दिया जाएगा ।वक्ताओं ने बच्चों और युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शिक्षित समाज ही सशक्त समाज की पहचान है। प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा और सरकारी सेवाओं में समाज की भागीदारी बढ़ाने के लिए युवाओं को प्रेरित करने का संकल्प लिया गया। बैठक में आगामी 10 मार्च 2026, मंगलवार को सुबह 10 बजे हुरदा स्कूल बगीचा में अगली बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। उस बैठक में मंडल समिति गठन एवं वन भोज कार्यक्रम की तिथि निर्धारित की जाएगी ।बैठक में राजेश बड़ाईक, बिनोद बड़ाईक, मनोज बड़ाईक, कर्मा बड़ाईक, बबलू बड़ाईक, कृष्णा बड़ाईक, लालधर बड़ाईक एवं संतोष बड़ाईक सहित समाज के कई सदस्य उपस्थित रहे।

## कोल कंपनी के खिलाफ गोलबंद हुए विस्थापित

**पाकुड़।** जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड के पचुवाड़ा नोर्थ एवं सेंट्रल कोल ब्लॉक में कोयला के उत्खनन का कार्य कर रहे कोल कंपनी के खिलाफ रोजगार व मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर विस्थापित परिवार गोलबंद हुए और अपनी मांगों को लेकर दर्जनों विस्थापित परिवार कोल कंपनी व जिला प्रशासन के कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं और कोल कंपनी द्वारा किये गये वादा खिलाफी को लेकर आंदोलन की रणनीति बनाते हुए खनन व परिवहन अनिश्चितकाल के लिए ठप करने की चेतावनी भी दी है। लोगों ने कहा है कि कंपनी को मांगें पूरी करनी चाहए। विस्थापित परिवारों का कहना है कि दोनों कोल कंपनी द्वारा खनन कार्य शुरू करने के पूर्व प्रभावित व विस्थापित परिवारों को क्षेत्र का विकास करने के बड़े-बड़े सपने दिखाए, मगर खनन कार्य चालू होने के बाद प्रभावित व विस्थापितों को धोखा दे दिया।

# गैस टैंकर की चपेट में आई सवारी गाड़ी, एक की मौत, 10 घायल

नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत उरवां मोड़ के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ, हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गई। इस घटना में 10 अन्य लोग घायल हो गए हैं। हादसा उस समय हुआ जब हजारीबाग से कोडरमा होते हुए बिहार की ओर जा रहा एक एलपीजी टैंकर अचानक अनियंत्रित हो गया। टैंकर अनियंत्रित होकर सवारी गाड़ी से टकरा गई। जानकारी के अनुसार झुमरी तिलैया से सवारी लेकर एक वाहन तिलैया डैम की ओर जा रहा था। इस दौरान जैसे ही सवारी गाड़ी




उरवां मोड़ के पास पहुंची, सामने से आ रहा एलपीजी टैंकर अचानक दूसरे लेन में घुस गया और अपना नियंत्रण खो बैठा। टैंकर पहले सवारी गाड़ी से टकराया, इसके बाद फुटपाथ पर दुकान लगाए हुए कई दुकानदारों को अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान कुछ मोटरसाइकिल सवार भी टैंकर की चपेट में आ गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

इधर सूचना मिलते ही चंदवारा थाना की पेट्रोलिंग पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को सदर अस्पताल कोडरमा भेजा गया। इलाज के दौरान 70 वर्षीय रूपलाल सिंह की मौत हो गई है। जबकि अन्य घायलों का इलाज किया जा रहा है। घटना के बाद टैंकर चालक मौके से फरार हो गया है। फिलहाल पुलिस ने टैंकर को जब्त कर लिया है और चालक की तलाश में छापेमारी कर की जा रही है।

### कोयला लदा ट्रक पलटा, कोई हताहत नहीं

**बरही।** ओल्ड एनएच-33 पर करसो के समीप कोयला लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। ट्रक पलटने से कोयला सड़क पर फैल गया और कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस मौके पर पहुंची। दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, हालांकि ट्रक चालक को हल्की चोटें आईं। स्थानीय लोगों की सहायता से घायल चालक को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। इसके बाद जेसीबी मशीन की मदद से पलटे ट्रक को हटाया गया और सड़क पर गिरे कोयले को साफ कराया गया। लगभग कुछ घंटों की मशक्कत के बाद यातायात को पुन: सुचारु कर दिया गया।

## न्यूज बॉक्स

### राष्ट्रीय सेवा मंच ने 150 जरूरतमंदों के बीच किया भोजन का वितरण




**भुरकुंडा।** राष्ट्रीय सेवा मंच समाजसेवी संस्था ने रविवार को भुरकुंडा साप्ताहिक बाजार में दूर-दराज से दातुन पत्तल बेचने आने वाले लोगों और जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया। भुरकुंडा ओपी प्रभारी उपेंद्र कुमार करीब 150 गरीबो के बीच पूरी, सब्जी और जलेबी का वितरण किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने संस्था की सराहना करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों से निरंतर जनसेवा का कार्य करना सराहनीय है। मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। राष्ट्रीय सेवा मंच जिस समर्पण भाव से गरीबों और जरूरतमंदों के बीच सेवा कार्य कर रहा है, वह समाज के लिए प्रेरणादायक है। ऐसे प्रयासों से सामाजिक सौहार्द और सहयोग की भावना मजबूत होती है। मंच के सदस्यों ने बताया कि यह भोजन सेवा आगे भी निरंतर जारी रहेगी, ताकि बाजार में रोजी-रोटी कमाने आने वाले जरूरतमंदों को सहारा मिल सके। कार्यक्रम में डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, जगतार सिंह, प्रो। रामानुज सिंह, कपिल राम, उदयभान दुबे, विजय राम, लालू उरांव, शुक्रा करमाली, मुस्कान परवीन, गौरी शंकर महतो, लखन राम और मोहम्मद शाहिद सहित अन्य मौजूद थे।

### भुरकुंडा निरंकारी सत्संग भवन में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**भुरकुंडा।** संत निरंकारी सत्संग भवन भुरकुंडा में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखी अशोक कुमार चौहान ने की। समारोह की शुरुआत परम पिता परमात्मा कण-कण तेरा वास प्रार्थना के साथ हुई। सत्संग के दौरान होली के पावन अवसर पर भजन प्रस्तुत किये गये और आपसी प्रेम, सौहार्द व भाईचारे का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने और गिले-शिकवे मिटाने का अवसर है। इस अवसर पर मुखी अशोक कुमार चौहान ने भुरकुंडा कोयलांचलवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए अपील की कि सभी लोग शांतिपूर्ण और सादगीपूर्ण ढंग से होली मनाएं। उन्होंने कहा कि समाज में आपसी सद्भाव और एकता बनाए रखने के लिए त्योहारों का महत्व और भी बढ़ जाता है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली की बधाई दी। समारोह को सफल बनाने में अमन चौहान, वकील राणा, सुरजीत सिंह, तुलेश्वर करमाली, जगदीश यादव, आदित्य विश्वकर्मा, कुणाल, अनिल, सोनू नायक सहित पुष्पा चौहान, मुकुंलता देवी, किरण देवी, चम्पा देवी, पार्वती देवी, बिना देवी, सरस्वती देवी, ललिता देवी, पूजा कुमारी, मंजू देवी, कुंती देवी, सुशीला देवी, ममता देवी, रंजीता देवी, सुमित्रा देवी, मीना देवी, संदीप कौर सहित अन्य का विशेष योगदान रहा।

### लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा में डॉ.राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि, होली मिलन में झूमे सदस्य



**भुरकुंडा।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के उत्सव मैरेज हॉल स्थित कार्यालय में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ। राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि देने से हुई। वक्ताओं ने उनके सादगीपूर्ण जीवन, राष्ट्रनिर्माण में योगदान और संविधान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को याद किया। इस अवसर पर क्लब की ओर से लियो क्लब के नए सदस्यों का स्वागत किया गया। क्लब के सदस्यों ने नये सदस्य स्नेहा शर्मा, ऋषभ राज और अर्पिता मंजुल को डिस्ट्रिक्ट पिन प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं लायंस क्लब में नए सदस्य के रूप में लायन गजानन प्रसाद के जुड़ने पर उन्हें भी डिस्ट्रिक्ट पिन देकर अभिनंदन किया गया। क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि नए सदस्यों के जुड़ने से सामाजिक गतिविधियों को और मजबूती मिलेगी।कार्यक्रम के दूसरे चरण में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। सदस्यों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। होली गीतों पर सभी ने जमकर नृत्य किया और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। अंत में सभी सदस्यों ने लजीज व्यंजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम में क्लब के सभी सदस्य मौजूद थे।

### गाजाडीह इलाके के एक घर में अचानक आग लगने से सारा सामान जलकर राख



**पूर्वी सिंहभूम।** एमजीएम थाना के गाजाडीह इलाके में रविवार दोपहर अचानक एक घर में आग लग गई। पीड़ित भुनेश्वर प्रसाद के एस्बेस्टस निर्मित मकान में आग लगने से घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना के समय भुनेश्वर प्रसाद और उनकी पत्नी लक्की प्रसाद मजदूरी करने बाहर गए हुए थे, जबकि घर में उनकी बेटी अकेली थी। बेटी ने बताया कि वह दूसरे कमरे में काम कर रही थी, तभी अचानक उसे आग की लपटें दिखाई दीं। आग किस कारण से लगी, इसका उसे पता नहीं चल पाया। कुछ ही देर में धुआं और लपटें पूरे घर में फैल गईं। जान बचाने के लिए वह तुरंत बाहर निकली और जोर-जोर से चिल्लाकर मोहल्ले के लोगों को बुलाया। उसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। लोगों ने तुरंत पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी, लेकिन गली संकरी होने के कारण अग्निशमन वाहन घटनास्थल तक नहीं पहुंच सका। स्थानीय लोगों ने लगभग दो घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। अगलगी में घर में रखा टीवी, कपड़े, बर्तन, आवश्यक कागजात तथा बहन की शादी के लिए रखा सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। घर में रखी नकद राशि भी आग की भेंट चढ़ गई।

## राधाकृष्ण ठाकुरबाड़ी में महिलाओं ने मनाया होली मिलन समारोह



**भुरकुंडा।** पटेलनगर सीसीएल कॉलोनी स्थित प्राचीन श्री राधाकृष्ण ठाकुरबाड़ी में राधे-राधे महिला ग्रुप के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन हुआ। हर वर्ष की परंपरा को निभाते हुए इस बार भी समारोह आस्था, रंग और उल्लास से सराबोर रहा। पूरे ठाकुरबाड़ी परिसर को फूल-मालाओं से सजाया गया। श्री राधाकृष्ण की प्रतिमा का आकर्षक और भव्य श्रृंगार किया गया, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम की शुरुआत भजन-कीर्तन से हुई। इसके बाद विधिवत पूजा-अर्चना, छप्पनभोग अर्पण और महाआरती का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठानों में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। पूजा-अर्चना के पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया। इसके बाद होली मिलन का रंगारंग कार्यक्रम शुरू हुआ। जिसमें राधे-राधे महिला ग्रुप और कॉलोनी की महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पारंपरिक होली गीतों पर घंटों तक नृत्य और उत्सव का दौर चलता रहा। रंगों की बौछार के बीच पूरा परिसर होली के उल्लास में डूबा नजर आया। महिलाओं ने ठाकुर जी से घर-परिवार और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, हरियाली और खुशहाली की कामना की। आयोजन को सफल बनाने में राधे-राधे महिला ग्रुप के साथ कॉलोनी की महिलाओं का योगदान रहा।

### होली को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

## हुड़दंगियों पर रहेगी प्रशासन की पैनी नजर

नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिसकी अध्यक्षता एसडीओ जोहान टुडू व एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने संयुक्त रूप से किया । जिसका संचालन पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने किया । उपस्थित जनप्रतिनिधियों व प्राबुद्धजनो ने एक स्वर में शांति और सौहार्द के साथ होली मनाने का आश्वासन दिया । बीडीओ जयपाल महतो ने होली को प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का त्योहार बताते हुए शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील किया । एआई फोटो या विडियो या सोशल मीडिया के अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की बात कही । एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने होली को बुराई पर अच्छाई का



प्रतीक बताया । इस अवसर पर शराब के सेवन पर नियंत्रण रखें । भाईचारगी के साथ त्योहार मनाएं ।उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान प्रशासनिक स्तर से पूरी निगरानी रहेगी और असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाएगी ।एसडीओ ने कहा कि सभी नागरिक शांति और सौहार्दपूर्ण तरीकों से होली मनाएं और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने सख्त लहजे में कहा कि होली के दौरान हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि कानून-व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से आग्रह किया कि किसी को जबरन रंग नहीं लगाएं और यदि रंग लग जाए तो उसे सकारात्मक सोच के साथ नजरअंदाज करें। बैठक में विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने अपील की कि हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदाय के सामाजिक कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को शांति बनाए रखने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम को जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज रजक, मुखिया राजेंद्र प्रसाद, मनोज कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र रजक, राजसिंह चौहान, गुलाम मुस्तफा, सागर चंद्रवंशी, बरही थाना से संजय कुमार, सकलदेव पासवान, गणेश यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### मदन भगत की पांचवीं पुण्यतिथि पर सत्संग व भंडारे का आयोजन

**खूंटी।** खूंटी जिले के मुरहू प्रखंड में समाजसेवी स्वर्गीय मदन भगत की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को श्रद्धांजलि सभा, सत्संग एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुरहू स्थित महर्षि मेंही आश्रम शान्तिपुरी शबरी कुटिया में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन उनके पुत्र संतोष भगत, सुधीर भगत, सकलदीप भगत तथा सुपुत्री सुजाता जायसवाल द्वारा किया गया। सत्संग के दौरान स्वामी लक्ष्मण जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि वर्तमान समय में मनुष्य को वास्तविक शांति सत्य के मार्ग पर चलने, ईश्वर का निरंतर स्मरण करने और परोपकार की भावना अपनाने से ही प्राप्त होती है। स्वर्गीय मदन भगत की आत्मा की शांति तथा परिजनों के सुख-समृद्धि की कामना करते हुए उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को सफल बनाने में आश्रम के संजय कुमार, सूरजमल साव, सूरज गुप्ता, राम हरि साव सहित अनेक लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## धनबाद नगर निगम के मेयर बने संजीव सिंह, मिली बधाई



**धनबाद।** धनबाद नगर निगम चुनाव में जनता ने अपना नया मेयर चुन लिया है। धनबाद की जनता ने संजीव सिंह को रिकॉर्ड 114362 मत देकर धनबाद का नया मेयर बना दिया है। 27 फरवरी को शुरू हुआ मतगणना दूसरे दिन 28 फरवरी तक चला। निगम के 55 वार्डो के साथ मेयर प्रत्याशी की गिनती पुरी हो गई है। मतगणना के पहले चक्र से लगातार संजीव सिंह 10वे राउंड तक बढ़त बना रहा। संजीव सिंह को कुल वोट 114362 मिले, जबकि जेएमएम समर्थित प्रत्याशी चंद्रशेखर अग्रवाल 82460 वोट के साथ दूसरे नंबर पर रहे। वहीं, कॉग्रेस समर्थित प्रत्याशी शमशेर आलम को 59079 वोट, जबकि भाजपा समर्थित प्रत्याशी संजीव कुमार को जनता ने 57895 वोट दिया है। वहीं, जीत की घोषणा के बाद संजीव सिंह के समर्थकों और सिंह मेंशन में जश्न का माहौल है। धनबाद के नए मेयर संजीव सिंह ने पॉलिटेक्निक से अपने समर्थकों का अभिवादन स्वीकार करते हुए सिंह मेंशन पहुंचे। जहां उनके परिवार के लोगों ने उन्हें तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में जश्न का माहौल रहा।

### फेरो फाइटर्स की फाइनल में जीत

**रामगढ़।** बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड की ओर से आयोजित अरुणा बुधिया मेमोरियल इंटर-डिपार्टमेंट क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को सिरका क्रिकेट स्टेडियम में भव्य समापन हुआ। रोमांचक फाइनल मुकाबले में फेरो फाइटर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पावर पार्टनर्स को पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। फेरो फाइटर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 160 रन बनाएं। वहीं पावर पार्टनर्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 16.2 ओवर में 95 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। फेरो फाइटर्स ने फाइनल मैच 65 रनों के अंतर से जीता।

### फरार चल रहे दो वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**खूंटी।** जिले के अड़की थाना की पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे दो स्थायी वारंटियों को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चलाकर दोनों आरोपितों को धर दबोचा और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। पुलिस की ओर से रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अड़की थाना कांड (संख्या-14/11, ST-215/14, GR-153/11) के आरोपित राबर्ट मुंडा ( 32)को गिरफ्तार किया गया। वहीं अड़की थाना कांड (संख्या-21/11, ST-61/12, GR-223/11 )के आरोपित मनसिद नाग उर्फ एसी मनसिद ( 35) को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपित 2011 से फरार चल रहे थे।

पुलिस लगातार इनकी तलाश में जुटी थी, लेकिन दोनों लंबे समय से गिरफ्तारी से बचते फिर रहे थे। हाल के दिनों में पुलिस को इनके क्षेत्र में सक्रिय होने की गुप्त सूचना मिली, जिसके बाद थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों वारंटियों को उनके ठिकानों से गिरफ्तार कर लिया।

### प्रेस क्लब ने गरीबों संग बांटी होली की खुशियां

## साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में सैकड़ों जरूरतमंदों को दी खाद्य सामग्री

नवीन मेल संवाददाता



**भुरकुंडा।** प्रेस क्लब ऑफ कोयलांचल ने सामाजिक सरोकारों को जीवंत रखते हुए होली के पावन अवसर पर रविवार को साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में गरीब एवं जरूरतमंदों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण कर पर्व की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम की शुरुआत मेन रोड से हुई। इस दौरान सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से भुरकुंडा बाजार में दतुवन और पत्तल बेचने आई महिलाओं को विशेष रूप से आटा, मैदा, रिफाइन, सरसों तेल, चीनी, अबीर-गुलाल, मसाले सहित अन्य आवश्यक सामग्री का किट भेंट की गई। क्लब के सदस्यों ने उन्हें होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही सच्चे पर्व की सार्थकता है। पत्रकारों ने बताया कि विगत 12 वर्षों से क्लब लगातार सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। होली, दीपावली जैसे प्रमुख पर्वों पर जरूरतमंदों के बीच चूड़ा, गुड़, तिलकुट, लाई, मिठाई, रंग-अबीर सहित खाद्य सामग्री का वितरण किया जाता रहा ह। इस अवसर पर सदस्यों ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। जरूरतमंदों की सहायता से आत्म संतुष्टि मिलती है और यही मानव धर्म भी है। क्लब ने संकल्प लिया कि भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर जारी रखेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजकुमार सिंह, अवधेश शर्मा, राकेश पांडेय, दुर्गेश नंदन तिवारी, उत्तम सिन्हा, मनोज कुमार सिंह, धर्मेंद्र यादव, कुमार आलोक, दीपक कुमार, कमलेश मेहता, बिजेंद्र पासवान, संजय पासवान, पवन सोनी आदि का योगदान रहा।

### भारत ने ख़ामेनेई के रूप में अपना सच्चा और भरोसेमंद मित्र खो दिया : सूरज

**बरही।** ईरान के विशिष्ट नेता अली ख़ामेनेई के निधन की पुष्टि ईरान के सरकारी मीडिया द्वारा की गई है, जिससे देश में 40 दिनों का राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है और व्यापक राजनीतिक अनिश्चितता का दौर शुरु हो गया है। एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष सह वरिष्ठ युवा सामाजिक कार्यकर्ता सूरज दास ने कहा कि भारत ने अपना एक सच्चा और भरोसेमंद मित्र खो दिया है, क्योंकि ईरान ने हमेशा भारत का समर्थन किया और वैश्विक मंच पर उसका साथ दिया। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान ने ऊर्जा सहयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कश्मीर संबंधी मुद्दों पर भारत का पक्ष लिया। दास ने कहा कि वर्तमान में भारत को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

## भद्रा के बाद रात 12.30 से 1 बजे तक करें होलिका दहन, 4 मार्च को मनाएं होली : पं. रामकुमार

- होलिका दहन प्रदोष काल में पूर्णिमा तिथि और भद्रा समाप्ति के बाद ही करना चाहिए

नवीन मेल संवाददाता

**भुरकुंडा।** जवाहर नगर निवासी मां दुर्गा के उपासक पंडित रामकुमार पाठक ने बताया कि इस वर्ष होलिका दहन और होली मनाने को लेकर तिथि और भद्रा का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। उनके अनुसार शास्त्रों में स्पष्ट है कि होलिका दहन प्रदोष काल में पूर्णिमा तिथि और भद्रा समाप्ति के बाद ही करना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस वर्ष



2 मार्च सोमवार को पूर्णिमा तिथि शाम 5:18 बजे से प्रारंभ होकर 3 मार्च मंगलवार को शाम 4:33 बजे तक रहेगी।

वहीं भद्रा 2 मार्च को शाम 5:18 बजे से शुरू होकर रात 4:56 बजे तक रहेगी। ऐसे में 3 मार्च को प्रदोष काल में पूर्णिमा तिथि उपलब्ध नहीं रहेगी। इसलिए शास्त्र सम्मत विचार से 2 मार्च की रात भद्रा के पूंछ काल में ही होलिका दहन करना शुभ रहेगा। उन्होंने बताया कि होलिका दहन का शुभ मुहूर्त 2 मार्च की रात 12:30 बजे से 1 बजे के बीच है। इस दौरान रोली और अगरबत्ती अर्पित करते हुए ॐ होलिकाय नमः मंत्र का जाप करें और परंपरा अनुसार चना और पकवान अर्पित करें। उन्होंने बताया कि 3 मार्च मंगलवार को शाम 6 बजे से चंद्र ग्रहण प्रारंभ होकर 6:48 बजे मोक्ष होगा।

ग्रहण से 9 घंटे पूर्व सूतक काल प्रारंभ हो जाएगा, जो सुबह 9 बजे से प्रभावी रहेगा। पूर्णिमा व्रत रखने वाले श्रद्धालु सूतक लगने से पहले पूजन संपन्न कर लें। ग्रहण समाप्ति के बाद स्नान कर भगवान को अबीर-गुलाल अर्पित करें और 4 को होली मनाएं।

## जमशेदपुर में सैलून संचालक ने दुकान में लगाई फांसी

**पूर्वी सिंहभूम।** जमशेदपुर के सिदगोड़ा थाना क्षेत्र में एक सैलून संचालक ने अपनी दुकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान बाबूडीह शंकर नगर रोड नंबर-1 निवासी मिथिलेश ठाकुर (39) के रूप में हुई है।

परिजनों के अनुसार, मिथिलेश ठाकुर शनिवार देर शाम तक घर नहीं लौटे, जिसके बाद परिवार के लोग चिंतित हो गए। काफी इंतजार के बाद परिजन उनकी कानूभट्ठा स्थित सैलून दुकान पर पहुंचे, तो दुकान अंदर से बंद थी। किसी तरह दरवाजा खोला गया, तो अंदर मिथिलेश फंदे से लटके मिले। यह दृश्य देखकर परिजनों के होश उड़ गए। घटना की सूचना तुरंत सिदगोड़ा थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। रविवार को पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्रारंभिक जांच में पुलिस को जानकारी मिली है कि किसी पारिवारिक विवाद के कारण मिथिलेश ठाकुर पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में थे।

आशंका जताई जा रही है कि इसी तनाव के चलते उन्होंने आत्मघाती कदम उठाया। हालांकि, पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है और परिजनों सहित आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है, ताकि आत्महत्या के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

**विचार प्रवाह** अच्छी तथा बुरी, दोनों प्रकार की आदतों को शक्ति प्राप्त करने में समय लगता है। शक्तिशाली बुरी आदतों को उनकी विपरीत अच्छी आदतों द्वारा हटाया जा सकता है, यदि अच्छी आदतों का धैर्यपूर्वक विकास किया जाए। - **श्री श्री परमहंस योगदानंद**

राष्ट्रीय नवीन मेल

# शिष्टाचार में बदलता भ्रष्टाचार मुद्दा नहीं पकड़े जाने पर चर्चा होती है

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

भी भारत में किसी को भ्रष्ट बोलना या लिखना बहुत ही अपमानजनक होता था आधुनिक इंडिया में इसे एक तरह से समाज ने स्वीकार कर लिया है और ज़रा सी असुविधा हुई नहीं कि तुरंत पैसे या लेनदेन की बात करने में हिचक नहीं होती। कितने बड़े प्रतिष्ठित नेता, अधिकारी और समाज को सुधारने का दावा करने वाले पकड़े जाते हैं और येनकेन प्रकारेण छूट जाने के बाद पूरी बेशर्मी से पूर्ववत काम करते हैं जैसे कुछ हुआ ही न हो।इनके पास तर्क होता है कि उन्हें फंसाया गया था जबकि हम सभी जानते हैं कि भय भरी भ्रष्ट व्यवस्था में सबूत इकट्ठा करना और गवाहों के साथ उन्हें साबित करना जांच एजेंसियों के लिए कितना कठिन होता है । वर्षों बाद जब न्यायालय में केस की सुनवाई होती है तब सच अकेला खड़ा होता है और मालदार भ्रष्ट आरोपी उसे गलत साबित कराने के लिए साम,दाम,दंड और भेद जैसे सभी पैंतरे आजमाते हैं । धीरे-धीरे लोग इसे नियति या शिष्टाचार मानने लगे हैं जिसमें अपना काम कराने के बाद उसी तरीके से पैसे कमाने के लिए पद या पोजिशन के लिए कुछ भी करने को तत्पर युवाओं की संख्या बढ़ती जा रही है । आम आदमी दो प्रकार से भ्रष्ट होता है एक दौड़ते-दौड़ते थक हार कर मजबूरी में और एक सोच समझकर, इस प्रकार करप्ट बाई फ़ोर्स और करप्ट बाई चॉइस दोनों एक ही तराजू में तुले जाते हैं जबकि उन्हें भ्रष्ट बनाने वाले लोग सफ़ेद वस्त्र धारण कर आदर्शों की बात करते हैं क्या हम असली गुनाहगारों को सजा दिला पाएंगे ? साहित्यकार या पत्रकार इसपर कलम उठाते हैं तो सरकार भी जागृत होकर ऑनलाइन और समयबद्ध सेवाओं की बात करती है पर देखना चाहिए कि क्या सचमुच ऑनलाइन सभी सेवाएं हो रहीं हैं और कोर्ट को देखना चाहिए कि आधार कार्ड को बाध्यकारी करने की बात का न्यायालयों में विरोध करने वाले सबसे महंगे वकीलों को किसने और क्यों नियुक्त किया क्या वे ग़रीबों की लड़ाई लड़ रहे हैं या भ्रष्ट व्यवस्था का सामराज्य बचा रहे होते हैं ? फिल्मों की बड़ी भूमिका हो सकती है पर घूसखोर पंडत जैसे विवादास्पद नाम प्रचार के हथकंडे की तरह हैं और फिल्म का नाम बदलने के फैसले में सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान ने लिखा है कि किसी भी समुदाय का अपमानजनक चित्रण गलत है। इसलिए न्यायपालिका के एकतरफा गलत चित्रण के मामले में एनसीईआरटी की किताब पर प्रतिबंध को सही ठहराया जा सकता है। न्यायपालिका की स्वतत्रंता और सम्मान को सुनिश्चित करने के लिए यदि कोई आपराधिक साजिश हुई है, तो उसका भी जल्द से जल्द खुलासा होना चाहिए।सामान्य तौर पर इस किताब को कुछ हजार छात्र ही पढ़ते हैं। लेकिन सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, सभी राज्यों को नोटिस, प्रधानाचार्यों की जवाबदेही और मीडिया में सुर्खियों की वजह से पूरे देश में इस मुद्दे पर बहस होने लगी है। 2020 में जारी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार एनसीईआरटी की किताबों में बड़े बदलाव हुए हैं। उसके अनुसार, कक्षा सात और आठ की किताब में सरकार और जन-प्रतिनिधियों के भ्रष्टाचार से जुड़े अध्याय पहले से शामिल थे। पिछले साल होली के समय दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के बंगले में नोटों के बंडल जलने का सनसनीखेज मामला आया था। तत्कालीन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ समेत अनेक लोगों ने वर्मा के खिलाफ पुलिस या सीबीआई में एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट में दो जजों की पीठ ने सोशल मीडिया में बढ़ रही अपमानजनक टिप्पणियों के खिलाफ आपराधिक अवमानना का मामला शुरू करने की चेतावनी दी है।1997 में सुप्रीम कोर्ट के जजों ने सामूहिक तौर पर 16 सूत्री प्रस्तावों से न्यायपालिका में निष्पक्षता, पारदर्शिता और ईमानदारी के प्रति वचनबद्धता को दोहराया था। स्कूली किताब पर विवाद के दौरान ही अन्य मामले में वर्तमान चीफ जस्टिस सूर्यकांत की पीठ ने ट्रिब्यूनल्स की कार्यप्रणाली पर कठोर टिप्पणी करते हुए उन्हें बोझ और झंझट बताया है। सनद रहे कि अधिकांश ट्रिब्यूनल में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज मुखिया और न्यायिक सदस्य नियुक्त होते हैं। सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री के प्रशासनिक मुखिया चीफ जस्टिस हैं। मुकदमों की लिस्टिंग में अनियमितता पर नाराजगी जताते हुए चीफ जस्टिस ने कहा है कि रजिस्ट्री के कामकाज में त्वरित और बड़े सुधारों की जरूरत है।कॉलेजियम सिस्टम में सुधार के लिए मोदी सरकार ने पहले कार्यकाल में एनजेएसी का कानून बनाया था। सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की संविधान पीठ ने उसे निरस्त कर दिया था। उस मामले में जज कुरियन जोसेफ ने फैसले में लिखा था कि कॉलेजियम प्रणाली से जजों की मनमानी नियुक्ति से न्यायिक व्यवस्था में बढ़ रही सड़ांध को रोकने के लिए पेरिस्त्रोइका (पुनर्निर्माण) और ग्लासनोस्त (खुलेपन) की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट या संसद ने ठोस कदम नहीं उठाया।संविधान लागू होने के 75 साल बाद भी अब तक किसी भी जज को महाभियोग के तहत हटाया नहीं गया है। संसद में दिए गए सरकारी जवाब के अनुसार, जजों के खिलाफ आठ हजार से ज्यादा शिकायतें आई हैं। संविधान के अनुसार, जल्द न्याय लोगों का मौलिक अधिकार है। जजों से अन्य वर्गों की अपेक्षा ज्यादा ईमानदारी की अपेक्षा रहती है, इसलिए उन्हें महामहिम के सम्मान के साथ अनेक सांविधानिक संरक्षण मिले हैं। इसके बावजूद जजों के खिलाफ शिकायतों के निवारण और कार्रवाई के लिए पारदर्शी और ठोस प्रणाली नहीं है। अन्ना आंदोलन के बाद लोकपाल को भ्रष्टाचार के विरुद्ध वरदान बताया गया था, लेकिन वह अपने मकसद में पूरी तरह से विफल हो गया। संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए न्यायिक व्यवस्था को ज्यादा पारदर्शी, निष्पक्ष और ईमानदार बनाने की जरूरत है। सोशल मीडिया में व्यंग्य बन रहे हैं कि किताब पर रोक लगाने के बाद अब न्यायपालिका से भ्रष्टाचार खत्म हो गया है। न्यायिक प्रशासन की स्वतंत्रता और जजों का सम्मान बढ़ाने के लिए भ्रष्टाचार पर आंख मूंदने के बजाय इस पर स्वस्थ बहस और ठोस कार्रवाई की जरूरत है। निश्चित रूप से आज भी प्रेस और न्यायपालिका पर लोगों की अंतिम आस टिकी है और उसकी आस न टूटे इसके लिए समाज,सरकार और न्यायालयों को समुचित प्रयास करना चाहिए क्योंकि पावर और पैसा सदैव किसी के पास नहीं टिकता और कभी-न-कभी हम भी पीड़ितों की पंक्ति में खड़े होते ही हैं।

# नए भारत के लिए शहरों की रूपरेखा बदलेगी शहरी चुनौती कोष से

आज की बात



श्रीनिवास कटिकिथला
सचिव, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

> अब चुनौती यह नहीं है कि भारत का शहरीकरण होगा या नहीं, बल्कि यह है कि क्या भारत का शहरीकरण प्रभावी, टिकाऊ और समवेशी तरीके से हो पाएगा। हाल ही में स्वीकृत शहरी चुनौती कोष (यूसीएफ) इस प्रश्न के उत्तर देने के भारत के नजरिए में एक अहम बदलाव का प्रतीक है।



भारत के शहरीकरण का सफर निर्णायक मोड़ पर है। आज देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में शहरों का बड़ा योगदान है, ये देश के सबसे गतिशील आर्थिक केंद्रों का केंद्र हैं और लाखों लोगों के जीवन स्तर को लगातार प्रभावित कर रहे हैं। फिर भी, ये शहर बुनियादी ढांचे की कमी, जलवायु परिवर्तन के खतरे, वित्तीय बाधाओं और संस्थागत बिखराव जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। अब चुनौती यह नहीं है कि भारत का शहरीकरण होगा या नहीं, बल्कि यह है कि क्या भारत का शहरीकरण प्रभावी, टिकाऊ और समावेशी तरीके से हो पाएगा। हाल ही में स्वीकृत शहरी चुनौती कोष (यूसीएफ) इस प्रश्न के उत्तर देने के भारत के नज़रिए में एक अहम बदलाव का प्रतीक है। वित्त वर्ष 2025-26 से वित्त वर्ष 2030-31 तक 1 लाख करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता राशि और करीब 4 लाख करोड़ रुपये के कुल निवेश को प्रेरित करने की अपेक्षित योजना के साथ, यह कोष पारंपरिक अनुदान-आधारित वित्तपोषण से हटकर, शहरी ढ़ांचागत विकास के लिए बाजार-आधारित, सुधार-संचालित और परिणाम पर आधारित ढांचे की ओर बदलाव का प्रतीक है।

शहरी चुनौती कोष की संरचना उसे पूर्व के कार्यक्रमों से अलग करती है। केंद्रीय सहायता परियोजना लागत के 25 प्रतिशत तक सीमित है और शहरों को कम से कम 50 प्रतिशत राशि नगरपालिका बांड, बैंक ऋण या सार्वजनिक-निजी भागीदारी जैसे बाजार स्त्रोतों से जुटानी होगी। बाकी राशि राज्यों, शहरी स्थानीय निकायों या अन्य वित्तपोषण माध्यमों से आ सकती है। यह आवश्यकता कार्यक्रम के मूल में वित्तीय अनुशासन को स्थापित करती है। यह संकेत देती है कि शहरी अवसंरचना अब केवल सार्वजनिक बजट पर निर्भर नहीं रह सकती, इसे राजस्व समर्थित परियोजनाओं के ज़रिए पूंजी बाजारों तक ज्यादा से ज्यादा पहुंच बनानी होगी। ऐसा करके, यह कोष ढ़ांचागत महत्वाकांक्षाओं के साथ राजकोषीय संयम का तालमेल बिठाने की कोशिश करता है।

यह कोष तीन विशिष्ट क्षेत्रों पर आधारित है, जो भारत के शहरी परिदृश्य की बदलती प्राथमिकताओं को दर्शाते हैं। पहला क्षेत्र है विकास केंद्र के रूप में शहरों को देखना। इसके तहत यह माना जाता है कि शहरी क्षेत्र आर्थिक इंजन हैं। यह एकीकृत स्थानिक और पारगमन योजना, आर्थिक गलियारों के साथ अवसंरचना और औद्योगिक, पर्यटन या लॉजिस्टिक्स क्लस्टर जैसे मजबूत आर्थिक आधारों के विकास का समर्थन करता है। इसका मकसद केवल परिसंपत्तियों का निर्माण करना नहीं, बल्कि प्रतिस्पर्धात्मकता और उत्पादकता को भी बढ़ाना है। दूसरा क्षेत्र, शहरों का रचनात्मक पुनर्विकास, भारतीय शहरीकरण की एक लंबे समय से चली आ रही चुनौती, ऐतिहासिक केंद्रों और केंद्रीय व्यावसायिक जिलों में भीड़भाड़ और गिरावट - का समाधान करता है। ब्राउनफील्ड पुनर्जनन, पारगमन आधारित विकास और सार्वजनिक भूमि के पुनर्गठन को प्रोत्साहित करके, यह कोष मौजूदा शहरी क्षेत्रों के भीतर मूल्यों को उजागर करने का प्रयास करता है। यह भूमि मूल्य अधिग्रहण और संरचित पुनर्विकास मॉडल के तर्क को पेश करता है, जिससे शहर सांस्कृतिक और विरासत चरित्र को संरक्षित करते हुए कम उपयोग वाली संपत्तियों को नवीनीकरण के चालक में बदला जा सकता है। तीसरा क्षेत्र जल और स्वच्छता पर केंद्रित है, जहां सेवा संतृप्ति, अपशिष्ट जल पुनः उपयोग, बाढ़ शमन और विरासत अपशिष्ट स्थलों के उपचार पर जोर दिया जाता है। इस ढांचे में जलवायु में बदलाव समाहित है, यह मानते हुए कि चरम मौसम की घटनाएं और पर्यावरणीय तनाव शहरी भेद्यता को नया रूप दे रहे हैं। शहरी चुनौती कोष के सबसे नवोन्मेषी तत्वों में से एक 5,000 करोड़ रुपए की ऋण चुकौती गारंटी योजना है। पहली बार, छोटे शहरी स्थानीय निकायों, खास तौर पर एक लाख से कम आबादी वाले, साथ ही पहाड़ी और पूर्वोत्तर राज्यों के शहरों, को संरचित केंद्रीय गारंटी के साथ बाजार वित्त तक पहुंच प्राप्त करने में सक्षम बनाया जा रहा है। प्रारंभिक उधार को जोखिममुक्त करके, यह योजना छोटी नगरपालिकाओं के लिए प्रवेश संबंधी बाधाओं को कम करती है और ऋणदाताओं को विश्वास दिलाती है। ऐसा करके, यह शहरी स्थानीय निकायों को अंतर-सरकारी हस्तांतरणों पर पूरी तरह निर्भर रहने के बजाय, पूंजी बाजारों का लाभ उठाने में सक्षम विश्वसनीय वित्तीय संस्थाओं के रूप में दोबारा स्थापित करना शुरू करती है।

यूसीएफ के तहत केंद्रीय सहायता प्राप्त करना शासन, वित्तीय और नियोजन सुधारों पर निर्भर है। शहरों से अपेक्षा की जाती है कि वे साख में सुधार करें, परिसंपत्ति प्रबंधन प्रणालियों को मज़बूत करें, सेवा वितरण को डिजिटल बनाएं, परिचालन दक्षता बढ़ाएं और एकीकृत भूमि उपयोग तथा गतिशीलता नियोजन ढांचे अपनाएं। वित्तपोषण लक्ष्यों और मापने योग्य नतीजों से जुड़ा है और लगातार सुधार बाद के संवितरणों के लिए एक पूर्व शर्त है। यह दृष्टिकोण यह दिशा में प्रयास करता है कि अवसंरचना निर्माण के साथ-साथ संस्थागत सुदृढ़ीकरण भी हो, जिससे कमजोर रखरखाव या कुप्रबंधन के कारण परिसंपत्तियों के क्षय का जोखिम कम हो। शहरी चुनौती कोष शहरी विकास में निजी क्षेत्र की भूमिका को भी पुनर्परिभाषित करता है। बाजार वित्तपोषण को अनिवार्य बनाकर और संरचित जोखिम-साझाकरण व्यवस्थाओं को प्रोत्साहित करके, यह डिजाइन, वित्तपोषण और संचालन में निजी भागीदारी को और अधिक व्यापक बनाता है। परियोजना तैयारी सहायता, लेनदेन सलाहकार सहायता और डिजिटल निगरानी प्रणालियों का मकसद परियोजना की व्यवहार्यता और निवेशकों के विश्वास को मजबूत करना है। अगर इसे प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है, तो यह भारत के नगरपालिका बांड बाजार को और बड़ा कर सकता है और शहरी अवसंरचना के लिए वित्तपोषण आधार को व्यापक बना सकता है। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने इस निधि को एक व्यापक हितधारक व्यवस्था के तहत रखा है। राज्यों, शहरी स्थानीय निकायों, वित्तीय संस्थानों, क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों और निजी विकासकर्ताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे एक प्रतिस्पर्धी, चुनौती-आधारित प्रक्रिया के ज़रिए इसमें शामिल हों, जो तत्परता और नवाचार को पुरस्कृत करती है।

राष्ट्रीय, राज्य और शहर स्तर पर क्षमता निर्माण के प्रावधान इस ढांचे में अंतर्निहित हैं, यह मानते हुए कि वित्तीय मदद तक पहुंच के साथ-साथ तकनीकी और प्रबंधकीय दक्षता भी ज़रुरी है। डिजिटल निगरानी प्लेटफॉर्म से पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ने और परिणाम-आधारित शासन को मज़बूत करने की अपेक्षा की जाती है।

राष्ट्रीय नवीन मेल
धर्म-अध्यात्म

# स्थिर उद्देश्य, समग्र प्रयास व आत्मसंयम से विकास





स्वामी चिन्मयानंद

अक्सर सबसे बड़े अवरोध हमारे अपने मन से आते हैं, जब हम अतीत के पछतावों, वर्तमान की उत्साहपूर्ण घटनाओं तथा भविष्य की चिंताओं में उलझे रहते हैं। तीसरे श्लोक (9.27) में हमने यह सीखा कि हमें एक स्थिर उद्देश्य रखना चाहिए तथा प्रत्येक कर्म को उपासना में बदलना चाहिए। हम यह एक उच्च दृष्टि से प्रेरित होकर करते हैं, जो सम्पूर्ण जगत के लाभ के लिए होती है। एक बार जब हम इन तीन गुणों-स्थिर उद्देश्य, समग्र प्रयास, एवं आत्मसंयम-को विकसित कर लेते हैं, तब स्वयं ईश्वर प्रतिज्ञा करते हैं- "मैं उनकी आवश्यकताएँ पूरी करता हूँ तथा जो कुछ उनके पास विद्यमान है, उसका संरक्षण भी करता हूँ। महाभारत युद्ध के दौरान, दुर्योधन निराश महसूस कर रहा था क्योंकि उसके सेनापति भीष्म पितामह अब तक किसी भी पाण्डव का वध नहीं कर पाए थे। दुर्योधन ने भीष्म का उपहास किया, यह संकेत देते हुए कि वह कमजोर हैं तथा पाण्डवों का पक्ष लेते हैं। यह सुनकर भीष्म ने अगले ही दिन अर्जुन को मारने का संकल्प लिया। उनके शब्द पूरे युद्धक्षेत्र में गूँज उठे। पाण्डव सेना चिंता से काँप उठी। श्री कृष्ण ने सोचा कि अर्जुन शायद बेचैन और चिंतित होंगे, इसलिए वे उन्हें देखने गए। किन्तु जब श्री कृष्ण उनके तम्बू में पहुँचे, अर्जुन गहरी नींद में सो रहे थे! श्री कृष्ण ने उन्हें जगाया और पूछा कि क्या उन्होंने भीष्म का वचन सुना था। अर्जुन ने कहा कि उन्होंने निश्चित रूप से सुना, पर वे बिल्कुल चिंतित नहीं थे क्योंकि ईश्वर ने अपने भक्तों की हमेशा रक्षा करने का वचन दिया है। तो उन्हें किस बात की चिंता करनी है।

*-पुस्तक गीता पंचामृत से साभार)*

# सावरकर का शक्ति और शास्त्र के संगम का अद्वितीय राष्ट्रवाद

अलग बात



अशोक 'प्रवृद्ध'

विनायक दामोदर सावरकर (28 मई 1883- 26 फरवरी 1966) भारतीय इतिहास के उन विरल व्यक्तित्वों में से हैं, जिन्हें जानना, समझना जितना जटिल है, उतना ही आवश्यक भी। राष्ट्र के लिए तो यह और भी आवश्यक हो जाता है। सावरकर केवल एक क्रांतिकारी ही नहीं, वरन एक भविष्यदृष्टा, तर्कशास्त्री, समाज सुधारक और प्रखर कवि भी थे। उनके राष्ट्र प्रेम का फलक इतना विस्तृत है कि वह जेल की कोठरी से लेकर आधुनिक सैनिकीकरण की नीतियों तक फैला हुआ है। वीर सावरकर एक निश्चित सांचे में ढलने वाले व्यक्तित्व नही थे। उनके राष्ट्र प्रेम का आधार कोई भावुकता मात्र नहीं, बल्कि एक कठोर बौद्धिक यथार्थवाद था। उनके जीवन के तीन प्रमुख आयाम उन्हें भारतीय चिंतन की मुख्यधारा में अद्वितीय स्थान दिलाते हैं। जहां उस दौर की मुख्यधारा की राजनीति याचिकाओं और क्रमिक सुधारों में विश्वास रखती थी, वहीं सावरकर ने सशस्त्र क्रांति और अजेय संकल्प के बल पर अभिनव भारत के माध्यम से पूर्ण स्वतंत्रता का शंखनाद किया। 1857 के संघर्ष को गद्दर के कलंक से निकालकर स्वतंत्रता समर का सम्मान दिलाना उनकी महानतम ऐतिहासिक देन थी। सेलुलर जेल की दीवारों पर कांटों से कविताएं लिखना और कोल्हू के बैल की तरह पिसते हुए भी हार न मानना, उनके उसी अजेय संकल्प का प्रमाण था, जिसे उन्होंने अपनी कविता में अनादि और अवध्य कहा था। सावरकर के राष्ट्र प्रेम का सबसे क्रांतिकारी पक्ष रुढियों पर प्रहार और उनके समाज सुधार के कार्य थे। वे जानते थे कि एक खंडित और छुआछूत में बंटा समाज कभी एक अखंड राष्ट्र नहीं बन सकता। रत्नागिरी में उन्होंने सप्त बंडियों अर्थात सात बेड़ियों को तोड़कर जो कार्य किया, वह उनके विज्ञानवादी होने का प्रमाण था। वैदिक, पौराणिक प्रसंग गोमहिमा से भरे होने के बावजूद भारतीय परंपरा के विपरीत उनका यह कहना कि गाय एक उपयोगी पशु है, भगवान नहीं, उनके तर्कसंगत राष्ट्रवाद को दर्शाता है। वे भारतीय समाज को प्राचीन रूढ़ियों से निकाल कर आधुनिक विज्ञान और औद्योगिक युग में ले जाना चाहते थे। सावरकर शायद पहले नेता थे, जिन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा के लिए सैनिकीकरण की आवश्यकता को पहचाना। उनका नारा राजनीति का हिन्दूकरण और हिन्दुओं का सैनिकीकरण केवल एक वर्ग विशेष के लिए नहीं, बल्कि भारत की सामरिक शक्ति को बढ़ाने का एक ब्लूप्रिंट था। उनका मानना था कि अहिंसा केवल तभी शोभा देती है जब आपके पास प्रहार करने की शक्ति हो। आज की आधुनिक रक्षा नीतियों में सावरकर के उसी शक्ति संतुलन के विचार की झलक मिलती है। सावरकर का राष्ट्र प्रेम स्व की पहचान का प्रेम था। उन्होंने सिखाया कि राष्ट्र केवल मिट्टी का ढेर नहीं, बल्कि उस पर रहने वाले लोगों का साहस, उनकी संस्कृति और उनकी वैज्ञानिक चेतना है। वे एक ऐसे शक्ति साधक थे, जिन्होंने भारतीय राजनीति को यथार्थवाद का दर्पण दिखाया। मातृभूमि की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। यही सावरकर के जीवन का सार और संदेश है। अंडमान की काल कोठरी में राष्ट्रवाद का व्याकरण लिखने वाले वीर सावरकर का राष्ट्रवाद केवल नारों का नहीं, बल्कि निशान और निर्माण का राष्ट्रवाद था। उन्होंने हमें सिखाया कि जब तक समाज जातिवाद की बेड़ियों में जकड़ा रहेगा, तब तक अखंड भारत का स्वप्न अधूरा रहेगा। उन्होंने नारा दिया- हिन्दुओं का सैनिकीकरण करो, क्योंकि वे जानते थे कि कायरों की शांति को दुनिया कायरता कहती है, जबकि शक्तिशालियों की शांति को दुनिया सम्मान देती है। उनके विज्ञाननिष्ठ और सशक्त भारत के विचार आज भी अत्यंत प्रासंगिक और प्रेरणा देने वाले हैं। सावरकर राष्ट्रवाद, क्रांति व तर्क के संगम थे। सावरकर का राष्ट्रवाद भी अद्वितीय है, क्योंकि वह अतीत के गौरव और भविष्य की आधुनिकता को जोड़ता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**फेसबुक वॉल से**




**एक्स से**




## आज का दोहा

रंग लिए उड़ने लगा, फागुन पंख लगाय।
मन ही मन उड़ने लगी, फगुनी भी पुलकाय।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444
संपादक

विश्व किशोर मानसिक स्वास्थ्य दिवस

# किशोरों में बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य समस्या अत्यंत गंभीर

देश की बात



डॉ. प्रितम भि. गेडाम

आज के आधुनिक युग में मनुष्य जिस प्रकार से खुद को उन्नत महसूस कर रहा है, उससे ज्यादा खुद को समस्याओं में घिरा पा रहा है, इसमें विशेष है मानसिक स्वास्थ्य समस्या। हर उम्र के लोग कभी न कभी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से रूबरू होते है या हुए है, सुख-शांति बस नाम की नजर आती हैं। ऐसा लगता है, जैसे हर कोई किसी प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए जी रहा हैं। आजकल किशोरवयीन बच्चों में भी मानसिक स्वास्थ्य समस्या का विषय बेहद घातक स्तर पर पहुंच गया हैं। किशोरों में लगातार बढ़ता आपराधिक ग्राफ भी गंभीर नजर आता है, इस उम्र के बच्चों में गुस्सा, चिड़चिड़ापन, तनाव, द्वेष, सहनशीलता की कमी, सोशल मीडिया की लत, नशाखोरी जैसी समस्या तेजी से बढ़ी हैं। हम अक्सर किशोरों द्वारा किये जानेवाले घटनाओं और कृत्यों को जानकर दंग रह जाते है कि, अभिभावकों ने केवल डांटा तो किशोरवयीन बच्चे आत्महत्या या खुद को हानि पहुँचाते, घर से भाग जाना या अनुचित कदम उठाने जैसे अपराध करते है, संगीन अपराधों के लिए बड़े अपराधियों जैसी गैंग बनाकर घूमते हैं। चोरी, डकैती, तस्करी, बलात्कार, खून, जानलेवा हमला करने जैसे गंभीर गुनाहों में भी किशोरवयीन बच्चे लिप्त होने की घटनाएं हैं। स्कूली बच्चों द्वारा अपने शिक्षक पर भी जानलेवा हमले करने की घटनाएं अक्सर सामने आती हैं। कम उम्र में ही गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड का चलन, सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग, नशाखोरी, झूठा दिखावा करना, बात-बात पर झूठ बोलना, संस्कारों की कमी, नैतिकताहीन, चरित्रहीनता, अश्लीलता, फूहड़ता ने समाज में जहर घोल दिया हैं। लोगों को आकर्षित करने के लिए मर्यादाओं को लांघकर बेशर्मी का चोला पहनकर अनेक युवा जिंदगी बर्बाद कर चुके हैं। दूसरी ओर अभिभावकों का अपने बच्चों पर नियंत्रण न होना, बच्चों पर अँधा भरोसा, बच्चों को समय न देना, बच्चों को पोषक वातावरण न देना, बच्चों से बहुत ज्यादा उम्मीदें रखना, प्रतियोगिता का माहौल बनाना, बच्चों पर दबाव डालना या बच्चों की भावनाओं को अभिभावकों द्वारा न समझना, बुरी संगत, बच्चों का जीवन में बुरी बातों या घटनाओं का विरोध करने से डरना, किसी खौफ के साये में जीना भी आजकल किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य की वजह हैं। किशोरों में बढ़ती मानसिक स्वास्थ्य समस्या के प्रति जागरूकता हेतु हर साल 2 मार्च को "विश्व किशोर मानसिक स्वास्थ्य दिवस" मनाया जाता है, यह दिवस जागरूकता बढ़ाने, स्टिग्मा को कम करने, चिंता और तनाव, अवसाद जैसी किशोरवयीन स्वास्थ्य चुनौतियों के बारे में खुली बातचीत को बढ़ावा देने और साथ ही स्वःदेखभाल नीतियों पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर देता हैं। इस साल 2026 की थीम "किशोरवयीन विद्यार्थियों को उनके स्कूलों में स्वास्थ्यवर्धक कल्याणकारी उपक्रम हेतु नेतृत्व करने के लिए मजबूत बनाना" यह हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार, किशोरवयीन बच्चे शारीरिक, भावनात्मक और सामाजिक बदलावों की वजह से मानसिक स्वास्थ्य समस्या के शिकार हो जाते है, जिसमें गरीबी, गलत व्यवहार या हिंसा शामिल हैं। इन्हें ऐसी समस्याओं से बचाकर बेहतर जीवन के लिए आवश्यक पोषक वातावरण निर्माण कर देना बेहद जरुरी हैं। ऐसा अनुमान है कि, दुनिया भर में, 10-19 साल की उम्र के हर सात में से एक बच्चा मानसिक स्वास्थ्य समस्या का शिकार है, यह दुनिया भर में होने वाली कुल बीमारियों का 15 प्रतिशत है, फिर भी इन समस्या को ज्यादातर पहचाना नहीं जाता और उनका इलाज नहीं किया जाता।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# चंद्रग्रहण के चलते 3 मार्च को बंद रहेंगे अयोध्या के मंदिरों के पट

**एजेंसी। अयोध्या**

साल 2026 का पहला चंद्रग्रहण 3 मार्च को लगने जा रहा है, जिस वजह से देश के सभी मंदिरों में दर्शन बंद रहेंगे। इसको लेकर अयोध्या प्रशासन और मंदिर प्रबंधन ने पहले ही सभी श्रद्धालुओं को जानकारी दे दी है, जिससे असुविधा न हो। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार इस बार ग्रहण मंगलवार दोपहर 3 बजकर 19 मिनट से शुरू होगा और शाम 6 बजकर 7 मिनट तक चलेगा। भारत में यह ग्रहण साफ दिखाई देगा। चंद्रग्रहण के ठीक 9 घंटे पहले से ही सूतक काल लागू हो जाएगा, जिसे धार्मिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। सूतक काल के कारण सुबह लगभग 8 बजे से लेकर रात 8:30 बजे तक सभी प्रमुख मंदिरों के पट आम श्रद्धालुओं के लिए बंद रहेंगे। इस दौरान कोई भी भक्त मंदिर में प्रवेश नहीं कर पाएगा। अयोध्या के राम मंदिर सहित जिले के सभी बड़े और प्रसिद्ध मंदिरों में भी यही नियम लागू होगा। अयोध्या के डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि अयोध्या में यह परंपरा है कि चंद्र ग्रहण के दौरान सभी मंदिर आमतौर पर बंद कर दिए जाते हैं। और उन तारीखों और लंबे समय पर दर्शन नहीं होते हैं। उन्होंने कहा कि 3 मार्च को चंद्र ग्रहण होने के कारण जिले के सभी बड़े मंदिर दर्शन के लिए बंद रहेंगे।



# केमिकल रंगों से त्वचा को हो सकती है एलर्जी रैशेज, हर्बल रंगों से मनाएं सुरक्षित होली

**एजेंसी। नई दिल्ली**



होली का त्योहार रंगों की खुशी से भरा होता है, लेकिन बाजार में मिलने वाले ज्यादातर सिंथेटिक या केमिकल रंग त्वचा के लिए बहुत खतरनाक साबित हो रहे हैं। हर साल लाखों टन ऐसे रंग इस्तेमाल होते हैं, जिनमें लेड, मरकरी, क्रोमियम, सिलिका जैसे भारी धातु, इंडस्ट्रियल डाईज, माइका डस्ट और कभी-कभी इंजन ऑयल तक मिले होते हैं। ये रसायन त्वचा को तुरंत और लंबे समय तक कई समस्याएं दे सकते हैं। केमिकल रंगों से त्वचा में जलन, खुजली, लालिमा, सूजन, एक्जिमा जैसी एलर्जी, ड्राइनेस और दर्द तक हो सकता है। चेहरा सबसे ज्यादा प्रभावित होता है क्योंकि रंग सीधे वहां लगते हैं। यही नहीं पहले से मौजूद बीमारियों में बढ़ोतरी - एक्ने, एक्जिमा, सोरायसिस, विटिलिगो या संवेदनशील त्वचा वाले लोगों में स्थिति बिगड़ सकती है। लंबे समय के खतरे जैसे पोस्ट-इंफ्लेमेटरी हाइपरपिग्मेंटेशन (काले धब्बे), लेड जैसे टॉक्सिन बच्चों के लिए खासतौर पर हानिकारक हो सकते हैं। गर्भवती महिलाओं के लिए भी हानिकारक हैं। यही नहीं आंखों में जलन, रेडनेस, वॉटरिंग, ग्रिटिनेस, बालों का झड़ना, नाखूनों की समस्या भी आम बात है। चेहरा सबसे नाजुक हिस्सा होने से इसका खास ख्याल रखना जरूरी है। होली से पहले और बाद में कुछ आसान उपाय अपनाने से कई लाभ मिलते हैं। प्री-होली प्रोटेक्शन के तहत चेहरे, गर्दन, हाथ-पैरों पर नारियल, बादाम, सरसों या तिल का तेल अच्छे से लगाएं। यह बैरियर बनाता है, रंग गहराई तक नहीं जाते। मॉइस्चराइजर और सनस्क्रीन लगाएं। होंठों पर लिप बाम और नाखूनों पर क्लियर नेल पॉलिश लगाएं। रंग खेलते समय सनग्लास पहनें ताकि आंखें सुरक्षित रहें। वहीं, पोस्ट-होली केयर में ठंडे पानी से धोएं, हल्के क्लेंजर या ऑयल-बेस्ड क्लेंजिंग बाम से रंग हटाएं। चेहरे या त्वचा को रगड़ने से बचें, वरना स्क्रैच या एलर्जी बढ़ सकते हैं। मॉइस्चराइजर लगाकर त्वचा को हाइड्रेट रखें। अगर रैशेज या जलन हो तो डॉक्टर से सलाह लें। केमिकल रंगों के बजाय हर्बल या नेचुरल कलर्स अपनाना सबसे सुरक्षित है। ये पौधों, फूलों और रसोईघर की चीजों से बनते हैं, जो त्वचा के लिए फायदेमंद और पर्यावरण हितैषी होते हैं।

# भारत में झुका ईरानी दूतावास का झंडा

## खामेनेई की मौत के बाद ईरान में शोक



**एजेंसी। तेहरान**

ईरान के सुप्रीम नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत के बाद देश में 40 दिनों के शोक का ऐलान किया गया है। इसके साथ ही ईरान ने पवित्र स्थल इमाम रजा दरगाह पर काला झंडा फहराया गया। वहीं भारत में ईरानी दूतावास में वहां के झंडे को आधा झुका दिया गया है। साथ ही दुनिया के तमाम देशों से अमेरिका और इजरायल के इस हमले की कड़ी आलोचना करने के लिए कहा। ईरानी दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "भारत में इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान का दूतावास, अमेरिका और इजरायल की यहूदी सरकार के क्रूर और आपराधिक हमलों के बाद अयातुल्लाह सैय्यद अली खामेनेई की शहादत पर गहरा दुख और शोक जाहिर करता है।" ईरानी दूतावास ने दुनिया के तमाम देशों से अपील की है कि वे इस खुलेआम जुर्म की कड़ी निंदा करें और कानून की अनदेखी और हमले के सामने चुप न रहें। ईरानी दूतावास ने आगे कहा, "बेशक, इस माफ न किए जा सकने वाले जुर्म के गंभीर नतीजे सीधे तौर पर गुनहगार अमेरिकी सरकार और कब्जा करने वाली यहूदी सरकार को भुगतने पड़ेंगे, जो इसके सभी नतीजों के लिए पूरी तरह जिम्मेदार होंगे।

## खामेनेई की मौत से दुखी कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने ट्रंप को बताया पागल और बेरहम



**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत पर कांग्रेस नेताओं ने दुख जताया है। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि अगर हम इतिहास देखें, तो दुनिया बहादुर लोगों को याद करती है और खामेनेई को भी एक बहादुर नेता के तौर पर याद किया जाएगा। कांग्रेस सांसद ने कहा कि खामेनेई ने अपने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी और देश से बड़ा कुछ नहीं होता। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए इमरान मसूद ने कहा एक बेरहम और पागल आदमी की वजह से पूरी दुनिया जल रही है। आज मेरा दिल बहुत दुखी है। खामेनेई गांधी की विचारधारा से काफी प्रभावित थे। सांसद इमरान मसूद ने कहा, "मैं लोगों से अपील करना चाहता हूं कि हम लोग खामेनेई के जाने का गम भर नहीं सकता है। उत्तर प्रदेश के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि खामेनेई साहब एक बहादुर आदमी थे जिन्होंने सरेंडर नहीं किया। वे लड़े और लड़ाई के दौरान शहीद हो गए। मैं उन्हें सलाम करता हूं। यूएस और इजरायल जिस तरीके से अत्याचार कर रहे हैं, मैं समझता हूं कि यह बहुत दुखद है।

## लखनऊ की सड़कों पर ईरान-अमेरिका टेंशन का असर खामेनेई की हत्या पर शिया समुदाय का भारी विरोध



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रविवार को पुराने इलाकों में बड़ी संख्या में लोग अमेरिका और इज़राइल के संयुक्त सैन्य हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के विरोध में सड़कों पर उतर आए। प्रमुख शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब अब्बास ने आज खामेनेई की हत्या की निंदा करते हुए इसे वैश्विक समुदाय के लिए "बेहद दुर्भाग्यपूर्ण" बताया। एएनआई से बात करते हुए शिया धर्मगुरु ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। दुनिया सोचती है कि खामेनेई की हत्या से ईरान का अंत हो जाएगा... अमेरिका और इज़राइल को ईरान से मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। आज रात 8:30 बजे लखनऊ के इमामबाड़ा में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। अखिल भारतीय शिया पर्सनल लॉ बोर्ड ने तीन दिन के शोक की घोषणा की है, जिसके दौरान हम सभी काले कपड़े पहनेंगे और अपने घरों पर काले झंडे फहराएंगे। इस बीच, ईरान में 40 दिनों का सार्वजनिक शोक मनाया जा रहा है।

# खामेनेई की हत्या अनैतिक और गैरकानूनी : असदुद्दीन ओवैसी



**हैदराबाद।** एआईएमआईएम प्रेसिडेंट असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई की हत्या को गलत और गैर-कानूनी काम बताया। हैदराबाद सांसद ओवैसी ने अपनी पार्टी की तरफ से शिया समुदाय के प्रति संवेदना जताई, जो खामेनेई को अपना नेता मानते हैं। उन्होंने अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों की निंदा की। उन्होंने कहा कि ये हमले बिल्कुल निंदनीय हैं, खासकर तब जब जिनेवा में ईरान-यूएस की बातचीत चल रही थी। ओवैसी ने मीडिया से कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मिलकर ईरान पर हमला किया है। उन्हें इस बात की भी परवाह नहीं थी कि यह रमजान का पवित्र महीना है। वैसे भी, बेंजामिन नेतन्याहू को इंसानियत पर भी भरोसा नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि अगर जिनेवा में कोई कामयाबी मिलती, तो ईरान अपने पास मौजूद न्यूक्लियर हथियारों का इस्तेमाल न करने पर राज़ी हो सकता था। यह देखते हुए कि ईरान पर हुए हमलों में 200 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और मरने वालों में 108 लड़कियां भी शामिल हैं, जो एक गर्ल्स स्कूल पर हुए हमले में मारी गईं, ओवैसी ने लड़ाई को तुरंत रोकने की मांग की। उन्होंने कहा कि ईरान पर ये हमले जल्द से जल्द रुकने चाहिए, नहीं तो पूरा इलाका अस्थिरता में फंस जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारत को इस युद्ध को खत्म करने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। हमें उम्मीद है कि मौजूदा सरकार अयातुल्ला खामेनेई की हत्या की निंदा करेगी और युद्ध को रोकने की पूरी कोशिश करेगी। हमें याद रखना चाहिए कि खाड़ी देशों में 10 मिलियन भारतीय काम करते हैं। अभी जानकारी मिली है कि ओमान पोर्ट पर भारतीय मजदूर घायल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि 'उमरा' के लिए गए कई भारतीय पैसे खत्म होने के कारण फंस गए हैं और सभी फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई हैं।

## ओवैसी के दिल में जिन्ना का जिन्न घुस गया है : गिरिराज



**पटना।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि ओवैसी के दिल में जिन्ना का जिन्न घुस गया है। असदुद्दीन ओवैसी ने पीएम मोदी की हाल में पूर्ण हुई इजरायल यात्रा को लेकर कहा था कि भारत की विदेश नीति संतुलित और स्वतंत्र होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत को शांति, संवाद और अंतरराष्ट्रीय कानून के सम्मान पर जोर देना चाहिए। इस बयान पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि ओवैसी नेशनल लीडर नहीं हैं। वे दुनिया के मुस्लिम लीडर बन गए हैं। उनके दिल में जिन्ना का जिन्न घुस गया है। वे भारत को तोड़ना चाहते हैं। अब दोबारा भारत नहीं टूटेगा। घुसपैठ को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान का समर्थन करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि बिल्कुल सही बात है। वर्तमान में बंगाल मुस्लिम घुसपैठियों के लिए सबसे बड़ी नर्सरी बन गई है। इन घुसपैठियों की पहचान बाहर करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि घुसपैठिया भारत की सुरक्षा के लिए खतरा रहा है। इसीलिए बंगाल से ममता बनर्जी की सरकार को बदलना जरूरी है। बंगाल में लाखों नहीं, करोड़ों घुसपैठिए मुस्लिम हैं, जिनको ममता बनर्जी सरकारी कागज देकर भारत का नागरिक बनाना चाहती हैं। बंगाल को चुनाव आयोग को गंभीरता से लेना चाहिए। पीएम मोदी के कांग्रेस पर दिए बयान का समर्थन करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को अगर मुस्लिम लीग या माओवादी पार्टी कहा है तो कुछ गलत नहीं कहा।

## हैदराबाद में प्रदर्शन, महिलाएं-बच्चे भी शामिल

**हैदराबाद।** हैदराबाद में शिया समुदाय के लोगों ने रविवार को अमेरिका और इजरायल के मिले-जुले हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या की निंदा करते हुए विरोध-प्रदर्शन किया। ईरान पर शनिवार को हुए हमले में खामेनेई के मारे जाने की पुष्टि होने के बाद पुराने शहर के शिया-बहुल इलाकों में उदासी छा गई। पूरी हवेली, नूर खान बाजार, दारुलशिफा और दूसरे इलाकों में काले कपड़े पहने पुरुष और महिलाएं खामेनेई की हत्या की निंदा करने के लिए सड़कों पर उतर आए, जिन्हें दुनिया भर में शिया समुदाय का नेता माना जाता था। हाथों में खामेनेई की तस्वीरें लिए पुरुष, महिलाएं और बच्चे सड़कों पर उतरे और हत्या की निंदा करते हुए नारे लगाए। एक शिया नेता ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि खामेनेई जुल्म के खिलाफ खड़े होने और जालिमों के आगे सरेंडर करने से इनकार करने के लिए शहीद हुए। उन्होंने आगे कहा कि मुसलमानों में एकता की कमी के कारण यह दुखद घटना हुई। एक शिया धार्मिक और सामाजिक-राजनीतिक संगठन तंजीम-ए-जाफरी के आह्वान पर खामेनेई की हत्या की निंदा करने के लिए एक रैली निकाली गई।

## श्रीनगर समेत कई शहरों में विरोध-प्रदर्शन

**श्रीनगर।** अमेरिका और इजरायल के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर सामने आते ही हड़कंप मच गया। इसका असर भारत में भी देखने को मिल रहा है। जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में लोग सड़कों पर उतर आए और अमेरिका व इजरायल के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर ने लोगों में गुस्से और रोष की लहर पैदा कर दी। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर और बडगाम समेत कई शहरों में लोग नारे लगाते हुए मार्च कर रहे हैं, जिस वजह से शहरों की कई मुख्य सड़कों पर ट्रैफिक बाधित हो गया। स्थिति को काबू में करने के लिए अधिकारियों ने कुछ जगहों पर वाहनों का रास्ता बदल दिया। श्रीनगर में भी रविवार को विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। स्थानीय लोग खामेनेई की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं और अमेरिका व इजरायल विरोधी नारे लगा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों की संख्या बढ़ने के कारण शहर के कई हिस्सों में पुलिस ने ट्रैफिक डायवर्ट कर दिया, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे। हालांकि, प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है लेकिन किसी भी तरह की अनहोनी को रोकने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

## कई पार्टी के नेताओं ने संघर्ष पर चिंता जताई

**नई दिल्ली।** ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के अमेरिका-इजरायल के जॉइंट स्ट्राइक में मारे जाने के बाद रविवार को पूरे भारत से कड़ी राजनीतिक प्रतिक्रियाएं आईं। विभिन्न दलों के नेताओं ने हमले की निंदा की और मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव पर चिंता जताई। भारतीय नेताओं ने टकराव को रोकने के लिए संयम बरतने की अपील की। भाजपा तेलंगाना अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रवक्ता मीर फिरासत अली बाकरी ने हमले की निंदा की और ईरानी कल्चर ऑफिस में श्रद्धांजलि देते हुए कहा, "खामेनेई पर जिस तरह अमेरिका और इज़रायल ने उन पर कायरतापूर्ण हमला किया, हम उसकी बुराई करते हैं। मैं अपनी और पार्टी की तरफ से सभी शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए ईरानी कल्चर ऑफिस आया हूं। उन्होंने कहा, "यह सिर्फ़ पूरे मुस्लिम समुदाय के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे भारत के लिए भी एक नुकसान है। जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई नहीं हो सकती। इसकी जितनी भी बुराई की जाए, कम है।" आप दिल्ली के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने भी बढ़ते इज़रायल-ईरान संघर्ष की निंदा की और इसे ग्लोबल इंस्टीट्यूशन्स के कमज़ोर होने से जोड़ा। भारद्वाज ने कहा, "जब यूनाइटेड नेशंस, वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइज़ेशन और सिक्योरिटी काउंसिल फेल हो जाते हैं।

# एक नजर

## कराची के अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर झड़प, सुरक्षाकर्मियों की गोली से 9 की मौत

**इस्लामाबाद।** ईरान पर रविवार सुबह इजराइल और अमेरिका के संयुक्त हमले में वहां के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खमेनेई की मौत की खबर से पाकिस्तान के अलग-अलग हिस्सों में लोग भड़क गए हैं। हजारों प्रदर्शनकारी आज कराची स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर जमा होकर नारेबाजी की। इस दौरान हुई झड़प के बाद अमेरिकी सुरक्षाकर्मियों ने गोलियां चला दीं, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सिंध के गृह मंत्री ने पुलिस से घटना की रिपोर्ट तलब की है। जियो टीवी ने सरकारी अस्पताल के अधिकारियों के हवाले से बताया है कि कराची में आज दोपहर अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर अमेरिका और इज़राइली हमलों का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प के दौरान कम-से-कम 9 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। अस्पताल के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। घटना को लेकर इस्लामाबाद स्थित यूएस दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बयान जारी कर अपने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। साथ ही इस्लामाबाद में अमेरिकी दूतावास और पेशावर में वाणिज्य दूतावास के समक्ष प्रदर्शनों के आह्वान पर भी हमारी नजर है। पाकिस्तान में रहने वाले अमेरिकी नागरिकों को स्थानीय समाचारों पर नजर रखने और व्यक्तिगत सुरक्षा के अच्छे उपाय के साथ सतर्कता, भीड़भाड़ वाली जगहों से बचने की सलाह दी जाती है।'

## जम्मू-कश्मीर में हाई अलर्ट, मीडिया व सोशल मीडिया यूजर्स के लिए एडवाइजरी जारी

**बारामूला।** अमेरिका और इजरायल के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर सामने आते ही जम्मू-कश्मीर में हड़कंप मच गया। बारामूला और श्रीनगर के कई हिस्सों में लोग सड़कों पर उतर आए और अमेरिका व इजरायल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने लगे। बारामूला पुलिस ने मौजूदा हालात को देखते हुए सभी मीडिया हाउस, पत्रकारों, सोशल मीडिया यूज़र्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म को एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने सभी से आग्रह किया है कि कोई भी खबर प्रकाशित या प्रसारित करने से पहले इसे ऑफिशियल और भरोसेमंद स्रोत से वेरिफाई कर लिया जाए। अफवाहें या बिना सत्यापित जानकारी फैलाने से बेवजह पैनिक और सार्वजनिक अस्थिरता पैदा हो सकती है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जो लोग गलत जानकारी या अफवाहें फैलाने में पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शांति और भाईचारे को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार रिपोर्टिंग और सूचनाओं का सही इस्तेमाल बेहद जरूरी है। सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस दिशा में सकारात्मक योगदान दें।

## दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 14 जेएनयू छात्रों की रिहाई का दिया आदेश



**नई दिल्ली।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने जेएनयू प्रदर्शन मामले में गिरफ्तार 14 छात्रों को रिहा करने का आदेश दिया है। शुक्रवार को जमानत मिलने के बाद भी दस्तावेजों के सत्यापन के लिए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। पटियाला हाउस कोर्ट ने शुक्रवार को 14 जेएनयू छात्रों को जमानत दी, लेकिन इन छात्रों के स्थायी पते के सत्यापन तक उन्हें न्यायिक हिरासत में तिहाड जेल भेजा गया था। रविवार को कोर्ट ने रिहाई का आदेश देते हुए आरोपी छात्रों के सभी दस्तावेजों के सत्यापन के लिए 10 दिन का समय निर्धारित किया। जेएनयू छात्रों को गुरुवार को पुलिस के साथ टकराव के दौरान गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के मुताबिक, करीब 300 प्रदर्शनकारियों ने बिना इजाजत के मार्च निकालने की कोशिश की। जब पुलिस वालों ने बैरिकेड लगाकर उन्हें रोकने की कोशिश की, तो प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर हाथापाई की और अधिकारियों पर हमला किया।

## नागपुर बारूद फैक्ट्री में धमाका, 17 की मौत, पीएम ने 2 लाख की मदद का ऐलान किया




**नागपुर।** एक अत्यंत दुखद खबर ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। एक तरफ जहां सीमा पर तनाव की खबरें हैं, वहीं दूसरी तरफ महाराष्ट्र के नागपुर में एक औद्योगिक इकाई में हुए भीषण विस्फोट ने कई परिवारों को उजाड़ दिया है। रविवार, 1 मार्च 2026 की सुबह नागपुर जिले के कटोल तालुका स्थित एक विस्फोटक निर्माण इकाई (एसबीएल कंपनी) में भीषण विस्फोट हुआ। ताजा रिपोर्टों के अनुसार, इस दर्दनाक हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है, जबकि कई अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हैं। धमाका इतना शक्तिशाली था कि फैक्ट्री की 'डेटोनेटर पैकिंग यूनिट' पूरी तरह मलबे में तब्दील हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने निम्नलिखित सहायता की घोषणा की है। मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि। घायलों को गंभीर रूप से घायल प्रत्येक व्यक्ति को 50,000 रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी। घायलों को नागपुर के ऑरेंज सिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जबकि कुछ गंभीर रूप से घायलों को इमरजेंसी इलाज के लिए पास के सरकारी हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया है।

# चीन का रिकॉर्ड ध्वस्त कर काशी ने रचा नया वैश्विक कीर्तिमान, एक घंटे में रोपे 251446 पौधे

- रामनगर डोमरी के 'शहरी वन' में गूंजा हर-हर महादेव
- गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुई काशी की ऐतिहासिक सफलता
- वाराणसी बना दुनिया का सबसे बड़ा मियावाकी वन क्षेत्र

**एजेंसी। वाराणसी**



उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी काशी ने रविवार को पर्यावरण संरक्षण के इतिहास में अपना नाम स्वर्णाक्षरों में दर्ज करा लिया है। वाराणसी के सुजाबाद डोमरी क्षेत्र में आयोजित 'वृहद पौधरोपण कार्यक्रम' ने एक ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है जिसने पूरी दुनिया को अचंभित कर दिया है। मात्र एक घंटे की निर्धारित समयावधि के भीतर वाराणसी ने 2,51,446 पौधों का सफल रोपण कर चीन के आठ साल पुराने रिकॉर्ड को आधिकारिक रूप से ध्वस्त कर दिया है। मौके पर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के जज ऋषि नाथ ने महापौर अशोक कुमार तिवारी व हिमांशु पाल को नया कीर्तिमान स्थापित करने पर सर्टिफिकेट भी सौंपा।इस ऐतिहासिक पल को दर्ज करने के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम सुबह से ही डोमरी में मौजूद रही। नगर निगम और विभिन्न सामाजिक व सरकारी संस्थाओं के अभूतपूर्व समन्वय से सुजाबाद डोमरी के 350 बीघा क्षेत्र में विकसित किए गए इस आधुनिक 'शहरी वन' ने आज विश्व पटल पर भारत का मस्तक ऊंचा कर दिया है।

**60 पावन गंगा घाटों की प्रतिकृति बना 'शहरी वन' :** इस 'शहरी वन' की सबसे अनूठी विशेषता इसकी बनावट और वैचारिक पृष्ठभूमि है। पूरे वन क्षेत्र को 60 अलग-अलग सेक्टरों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक सेक्टर का नाम काशी के सुप्रसिद्ध गंगा घाटों जैसे -दशाश्वमेध, ललिता घाट, नया घाट, मणिकर्णिका घाट, केदार घाट, चौशट्टी घाट, मानमंदिर घाट और शीतला घाट के नाम पर रखा गया है। यह बनावट ऐसी है कि भविष्य में जब ये पौधे वृक्ष बनेंगे, तो गंगा किनारे एक हरा-भरा 'मिनी काशी' का स्वरूप नजर आएगा। प्रत्येक सेक्टर में लगभग 4,000 से अधिक पौधे लगाए गए हैं। इनमें शीशम, अर्जुन, सागौन और बांस जैसी 27 देशी प्रजातियों के साथ-साथ आम, अमरूद और पपीता जैसे फलदार वृक्षों और अश्वगंधा, शतावरी व गिलोय जैसी औषधियों को प्राथमिकता दी गई है। इस विश्व रिकॉर्ड को बनाने के पीछे महीनों की सूक्ष्म तैयारी और हजारों हाथों का सामूहिक श्रम शामिल है। रविवार की सुबह से ही डोमरी में भारी उत्साह का माहौल रहा।

### चीन का 2018 का रिकॉर्ड हुई बीती बात

अब तक एक घंटे में सर्वाधिक पौधे लगाने का विश्व रिकॉर्ड चीन की हेनान प्रांतीय समिति और हेनान शिफांगे ग्रीनिंग इंजीनियरिंग कंपनी के नाम था। उन्होंने 10 मार्च 2018 को 153,981 पौधों का रोपण कर यह गौरव हासिल किया था। हालांकि, डोमरी में मियावाकी तकनीक और विशाल जनभागीदारी के माध्यम से जिस सुनियोजित ढंग से 250,000 पौधों का रोपण किया गया, उसने न केवल चीन के रिकॉर्ड को तोड़ा है, बल्कि उसे बहुत पीछे छोड़ दिया है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के निर्णायक ऋषि नाथ और विश्व रिकॉर्ड रणनीतिकार निश्चल बारोट ने मौके पर मौजूद रहकर प्रत्येक गतिविधि की सूक्ष्मता से निगरानी की। ड्रोन कैमरों और आधुनिक डिजिटल गणना तंत्र के जरिए हुई सटीक पुष्टि के बाद ऋषि नाथ ने आधिकारिक रूप से इस नए रिकॉर्ड की घोषणा की।

## रद्द नहीं हुई हैं सीबीएसई बोर्ड परीक्षाएं बोर्ड के नाम से वायरल सर्कुलर फर्जी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की परीक्षाएं भारत समेत दुनिया के कई देशों में एक साथ आयोजित की जाती हैं। मध्य पूर्व एशिया के भी हजारों छात्र ये परीक्षाएं दे रहे हैं। हालांकि, सीबीएसई के नाम से जारी एक फर्जी सर्कुलर में कहा गया कि मध्य पूर्व एशिया के देशों में कक्षा 10 और 12 की सीबीएसई बोर्ड परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे सर्कुलर में कहा गया है कि इन देशों में छात्रों को बिना परीक्षा दिए ही अंक दे दिए जाएंगे। हालांकि, भारत के सीबीएसई बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि यह सर्कुलर पूरी तरह फर्जी और भ्रामक है। वायरल सर्कुलर में दावा किया गया था कि वैश्विक असाधारण परिस्थितियों और ईरान-इजरायल युद्ध के कारण मध्य पूर्व क्षेत्र में सीबीएसई कक्षा 10 और 12 की शेष भाषा परीक्षाएं तथा 7 मार्च को निर्धारित सामाजिक विज्ञान परीक्षा रद्द कर दी गई हैं। साथ ही यह भी कहा गया था कि विद्यार्थियों को आंतरिक मूल्यांकन और प्री-बोर्ड के आधार पर अंक दे दिए जाएंगे। मध्य पूर्व एशिया के इन देशों में भी भारत के साथ ही 17 फरवरी को सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हुई थीं। कुल 43 लाख से अधिक छात्र 10वीं और 12वीं कक्षा की यह परीक्षाएं दे रहे हैं। पहले दिन भारत समेत विदेशी परीक्षा केंद्रों पर छात्रों ने 10वीं के छात्र गणित और 12वीं के छात्र बायो टेक्नोलॉजी का एग्जाम दिया था। अब तक की सभी परीक्षाएं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई हैं। बोर्ड के अनुसार, इस साल कुल 43 लाख 67 हजार 870 छात्र बोर्ड परीक्षा का हिस्सा हैं। सीबीएसई ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है परीक्षा रद्द करने का कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। ईरान-इजरायल संघर्ष को देखते हुए फिलहाल यह परीक्षा स्थगित की गई है।



# कतर स्पोर्ट्स के सस्पेंशन से स्पेन-अर्जेंटीना के बीच फाइनलिसिमा मुकाबले पर संदेह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

स्पेन और अर्जेंटीना के बीच बहुप्रतीक्षित फाइनलिसिमा 2026 पर अनिश्चितता के बादल छा गए हैं। कतर में घरेलू फुटबॉल गतिविधियों के निलंबन के बाद इस प्रतिष्ठित इंटरकॉन्टिनेंटल मुकाबले को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

यह मुकाबला 27 मार्च 2026 को लुसैल स्टेडियम में खेला जाना था। यूईएफए ने इसे कॉनमेबोल के साथ संयुक्त आयोजन के रूप में आधिकारिक तौर पर पुष्टि की थी। इस मैच में यूईएफए यूरो 2024 और कोपा अमेरिका 2024 के विजेताओं की भिड़ंत होनी थी।

इस टक्कर को खासतौर पर अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी और स्पेन के किशोर स्टार लामिन यामल के संभावित आमने-सामने मुकाबले के रूप में देखा जा रहा था, जिसे लेकर दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह था।

हालांकि, कतर में हुए नए डेवलपमेंट ने होस्टिंग अरेंजमेंट पर शक पैदा कर दिया है। कतर न्यूज एजेंसी के मुताबिक, कतर फुटबॉल एसोसिएशन ने "आज से शुरू होने वाले सभी स्पोर्ट्स कॉम्पिटिशन, चैंपियनशिप और मैचों को अगली सूचना तक के लिए टाल दिया है।" बयान में यह भी कहा गया कि बदले हुए शेड्यूल बाद में ऑफिशियल प्लेटफॉर्म के जरिए बताए जाएंगे।

इस सस्पेंशन से फाइनलिसिमा के लिए तुरंत लॉजिस्टिक मुश्किलें खड़ी हो गई हैं, जो लुसैल स्टेडियम में होना था। अभी तक, यूईएफए या कॉनमेबोल की तरफ से जगह बदलने, टालने या कैंसल करने के बारे में कोई आधिकारिक अपडेट नहीं आया है। यूईएफए की पिछली घोषणा में अभी भी 27 मार्च के मुकाबले के लिए लुसैल को होस्ट वेन्यू बताया गया है।

2026 एडिशन को कॉन्टिनेंटल चैंपियंस की एक सेरेमोनियल मीटिंग से कहीं ज्यादा बताया गया था। अर्जेंटीना 2022 में वेम्बली में इटली पर 3-0 की जीत के बाद फाइनलिसिमा के डिफेंडिंग होल्डर के तौर पर इस मुकाबले में उतरेगा, जबकि स्पेन ने यूरो 2024 जीतकर क्वालिफिकेशन सुनिश्चित किया था।

अपनी पीढ़ी के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ियों में गिने जाने वाले लियोनेल मेसी का सामना स्पेन के अगले दौर की पहचान बनते जा रहे युवा सितारे लामिन यामल से होने की संभावना ने इस मुकाबले के प्रति वैश्विक रुचि को और भी बढ़ा दिया था। कतर का फुटबॉल कैलेंडर अभी होल्ड पर है, इसलिए फाइनलिसिमा का तुरंत भविष्य साफ नहीं है। अगर समय पर खेल गतिविधियां फिर से शुरू होती हैं, तो आयोजक लुसैल में ही खेल जारी रख सकते हैं। या फिर, किसी दूसरे होस्ट देश में जाने पर भी विचार किया जा सकता है।





# साउथ अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को पांच विकेट से हराया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

## सेमीफाइनल में होगी न्यूजीलैंड से भिड़ंत

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में रविवार को खेले गए सुपर-8 के मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को 5 विकेट से हराया। अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में जिम्बाब्वे से मिले 154 रनों के लक्ष्य को साउथ अफ्रीका ने 5 विकेट खोकर 17.5 ओवर में हासिल किया।

टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। क्विंटन डी कॉक बिना खाता खोले पवेलियन लौटे, जबकि कप्तान एडेन मार्करम भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके। मार्करम 4 रन बनाकर सिकंदर रजा की गेंद पर क्लीन बोल्ड हुए। रयान रिकेल्टन ने 22 गेंदों में 31 रनों का योगदान दिया।

हालांकि, डेवाल्ड ब्रेविस एक छोर पर खड़े रहे और उन्होंने अपनी तूफानी बल्लेबाजी से जिम्बाब्वे के गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा। ब्रेविस ने महज 18 गेंदों का सामना करते हुए 42 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी में ब्रेविस ने 2 चौके और 4 छक्के लगाए। वहीं, डेविड मिलर ने 22 रन बनाए। ब्रेविस के आउट होने के बाद ट्रिस्टन स्टब्स और जॉर्ज लिंडे ने मोर्चा संभाला और दोनों ने 53 रनों की अटूट साझेदारी निभाई। स्टब्स 24 गेंदों में 21 रन बनाकर नाबाद रहे, तो लिंडे ने 21 गेंदों में 30 रनों की पारी खेली और टीम को जीत दिलाकर लौटे।

बल्ले से अहम योगदान देने के बाद जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने गेंदबाजी में 4 ओवर के स्पेल में 29 रन खर्च करते हुए 3 विकेट चटकाए। ब्लेसिंग मुजरबानी ने एक विकेट अपने नाम किया।

इससे पहले, जिम्बाब्वे ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर स्कोरबोर्ड पर 153 रन लगाए। टीम की तरफ से कप्तान सिकंदर रजा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 43 गेंदों में 73 रनों की धमाकेदार पारी खेली। अपनी इस पारी में रजा ने 8 चौके और 4 छक्के लगाए। हालांकि, जिम्बाब्वे के कप्तान को दूसरे छोर से बाकी बल्लेबाजों का साथ नहीं मिल सका। तदिवानाशे मारुमानी सिर्फ 7 रन बनाकर आउट हुए, जबकि ब्रायन बेनेट 15 रन ही जोड़ सके। डियोन मायर्स महज 11 रन बनाकर आउट हुए। रयान बर्ल 5 रन बनाकर लुंगी एनगिडी का शिकार बने। जिम्बाब्वे की तरफ से गेंदबाजी में कॉर्बिन बॉश ने 40 रन देकर 2 विकेट निकाले। वहीं, क्वेना मफाका ने 4 ओवर में 21 रन खर्च करते हुए 2 विकेट चटकाए। भारत-वेस्टइंडीज के बाद जिम्बाब्वे को हराते हुए साउथ अफ्रीका ने सुपर-8 राउंड के अपने तीनों ही मैचों में जीत दर्ज की। पहले सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका की 4 मार्च को न्यूजीलैंड से भिड़ंत होगी। वहीं, जिम्बाब्वे का टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया है।

## अबू धाबी में फंसे जॉनी बेयरस्टो, यूके पीएम से मदद की लगाई गुहार

**नई दिल्ली।** अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमले के बाद मिडिल ईस्ट में सर्विस देने वाली एयरलाइंस ने फ्लाइट्स कैंसिल कर दी थीं और उनका रूट बदल दिया था। इस वजह से इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो अबू धाबी में फंसे हुए हैं। इंग्लैंड लायंस टीम के साथ बतौर कोच अबू धाबी आए जॉनी बेयरस्टो ने मदद की गुहार लगाई है। शनिवार शाम इंग्लैंड के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने ईरान पर अपना बयान पोस्ट किया था। इसका जवाब बेयरेस्टो ने रविवार सुबह दिया। उन्होंने एक्स पर लिखा, "क्या आप हमें घर पहुंचा सकते हैं?" बेयरस्टो ने अपनी फ्लाइट कैंसिल होने की वजह से निराशा जाहिर की। उन्होंने कहा कि मौजूद चैनलों से संपर्क करने की कोशिशों का कोई जवाब नहीं मिला। एमिरेट्स को टैग करते हुए उन्होंने लिखा, "फ्लाइट कैंसिल होने के बाद हमसे कोई बातचीत नहीं हुई है। बातचीत के तरीके आजमाए, लेकिन कुछ नहीं हुआ। क्या कोई कृप्या संपर्क कर सकता है?" रविवार को अबू धाबी में पाकिस्तान शाहीन्स के खिलाफ इंग्लैंड लायंस का दूसरा 50 ओवर का गेम स्थगित कर दिया गया, जबकि यूएई में इंग्लैंड विमेंस ट्रेनिंग कैंप में इलाके में मिलिट्री हमलों की वजह से देरी हो गई है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने एक बयान में कहा, "हमारी टीमों और स्टाफ की सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। हम मिडिल ईस्ट में अभी हो रही घटनाओं के बारे में सुरक्षा विशेषज्ञों और सरकार के संपर्क में हैं, और आधिकारिक सलाह मान रहे हैं। अबू धाबी में इंग्लैंड मेन्स लायंस और पाकिस्तान शाहीन्स के बीच दूसरा 50 ओवर का मैच अब नहीं होगा।

### दुबई एयरपोर्ट के पास धमाका

## पीवी सिंधु को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु को दुबई एयरपोर्ट के पास हुए धमाके के बाद सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया है। वह अपनी टीम के साथ एयरपोर्ट पर फंसी हुई थीं, जहां अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण उड़ान संचालन अनिश्चितकाल के लिए निलंबित कर दिया गया था।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड ओपन खेलने के लिए रवाना हुई थीं, लेकिन हालात बिगड़ने के कारण उन्हें दुबई में रुकना पड़ा। एयरस्पेस बंद होने से कई उड़ानें प्रभावित हुईं और यात्री एयरपोर्ट पर ही इंतजार करने को मजबूर हो गए।

सिंधु ने सोशल मीडिया पर बताया, "स्थिति हर घंटे और भयावह होती जा रही है। कुछ घंटे पहले एयरपोर्ट पर जहां हम ठहरे हुए थे, उसके पास जोरदार धमाका हुआ। मेरे कोच को धुएं और मलबे के सबसे करीब होने के कारण तुरंत वहां से भागना पड़ा। वह हम सभी के लिए बेहद तनावपूर्ण और डरावना पल था।" उन्होंने आगे कहा कि फिलहाल सभी सुरक्षित हैं और दुबई एयरपोर्ट स्टाफ व स्थानीय प्रशासन की मदद से उन्हें अधिक सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है।



### हम सुरक्षित हैं: सिंधु

**दुबई।** ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच शनिवार से शुरू हुई जंग से वैश्विक स्तर पर हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। दुनियाभर के लोग अलग-अलग जगहों पर फंसे हुए हैं। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु भी दुबई में फंसी हुई हैं। सिंधु सुरक्षित हैं। इसकी जानकारी उन्होंने रविवार सुबह सोशल मीडिया के माध्यम से दी।

## सनथ जयसूर्या ने श्रीलंका के मुख्य कोच पद से हटने का किया ऐलान

**कैंडी।** सनथ जयसूर्या ने टी-20 विश्व कप 2026 के सुपर 8 चरण से बाहर होने के बाद श्रीलंका क्रिकेट टीम के मुख्य कोच पद से इस्तीफा देने की घोषणा की है। श्रीलंका को शनिवार रात पाकिस्तान के खिलाफ पांच रन से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद जयसूर्या ने अपने फैसले की जानकारी दी। जयसूर्या ने मैच के बाद कहा, "मैंने सोचा कि यह जिम्मेदारी किसी और को दे देनी चाहिए। दो महीने पहले इंग्लैंड सीरीज के दौरान ही मैंने संकेत दे दिया था कि मैं आगे इस पद पर बने रहने की योजना नहीं बना रहा हूं। हालांकि, उनका अनुबंध जून 2026 तक है, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि वह 13 से 25 मार्च तक खेले जाने वाली अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की सीरीज में टीम की कमान संभालेंगे या नहीं। उन्होंने कहा कि इस बारे में अभी श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड से औपचारिक चर्चा नहीं हुई है।

## अरुणा बुधिया मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता बनी फेरो फाइटर्स टीम



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड की ओर से आयोजित अरुणा बुधिया मेमोरियल इंटर-डिपार्टमेंट क्रिकेट टूर्नामेंट 4.0, का रविवार को सिरका क्रिकेट स्टेडियम में भव्य समापन हुआ। रोमांचक फाइनल मुकाबले में फेरो फाइटर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पावर पार्टनर्स को पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मैच में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल भावना और जुझारूपन का परिचय दिया। फेरो फाइटर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 160 रन बनाएं। वहीं पावर पार्टनर्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 16.2 ओवर में 95 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। फेरो फाइटर्स ने यह फाइनल मैच 65 रनों के अंतर से जीत लिया। स्वर्गीय अरुणा बुधिया की स्मृति में आयोजित इस टूर्नामेंट में कुल 8 टीमों और लगभग 120 खिलाड़ियों ने भाग लिया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने उत्साह, अनुशासन और टीमवर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अनंत शंकर सेठ, वीपी, जीएफ़ए ने सभी विभागाध्यक्षों और वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

## आईपीएल 2026 के लिए सीएसके ने लांच की नई जर्सी

**चेन्नई।** पांच बार आईपीएल खिताब जीत चुकी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने लीग के आगामी सीजन (आईपीएल 2026) से पहले अपनी नई जर्सी की झलक दिखाई है। सीएसके ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाला था, जिसमें रविवार सुबह 7:07 बजे एक बड़ी घोषणा की बात की गई थी। यह समय और नंबर फ्रेंचाइजी एमएस धोनी से गहराई से जुड़ा हुआ है। सीएसके ने एक शानदार वीडियो जारी किया जिसने फैंस को चौंकाया। वीडियो ने नए सीजन से पहले सीएसके कैंप में धोनी के आने की पुष्टि की और फ्रेंचाइजी की आईपीएल 2026 जर्सी की पहली झलक भी दिखाई गई। 2026 की जर्सी ने सीएसके की पहचान बनाए रखी है। साथ ही इसमें हल्के डिजाइन अपडेट भी किए गए हैं। सीएसके के क्रेस्ट के ऊपर पांच स्टार हैं, जो फ्रेंचाइजी के पांच इंडियन प्रीमियर लीग खिताब (2010, 2011, 2018, 2021 और 2023) को दिखाते हैं। पिछले सीजन सीएसके का प्रदर्शन खराब रहा था। टीम 14 मैचों में, 10 हार और 4 जीत के साथ अंक तालिका में सबसे नीचे रही थी।

### अलाना किंग का चला जादू

## ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को 185 रनों से रौंदा



**एजेंसी। होबार्ट**

ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को तीसरे वनडे मुकाबले में 185 रनों से रौंदा। रविवार को बेलेरीव क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से मिले 410 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की पूरी टीम 224 रन बनाकर सिमट गई। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने वनडे सीरीज को 3-0 से अपने नाम किया।

ऑस्ट्रेलिया ने स्टार खिलाड़ी एलिसा हीली को धमाकेदार जीत के साथ वनडे क्रिकेट से विदाई दी। ऑस्ट्रेलिया से मिले 410 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय महिला क्रिकेट टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। स्मृति मंधाना बिना खाता खोले पवेलियन लौटीं। वहीं, प्रतीका रावल 21 गेंदों में 27 रन बनाकर एनाबेल सदरलैंड का शिकार बनीं। पहले दो वनडे मैचों में अर्धशतक लगाने वालीं कप्तान हरमनप्रीत कौर इस मुकाबले में बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकीं और 25 रन बनाकर आउट हुईं। हरलीन देओल 14 रन बनाकर रनआउट हुईं। 29 गेंदों में 9 चौकों की मदद से 42 रन बनाने के बाद जेमिमा रोड्रिग्स को एश्ले गार्डनर ने पवेलियन भेजा। दीप्ति शर्मा 29 रन ही बना सकीं, जबकि ऋचा घोष 18 रन बनाकर अलाना किंग की गेंद पर क्लीन बोल्ड हुईं। स्नेह राणा ने 74 गेंदों का सामना करते हुए 44 रन बनाए।



### विदेशी निवेशकों की भारतीय बाजार में दमदार वापसी

## फरवरी में किए 22,615 करोड़ रुपए का निवेश

- **पूरे वर्ष 2025 में एफपीआई ने कुल 1.66 लाख करोड़ रुपए (18.9 अरब डॉलर) की निकासी की थी**
- **निकासी के प्रमुख कारण: मुद्रा अस्थिरता, वैश्विक व्यापार तनाव, संभावित अमेरिकी टैरिफ और ऊंचा मूल्यांकन**



**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की फरवरी में दमदार वापसी हुई है। इस दौरान उन्होंने 22,615 करोड़ रुपए का निवेश किया है। यह बीते 17 महीनों में विदेशी निवेशकों की ओर से आया सबसे अधिक मासिक प्रवाह है। इससे पहले लगातार तीन महीने विदेशी निवेशक शुद्ध विक्रेता थे।

भारत-अमेरिका के अंतरिम व्यापार समझौते, घरेलू बाजार के मूल्यांकन में सुधार और तीसरी तिमाही में कंपनियों के मजबूत नतीजों जैसे सकारात्मक घटनाक्रमों से नए सिरे से खरीदारी को बल मिला। इस नए आत्मविश्वास ने हाल ही में हो रही निकासी के ट्रेंड को पलटने में मदद की। डिपॉजिटरी से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में एफपीआई ने 35,962 करोड़ रुपए, दिसंबर में 22,611 करोड़ रुपए और नवंबर में 3,765 करोड़ रुपए निकाले थे।

बीते पूरे वर्ष (2025) में विदेशी निवेशक शुद्ध विक्रेता रहे थे और इस दौरान उन्होंने 1.66 लाख करोड़ रुपए (18.9 अरब डॉलर) की निकासी की थी।

इस निकासी की वजह मुद्रा में अस्थिरता, वैश्विक व्यापार तनाव, अमेरिका द्वारा संभावित टैरिफ को लेकर चिंताएं और शेयरों के उच्च मूल्यांकन था।

फरवरी में विदेशी निवेशकों का निवेश सितंबर 2024 के बाद सबसे अधिक है, जब विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजारों में 57,724 करोड़ रुपए का निवेश किया था।

इससे पहले, एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि मुद्रा अस्थिरता कम होने के बाद भारतीय शेयरों में विदेशी निवेश में उछाल आने की उम्मीद है।

ब्रोकरेज फर्म ने रुपए की कमजोरी को एक अस्थायी दौर बताया था और कहा था कि भारतीय बाजारों के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण मजबूत बना हुआ है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि विदेशी निवेशकों (एफपीआई) द्वारा बिकवाली के दौर में बाजार की स्थिरता बनाए रखने में घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

रिपोर्ट में बताया गया कि भारतीय शेयर बाजार निवेशकों (एफपीआई) की तुलना में अब डीआईआई की भारतीय शेयर बाजार में हिस्सेदारी अधिक है और इन्होंने बाजार की अस्थिरता के विरुद्ध एक सुरक्षा कवच का काम किया है।

ब्रोकरेज फर्म के अनुसार, घरेलू बचत का शेयर बाजार में निवेश करने का दीर्घकालिक रुझान बरकरार है।

### महिंद्रा की बिक्री फरवरी में 18 प्रतिशत बढ़ी

## रेनॉल्ट इंडिया ने बेची 3,400 से अधिक गाड़ियां

**एजेंसी। नई दिल्ली**



महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने रविवार को फरवरी 2026 के मजबूत बिक्री के आंकड़े पेश किए हैं। इस दौरान कंपनी की बिक्री सालाना आधार पर 18 प्रतिशत बढ़कर 97,177 यूनिट्स (निर्यात सहित) हो गई है।

कंपनी ने कहा कि उसके यूटिलिटी व्हीकल सेगमेंट ने वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महिंद्रा ने फरवरी में अकेले घरेलू बाजार में 60,018 एसयूवी की बिक्री की है, जो कि पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है।

निर्यात सहित महिंद्रा की कुल एसयूवी बिक्री 60,685 यूनिट्स रही है। कंपनी के कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है और इस दौरान कंपनी ने 24,585 यूनिट्स कमर्शियल वाहनों की बिक्री की है।

फरवरी के प्रदर्शन पर महिंद्रा के ऑटोमोटिव डिवीजन के सीईओ नलिनीकांत गोल्लागुंटा ने कहा कि फरवरी में एसयूवी की 60,018 यूनिट्स की बिक्री हुई, जो सभी श्रेणियों में ग्राहकों की मजबूत मांग को दर्शाती है। उन्होंने आगे कहा कि कंपनी की कुल वाहन बिक्री 97,177 यूनिट्स रही, जो 18 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज करती है। दूसरी तरफ, फ्रांस की कंपनी रेनॉल्ट ने भी भारत में मजबूत बिक्री दर्ज की है।

फरवरी में कंपनी की थोक बिक्री 3,495 यूनिट्स रही है। इसमें सालाना आधार पर 31 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो कि पिछले साल फरवरी में 2,676 यूनिट्स थी।

कंपनी ने कहा कि उसके नए काइगर और टाइबर मॉडलों की मजबूत मांग ने वृद्धि को लगातार समर्थन दिया है। फरवरी में नई टाइबर एमयूवी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पिछले वर्ष की तुलना में 57 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। रेनॉल्ट इंडिया ने बताया कि अपडेटेड प्रोडक्ट लाइनअप ने ब्रांड की छवि को बेहतर बनाया है, जिससे कंपनी को वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही से लगातार वृद्धि बनाए रखने में मदद मिली है।

इस अवधि के दौरान, कंपनी ने वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 9 प्रतिशत, चौथी तिमाही में 27 प्रतिशत और वर्ष 2026 के पहले दो महीनों में 32 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। रेनॉल्ट इंडिया ने यह भी कहा कि डस्टर की भारत में वापसी की हालिया घोषणा ने ग्राहकों की रुचि को बढ़ाया है, जिसके परिणामस्वरूप डीलरों पर आने वाले ग्राहकों की संख्या में वृद्धि हुई है।

## यूपीआई ट्रांजेक्शन फरवरी में 27 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** यूनाइटेड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ट्रांजेक्शन की संख्या फरवरी में सालाना आधार पर 27 प्रतिशत बढ़कर 20.39 अरब हो गई है। इस दौरान यूपीआई ट्रांजैक्शन की वैल्यू सालाना आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 26.84 लाख करोड़ रुपए हो गई है। यह जानकारी नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की ओर से जारी डेटा में दी गई। एनपीसीआई डेटा के मुताबिक, फरवरी में औसत 95,865 करोड़ रुपए का लेनदेन हुआ है और जनवरी में यह आंकड़ा 91,403 करोड़ रुपए पर था। फरवरी में प्रतिदिन औसत 728 मिलियन ट्रांजेक्शन हुए हैं, जनवरी में यह आंकड़ा 700 मिलियन था। जनवरी में, यूपीआई के लेनदेन की संख्या में पिछले वर्ष की तुलना में 28 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 21.70 अरब तक पहुंच गई थी।

## रेलवे न्यायालय की विशेष कैंप अदालत ने जुर्माना लगाकर सभी को किया रिहा

# आरपीएफ ने रेलवे एक्ट के उल्लंघन के आरोप में 13 लोगों को किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** रेलवे न्यायालय डाल्टनगंज के मजिस्ट्रेट प्रेजश निगम द्वारा जपला रेलवे स्टेशन स्थित आरपीएफ पोस्ट में विशेष कैंप अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान रेलवे एक्ट से जुड़े मामलों की सुनवाई करते हुए लंबित प्रकरणों का निष्पादन किया गया।आरपीएफ इंस्पेक्टर के नेतृत्व में सवारी गाड़ियों में चेन पुलिंग, दिव्यांग एवं महिला बोगी में अनधिकृत प्रवेश, अवैध वेंडिंग, रेलवे परिसर में अवैध रूप से प्रवेश तथा बिना टिकट यात्रा करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 13 लोगों को पकड़कर कैंप अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा सभी पर जुर्माना लगाया गया, जिसमें कुल 2650 रुपये की राशि वसूल की गई। जुर्माना जमा करने के बाद सभी को रिहा कर दिया गया। आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि रेलवे मजिस्ट्रेट के निर्देश पर यह विशेष कैंप अदालत लगाई गई थी। इस अवसर पर कोर्ट पेशकार अरुण केरकट्टा सहित आरपीएफ एवं जीआरपी के जवान उपस्थित थे।



## पूर्व सैनिक सेवा परिषद का होली मिलन समारोह संपन्न

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, पलामू के जिला कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष दामोदर मिश्र ने बताया कि समारोह में परिषद के सदस्यों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर रंगों के त्योहार का स्वागत किया। पूरा वातावरण पारंपरिक फगुआ गीतों से गुंजायमान रहा। सभी सदस्यों ने गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए कार्यरत एक निबंधित तथा केंद्र सरकार से मान्यता प्राप्त संस्था है। परिषद के सदस्य एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ निभाते हैं। होली मिलन समारोह इसी आपसी एकता और भाईचारे को मजबूत करने की कड़ी है।

परिषद ने जिलेवासियों, पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों को होली की बधाई देते हुए हंसी-खुशी त्योहार मनाने की अपील की। कार्यक्रम में संरक्षक शिवजी सिंह, संगठन मंत्री हरिहर तिवारी मौजूद थे।



## मजार पर चादरपोशी, महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत चुनाव में अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के बाद अजय कुमार भारती ने शनिवार को समर्थकों के साथ विजय जुलूस निकाला। जुलूस इस्लामगंज स्थित उनके आवास से शुरू हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में बसपा कार्यकर्ता व समर्थक शामिल हुए। सुसज्जित वाहन पर सवार अजय भारती एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शेर अली ने सबसे पहले हजरत दाता पीर बक्स शाह की मजार पर चादरपोशी कर नगर के विकास की कामना की। इसके बाद जुलूस जपला चौबे, रमजान बीघा, चेनैनी, नहर मोड़, जपला धरहरा, रविदास नगर, दातानगर, अंबेडकर चौक, पटेल चौक व जेपी चौक सहित विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचा। जुलूस के दौरान महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया तथा नागरिकों का अभिवादन कर चुनाव में समर्थन के लिए आभार जताया गया। अजय भारती ने कहा कि जनता के विश्वास पर खरा उतरते हुए नगर पंचायत को मॉडल नगर पंचायत बनाने का प्रयास किया जाएगा।

## बर्खास्त 251 अनुसेवकों का एक वर्ष पूरा, समायोजन की मांग तेज

**मेदिनीनगर।** 251 बर्खास्त अनुसेवकों को सेवा से हटाए जाने का एक वर्ष पूरा हो गया। एक मार्च 2026 को तत्कालीन उपायुक्त, पलामू द्वारा जारी कार्यालय आदेश के तहत इन अनुसेवकों की सेवा समाप्त कर दी गई थी। इसके बाद से सभी अनुसेवक रोजगार से वंचित हैं और समायोजन की मांग को लेकर लगातार प्रयास कर रहे हैं। अनुसेवकों का कहना है कि उन्होंने उपायुक्त के माध्यम से तथा सीधे मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार को आवेदन देकर पुनः समायोजन की मांग की, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया। इसी क्रम में तीन जनवरी 2026 को अनुसेवकों ने पलामू समाहरणालय से पैदल मार्च करते हुए मुख्यमंत्री आवास के निकट नागाबाबा खड़ताल के पास धरना दिया। उनका आरोप है कि सरकार और राजनीतिक दलों ने अब तक उनकी सुध नहीं ली है।

## होली को लेकर अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

# 250 लीटर जावा महुआ बरामद, मौके पर किया गया नष्ट

नवीन मेल संवाददाता



**पंडवा।** होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन लगातार अभियान चला रहा है। इसी क्रम में 01.03.2026 को नवाजयपुर थाना क्षेत्र के हरैया, दुआंबा, धांगरडीहा, कंचनपुर सहित आसपास के गांवों में व्यापक छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के दौरान करीब 250 लीटर जावा महुआ एवं शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए। सभी अवैध सामग्री को मौके पर ही विधिसम्मत तरीके से नष्ट कर दिया गया, ताकि पुनः अवैध शराब का निर्माण न हो सके। अभियान में सतीश कुमार गुप्ता, बिरेंद्र कुमार मेहता सहित नवाजयपुर थाना के अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि होली के दौरान अवैध शराब निर्माण, बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। आम नागरिकों से भी अवैध गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गई है। यह कार्रवाई पलामू पुलिस की सतर्कता को दर्शाती है।

## 'विकसित भारत युवा संसद 2026' का भव्य आयोजन

# युवाओं को मिलेगा एक दिन का सांसद-विधायक बनने का अवसर

नवीन मेल संवाददाता



**पांकी।** प्रखंड के मजदूर किसान महाविद्यालय सभागार में रविवार को जिला स्तरीय "विकसित भारत युवा संसद 2026" का आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन माय भारत के तत्वावधान में "विकसित भारत @2047" विज़न के अनुरूप किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के सम्मान एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने माहौल को सांस्कृतिक रंग दिया। मुख्य आकर्षण 'आपातकाल के 50 वर्षः भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक' विषय पर भाषण प्रतियोगिता रही, जिसमें प्रतिभागियों ने लोकतंत्र, प्रेस की स्वतंत्रता और न्यायपालिका की भूमिका पर प्रभावशाली विचार रखे।पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद ने कहा कि युवा देश की शक्ति हैं और ऐसे मंच नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। जिला परिषद सदस्या खुश्बू कुमारी ने लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ पर बल दिया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दिलीप कुमार राम ने शिक्षा को जिम्मेदार नागरिक निर्माण का माध्यम बताया। पीएनडीयू निदेशक सह सांसद प्रतिनिधि अक्षय कुमार ने जानकारी दी कि उत्कृष्ट प्रतिभागियों को आगे चलकर एक दिन के लिए सांसद या विधायक के रूप में कार्य करने का अवसर मिल सकता है। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। यह आयोजन युवाओं में लोकतांत्रिक चेतना को सशक्त करने की दिशा में सार्थक पहल साबित हुआ।

## रिद्धि-सिद्धि परिसर में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन

# आपसी भाईचारा व एकता का प्रतीक है होली : विनोद




नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शहर के रिद्धि-सिद्धि होटल परिसर में रविवार को हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह समाजसेवी विनोद कुमार सिंह के सौजन्य से होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विनोद कुमार सिंह, भोजपुरी गायिका अर्चना तिवारी एवं गायक नीरज सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया तथा उपस्थित लोगों का अबीर-गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। पूरा परिसर 'होली है' के जयघोष और रंगों की खुशबू से सराबोर रहा। भोजपुरी कलाकारों ने एक से बढ़कर एक होली गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। विनोद कुमार सिंह ने कहा कि होली पारस्परिक प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है। यह पर्व सभी मतभेद भुलाकर एकजुट होने का अवसर देता है। उन्होंने लोगों से मिल-जुलकर त्योहार मनाने और समाज में सद्भाव बनाए रखने की अपील की। समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 390 मरीजों की जांच

● दिल्ली के डॉ. अभिषेक सिंह ने मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवा प्रदान की

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रकाशचंद जैन सेवा सदन, डालटनगंज के तत्वावधान में चैनपुर प्रखंड के कंकारी स्थित सेवा सदन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डॉ. डी.पी. केशरी, डॉ. रिशिता सिंह, डॉ. साधना जयसवाल, डॉ. मोहित कुमार एवं दिल्ली के डॉ. अभिषेक सिंह ने मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवा प्रदान की। महासचिव सुरेश कुमार जैन ने बताया कि इस शिविर में कुल 390 मरीजों की जांच की गई। संयुक्त सचिव सौमित्रो भट्टाचार्य ने बताया कि इससे पूर्व 18 जनवरी 2026 को 418 तथा 21 दिसंबर 2025 को 248 मरीजों की जांच की गई थी। शिविर को सफल बनाने में ब्रजेश तिवारी, सुरेश उदयपुरी, अनुपम तुल्सयान, देवाशीष कुमार राय, सुनील कुमार जयसवाल, रामानंदन, संतोष कुमार, कन्हाई, राहुल कुमार, सूरज कुमार, राजु कुमार, जसिता, अनिता देवी, अंजू देवी, पम्मी कुमारी, पूनम कुमारी, ललिता कुमारी, अनीता देवी सहित अनेक लोगों का सहयोग रहा।

## 1997 बैच के आरक्षी रहे, 2015 में पदोन्नति पाकर बने एएसआई

# पांडू थाना के एएसआई नरेश यादव सेवानिवृत्त, भावभीनी विदाई

नवीन मेल संवाददाता



**ऊंटारी रोड।** पलामू जिले के पांडू थाना में पदस्थापित एएसआई नरेश यादव सेवानिवृत्त हो गए। उनके सम्मान में थाना परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने उन्हें सम्मानित किया। नरेश यादव वर्ष 1997 बैच के आरक्षी थे, जब झारखंड और बिहार एक राज्य हुआ करता था। वर्ष 2015 में पदोन्नति के बाद वे एएसआई बने। पिछले तीन वर्षों से वे पांडू थाना में कार्यरत थे। अपने सेवा काल में उन्होंने विभिन्न स्थानों पर कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन के साथ दायित्व निभाए। समारोह की अध्यक्षता थाना प्रभारी बिगेश कुमार राय ने की। इस अवसर पर इंस्पेक्टर रामशीष पासवान, विश्रामपुर थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे, ऊंटारी थाना प्रभारी संतोष गिरी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने भी उन्हें अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## वारंटियों पर पुलिस की कार्रवाई, 3 गिरफ्तार

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना पुलिस ने विभिन्न कांडों में फरार तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। विशेष अभियान के तहत की गई कार्रवाई में धर्मेंद्र पटेल (जपला वार्ड संख्या-12), अमित कुमार सिंह (बराही) और राजेंद्र सिंह (सरहू) को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार तीनों आरोपी न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर वांछित थे।

आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि वारंटियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# पराजित उम्मीदवार शशि कुमार ने अजय कुमार भारती को दी बधाई

नवीन मेल संवाददाता



● कहा-जनता का निर्णय सर्वोपरि, जनसेवा का संकल्प रहेगा जारी

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद अध्यक्ष पद पर अजय कुमार भारती की जीत हुई। पूर्व अध्यक्ष एवं राजद समर्थित प्रत्याशी शशि कुमार को 150 मतों से पराजय का सामना करना पड़ा।

परिणाम के बाद शशि कुमार ने लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करते हुए विजयी प्रत्याशी अजय कुमार भारती को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जनता का निर्णय सर्वोपरि है और वे इसे पूर्ण सम्मान के साथ स्वीकार करते हैं। उन्होंने अपने समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसेवा का उनका संकल्प आगे भी जारी रहेगा तथा क्षेत्र के विकास और जनहित के मुद्दों पर वे सक्रिय भूमिका निभाते रहेंगे।

## पेज एक के शेष

### अमेरिका-इजराइल के...

वहीं, खामेनेई की मौत के बाद ईरान ने भी इजरायल पर हमले किए हैं। तेल अवीव में ईरान के हमले में एक महिला की मौत हो गई।

इधर, इजरायल ने कहा कि अमेरिका के साथ संयुक्त सैन्य अभियान के शुरुआती हमलों में लक्षित किए गए 30 प्रमुख नेताओं में से कई मारे गए। इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि यह सैन्य कार्रवाई तब तक चलेगी, जब तक ईरान के लोग आजाद नहीं हो जाते। इस बीच इजरायल का एयरस्पेस बंद कर दिया गया है। वहीं, ईरान के सुप्रीम नेता खामेनेई की मौत के बाद सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सेक्रेटरी अली लारीजानी ने अमेरिका के दिल में चाकू घोपने की कसम खाई है। अली लारीजानी ईरान के सुप्रीम नेता खामेनेई के एक अहम सलाहकार थे। अली लारीजानी ने कहा, अमेरिकियों ने ईरानी लोगों के दिल में छुरा घोंपा है और हम उनके दिल में छुरा घोपेंगे। उन्होंने अमेरिका और इजरायल के खिलाफ और जवाबी कार्रवाई का वादा करते हुए कहा, हमारी सेना का रिएक्शन और भी ज्यादा मजबूत होगा। उन्हें पता होना चाहिए कि वे हमला करके भाग नहीं सकते। ईरान के सरकारी मीडिया ने कहा कि हमले में खामेनेई की बेटी, पोता, बहू और दामाद भी मारे गए हैं। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने हमले में मारे गए ईरान के सैन्य अधिकारियों की पहचान उजागर की है। इनमें सर्वोच्च सैन्य अधिकारी अली शमखानी और आईआरजीसी के कमांडर मोहम्मद पाकपुर प्रमुख हैं। आईडीएफ ने कहा कि हमले में ईरान के मिलिट्री इमरजेंसी हेडक्वार्टर में इंटेलिजेंस के चीफ सलाह असदी और प्रमुख सैन्य अफसर मोहम्मद शिराजी समेत सात टॉप कमांडर भी मारे गए हैं। ईरान के विदेशमंत्री अब्बास अराघची ने इस बीच संयुक्त राष्ट्रसंघ के महासचिव और और संयुक्त राष्ट्रसंघ सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को पत्र लिखकर इजराइल और अमेरिका के संयुक्त हमले से अवगत कराया है। अराघची ने कहा कि इस हमले के जवाब में इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान यूनाइटेड नेशंस के चार्टर के आर्टिकल 51 के तहत सेल्फ-डिफेंस के अपने अंदरूनी और कानूनी अधिकार का इस्तेमाल कर रहा है। अमेरिका और इजराइल के हमले में दक्षिण ईरान में कम से कम 85 छात्राएं मारी गई हैं। यह सब होर्मोजगन प्रांत के मिनाब में एक स्कूल में पढ़ती थीं। मिनाब के प्रांतीय गवर्नर मोहम्मद रादमेहर ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि कम से कम 53 छात्राएं मलबे में दबी हैं। स्कूली छात्राओं के मारे जाने पर न्यायपालिका प्रमुख गुलाम हुसैन मोहसेनीने कहा कि ईरानी आर्म्ड फोर्सेज इन हत्याओं का बदला जरूर लेंगी। बताया जा रहा है कि ईरानी आर्म्ड फोर्सेज ने बड़े पैमाने पर जवाबी हमले किए हैं। इजरायल के कब्जे वाले इलाकों और पूरे इलाके में अमेरिकी मिलिट्री बेस को बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से निशाना बनाया गया।

### ईरानियों के लिए...

एक अधिकारी ने कहा कि उन्होंने अब सैन्य स्थलों से असंबंधित कई नागरिक स्थलों पर हमले किए हैं। उन्होंने एक होटल पर हमला किया है, उन्होंने कुवैत में हवाई अड्डे पर हमला किया है, उन्होंने अबू धाबी में होटलों पर हमला किया है। इधर, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने पर 'शोक नहीं मनाया जाएगा।' अल्बनीज ने रिपोर्टरों से कहा, अयातुल्ला अली खामेनेई सरकार के बैलिस्टिक मिसाइल और न्यूक्लियर प्रोग्राम, हथियारबंद प्रॉक्सी को सपोर्ट और अपने ही लोगों के खिलाफ हिंसा और डराने-धमकाने के क्रूर कामों के लिए जिम्मेदार थे। वे ऑस्ट्रेलियाई जमीन पर हमलों की प्लानिंग के लिए जिम्मेदार थे। उनकी मौत पर शोक नहीं मनाया जाएगा।

### ईरान ने किया...

उधर, कतर के दोहा में रविवार की सुबह स्थानीय समयानुसार 7:30 बजे कई जोरदार धमाके सुने गए। वहीं, यूएई रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 28 फरवरी से शुरू हुए ईरानी हमलों के दौरान यूएई एयर फोर्स और एयर डिफेंस फोर्स ने अब तक 165 बैलिस्टिक मिसाइलें, दो क्रूज मिसाइलें और कई ड्रोन नष्ट किए हैं। इन घटनाओं में तीन विदेशी नागरिकों की मौत और 58 लोगों के मामूली चोटिल होने की जानकारी मिली। मंत्रालय ने कहा कि एयर डिफेंस प्रणाली की क्षमता ने नागरिकों और संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित की।

इधर, इजरायल की नेशनल इमरजेंसी सर्विस का कहना है कि शनिवार को देशभर में हुए हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 121 अन्य घायल हो गए। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इजरायल के शहर बेत शेमेश के एक रिहायशी इलाके पर रविवार को ईरान की ओर से किए गए मिसाइल हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार, हमले में कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए। रिपोर्ट के मुताबिक मिसाइल एक आवासीय क्षेत्र में गिरी, जिससे एक सिनेगॉग (यहूदी उपासना स्थल) और सार्वजनिक बम शेल्टर नष्ट हो गए। आसपास के घरों को भी भारी नुकसान पहुंचा है।

### खामेनेई अब इतिहास...

वे उनकी जगह जिसे भी रखेंगे, उसकी न तो कोई वैधता होगी और बेशक वह भी इस सरकार के अपराधों में शामिल होगा।

ईरान की सेना, पुलिस और सुरक्षाबलों को संबोधित करते हुए पहलवी ने साफ शब्दों में कहा कि गिरते हुए शासन को बचाने की कोई भी कोशिश सफल नहीं होगी। उन्होंने सुरक्षा बलों से अपील की कि यह उनके पास आखिरी मौका है कि वे जनता का साथ दें और ईरान को एक स्वतंत्र और समृद्ध भविष्य की ओर ले जाने में मदद करें। पहलवी ने कहा कि खामेनेई की मौत भले ही न्याय नहीं है और इससे बहा हुआ खून वापस नहीं आएगा, लेकिन इससे शोक मना रहे परिवारों के दुख को कुछ राहत मिल सकती है। उन्होंने उन माता-पिता, पति-पत्नी और बच्चों का जिक्र किया जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। ईरान की जनता को 'सम्मानित और बहादुर' बताते हुए पहलवी ने लोगों से सतर्क रहने और आगे की तैयारी करने के लिए कहा। उन्होंने कहा, यह हमारे बड़े नेशनल सेलिब्रेशन की शुरुआत हो सकती है, लेकिन यह सफर का अंत नहीं है। सावधान और तैयार रहें। सड़कों पर बड़े पैमाने पर और निर्णायक मौजूदगी का समय बहुत करीब है। साथ मिलकर, एकजुट और मजबूती से, हम आखिरी जीत हासिल करेंगे, और हम अपने होमलैंड में ईरान की आजादी का जश्न मनाएंगे। रजा पहलवी ईरान के आखिरी शाह के बेटे हैं और कई दशकों से अमेरिका में निर्वासन का जीवन जी रहे हैं। हाल के वर्षों में उन्होंने विदेश से ही ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों का समर्थन किया है। उनका कहना है कि अगर मौका मिला तो वे तेहरान लौटकर एक अंतरिम नेता के रूप में देश को लोकतंत्र की ओर ले जाने में भूमिका निभा सकते हैं।

### मिसाइल हमले के...

आज रविवार को दिल्ली में भारतीय दूतावास बंद रहने से संपर्क नहीं हो पा रहा है, जबकि सामान्य एडवाइजरी पहले से जारी की गई थी। उन्होंने पत्र में कहा है कि मध्य पूर्व में बढ़ते वैश्विक और क्षेत्रीय तनावों को देखते हुए वे परिवार की सुरक्षा और कुशलक्षेम को लेकर बेहद चिंतित है।

अर्जुन सिंह ने विदेश मंत्रालय से विनम्रतापूर्वक अनुरोध किया है कि उन्हें आवश्यक प्रक्रियाओं के बारे में सलाह दी जाए और भविष्य में निकासी या किसी अन्य आपातकालीन उपायों की आवश्यकता होने पर उचित सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने विदेशों में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों पर भरोसा जताया है।

### आईईडी विस्फोट में...

, जिसकी चपेट में आकर कोबरा बटालियन के सहायक कमांडेंट अजय मलिक, हेड कांस्टेबल विक्रम यादव तथा एक अन्य जवान संजीव घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया और फिर हेलीकॉप्टर से रांची लाया गया। उन्हें रांची के राज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार तीनों घायलों की हालत स्थिर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच इलाके में रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि क्षेत्र में किसी बड़े नक्सली नेता की मौजूदगी हो सकती है। इसके मद्देनजर सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। मुठभेड़ में नक्सलियों को भी नुकसान पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

महानिरीक्षक (अभियान) माइकल राज एस ने पुष्टि करते हुए कहा कि घायल तीनों जवानों को रांची के राज अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी स्थिति स्थिर है। सारंडा क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान फिलहाल जारी है और सुरक्षा बल पूरी सतर्कता के साथ ऑपरेशन चला रहे हैं।

### वेस्टइंडीज को 5...

दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 58 रन जोड़े। सूर्या 16 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, संजू सैमसन ने एक छोर से अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी जारी रखी और उन्होंने अपना अर्धशतक पूरा किया। तिलक वर्मा अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सके और 15 गेंदों में 27 रन बनाने के बाद जेसन होल्डर का शिकार बने। हार्दिक पांड्या ने 14 गेंदों में 17 रन बनाए। संजू एक छोर संभालकर खड़े रहे और उन्होंने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 97 रनों की नाबाद पारी खेली। अपनी इस इनिंग में संजू ने 12 चौके और 4 छक्के लगाए। शिवम दुबे 8 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले, टॉस गंवाने के बाद पहले बैटिंग करते हुए वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 4 विकेट गंवाकर स्कोरबोर्ड पर 195 रन लगाए। टीम की तरफ से रोस्टन चेज ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 5 चौके और एक छक्के की मदद से 25 गेंदों में 40 रन बनाए। वहीं, अंत के ओवरों में रोवमैन पॉवेल ने ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 19 गेंदों में 34 रनों की नाबाद पारी खेली। जेसन होल्डर भी अच्छी लय में नजर आए और उन्होंने 22 गेंदों का सामना करते हुए 37 रनों की दमदार पारी खेली। होल्डर और पॉवेल ने मिलकर पांचवें विकेट के लिए 35 गेंदों में 76 रनों की अटूट साझेदारी निभाई, जिसके बूते वेस्टइंडीज बड़ा टोटल खड़ा करने में सफल रही।

भारत की ओर से गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह सबसे सफल गेंदबाज रहे। बुमराह ने 4 ओवर में 36 रन देकर 2 विकेट निकाले। वहीं, वरुण चक्रवर्ती और हार्दिक पांड्या ने एक-एक विकेट चटकाया। भारत के खिलाफ मिली हार के साथ ही वेस्टइंडीज का टी20 वर्ल्ड कप 2026 में सफर समाप्त हो गया है।

## हम सुरक्षित हैं, चीजों के ठीक होने का इंतजार कर रहे : पीवी सिंधु

**दुबई।** ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच शनिवार से शुरू हुई जंग से वैश्विक स्तर पर हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। दुनियाभर के लोग अलग-अलग जगहों पर फंसे हुए हैं। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु भी दुबई में फंसी हुई हैं। सिंधु सुरक्षित हैं। इसकी जानकारी उन्होंने रविवार सुबह सोशल मीडिया के माध्यम से दी।सिंधु ने 'एक्स' पर लिखा, मुश्किल बढ़ती जा रही है, और हालात हर घंटे और डरावने होते जा रहे हैं। कुछ घंटे पहले, एयरपोर्ट पर हम जहां छिपे हुए थे, उसके पास एक धमाका हुआ। मेरे कोच को जल्दी से उस जगह से भागना पड़ा, क्योंकि वह धुएं और मलबे के सबसे करीब थे। यह हम सभी के लिए बहुत टेंशन वाला और डरावना पल था। सिंधु ने लिखा, हम सब अब सुरक्षित हैं, और दुबई एयरपोर्ट के स्टाफ और दुबई अथॉरिटीज की लगातार कोशिशों की वजह से हमें ज्यादा सुरक्षित जगह पर ले जाया गया है। दुबई में इंडियन हाई कमीशन को भी उनके जबरदस्त सपोर्ट और हमें सुरक्षित रखने में लगातार मदद के लिए खास धन्यवाद। उन्होंने लिखा, अभी के लिए, हम थोड़ा आराम करने और उम्मीद बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि हम चीजों के ठीक होने का इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले, सिंधु ने शनिवार देर रात 'एक्स' पर लिखा था, अभी जो हो रहा है, उसे समझना मुश्किल है। यह देखना कि सब कुछ कितनी तेजी से बढ़ गया है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट

Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# गुजरात में विदेशी जानवरों और पक्षियों के अवैध प्रजनन व बिक्री रैकेट का भंडाफोड़

**अहमदाबाद(आईएएनएस)**

गुजरात की अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने शहर के नवरंगपुरा इलाके में एक रिहायशी फ्लैट से संचालित विदेशी जानवरों और पक्षियों के कथित अवैध प्रजनन और बिक्री रैकेट का भंडाफोड़ किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। विशेष सूचना के आधार पर, अधिकारियों ने रावलभाई अपार्टमेंट स्थित एक फ्लैट पर छापा मारा, जहां उन्हें परिसर के भीतर पिंजरों में बड़ी संख्या में विदेशी प्रजातियों के जानवर रखे और पाले जाते हुए मिले।

अधिकारियों ने बताया कि इनमें से कई प्रजातियां दुर्लभ हैं और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में इनकी ऊंची कीमतें मिलती हैं।

बरामद किए गए जानवरों में एक अत्यंत दुर्लभ लाल हाथ वाला टैमरिन बंदर का बच्चा, सात पर्शियन बिल्लियां और उनके बच्चे, 14 छोटे और बड़े हैम्स्टर, 15 मिनी लोप खरगोश और नौ लेदर लैब ड्वार्फ जानवर शामिल थे।



जब्त किए गए पक्षियों में छह अफ्रीकी ग्रे तोते, पांच नीले और सुनहरे मैकाऊ, तीन एक्लेक्टस तोते, चार सन कोनूर, दो गाला कॉकाटू और एक सल्फर-क्रेस्टेड कॉकाटू शामिल थे। इसके अलावा, परिसर में बड़ी संख्या में अफ्रीकी लवबर्ड, कोनूर, कॉकटेल, बडगेरिगार और फिंच भी पाए गए।

क्राइम ब्रांच के अनुसार, आरोपियों द्वारा सरकार के परिवेश पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत किए गए दस्तावेज प्रथम दृष्टया अपूर्ण और संदिग्ध प्रतीत होते हैं। क्राइम ब्रांच के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आईएएनएस को बताया कि परिवेश पोर्टल पर हमें दिखाए गए दस्तावेज अपूर्ण प्रतीत होते हैं और संदेह पैदा करते हैं।

अधिकारियों ने कहा कि घनी आबादी वाले आवासीय क्षेत्र में जैव सुरक्षा उपायों या वैज्ञानिक सुविधाओं के बिना इतनी बड़ी संख्या में जंगली और विदेशी प्रजातियों को रखना सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है।

एक अधिकारी ने कहा कि जैव सुरक्षा उपायों के बिना किसी आवासीय फ्लैट में विदेशी और जंगली प्रजातियों को रखना पशुओं से फैलने वाली बीमारियों का कारण बन सकता है और स्थानीय निवासियों के लिए खतरा पैदा कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि व्यावसायिक प्रजनन गतिविधियों के लिए आवासीय संपत्ति का उपयोग नियमों का गंभीर उल्लंघन है।

अधिकारियों ने पुष्टि की कि वन विभाग, नगर निगम और सीमा शुल्क विभाग संयुक्त रूप से दस्तावेजों की प्रामाणिकता की जांच करेंगे, आयात की वैधता की पड़ताल करेंगे और विस्तृत जांच के तहत संभावित स्वास्थ्य जोखिमों का आकलन करेंगे।

अधिकारी ने कहा कि हमने इस मामले की जानकारी वन विभाग और अहमदाबाद नगर निगम को दे दी है। वे इस मामले में शिकायत दर्ज करेंगे। अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है और हम आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।





रविवार को नई दिल्ली में शिया समुदाय की महिलाओं ने जंतर-मंतर पर ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हवाई हमले में हुई हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया। (फोटो: आईएएनएस)

## दुबई में ड्रोन के मलबे के आंगन में गिरने से दो लोग घायल

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात के अधिकारियों ने रविवार को बताया कि हवाई सुरक्षा द्वारा रोके गए ड्रोनों का मलबा दुबई में दो घरों के आंगन में गिरने से दो लोग घायल हो गए। उन्हें चिकित्सा उपचार दिया गया है। दुबई सरकार के मीडिया कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, "अधिकारियों ने पुष्टि की है कि हवाई सुरक्षा द्वारा रोके गए ड्रोनों का मलबा दुबई में दो घरों के आंगन में गिरा, जिससे दो लोग घायल हो गए। घायलों को आवश्यक चिकित्सा देखभाल प्रदान की गई है। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि पूरे अमीरात में सुनाई देने वाली आवाजें सफल अवरोधन अभियानों का परिणाम थीं।" इससे पहले दिन में, संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की कि ईरानी हमले की शुरुआत के बाद से वायु सेना और वायु रक्षा बलों ने देश की सीमाओं की ओर दागी गई 137 बैलिस्टिक मिसाइलों और 209 ड्रोनों को सफलतापूर्वक रोककर नष्ट कर दिया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि हमले की शुरुआत से अब तक ईरान की ओर से दागी गई 137 बैलिस्टिक मिसाइलों का पता चला है, जिनमें से 132 को नष्ट कर दिया गया, जबकि 5 समुद्र में गिर गईं। इसके अतिरिक्त, ईरान के 209 ड्रोन का पता चला, जिनमें से 195 को रोक दिया गया, जबकि 14 ड्रोन देश की सीमा और जलक्षेत्र में गिरे, जिससे कुछ नुकसान हुआ।

## राष्ट्रपति मुर्मू आज करेंगी 'दिल्ली लखपति बिटिया योजना' का शुभारंभ

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



महिलाओं और बालिकाओं के आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में दिल्ली सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना पर आधिकारिक मुहर लगने जा रही है। सोमवार को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में एक विशेष और भव्य कार्यक्रम 'सशक्त नारी समृद्ध दिल्ली' आयोजित किया जाएगा। समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दिल्ली सरकार की महत्वाकांक्षी 'दिल्ली लखपति बिटिया योजना' का औपचारिक शुभारंभ करेंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि यह कार्यक्रम महिला सशक्तीकरण के प्रति दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि बदलते समय और उच्च शिक्षा की बढ़ती लागत को देखते हुए बालिकाओं के लिए प्रभावी और भविष्योन्मुखी योजना बनाने की आवश्यकता थी। इसी सोच के साथ लाडली योजना को विस्तारित और सुदृढ़ रूप में 'दिल्ली लखपति बिटिया योजना' के रूप में पुनर्गठित किया गया है।

## मिजोरम में कैंसर के सबसे ज्यादा मामले, आइजोल में बनेगा रिसर्च सेंटर



**आइजोल(आईएएनएस)।** भारत में मिजोरम में कैंसर के मामले और मृत्यु दर सबसे ज्यादा है। आइजोल जिले में हर एक लाख पुरुषों पर उम्र के हिसाब से कैंसर होने की दर 269.4 है। रविवार को स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि राज्य में पेट और फेफड़ों का कैंसर सबसे ज्यादा पाया जा रहा है। इसके मुख्य कारण तंबाकू और सुपारी का अधिक सेवन, खानपान की आदतें और आनुवंशिक (जेनेटिक) कारक हैं। अधिकारी ने कहा कि मिजोरम सरकार ने 23 जनवरी को एशियन डेवलपमेंट बैंक के साथ एक एक्सटर्नली एडेड प्रोजेक्ट लोन एग्रीमेंट पर साइन किया। यह परियोजना "सपोर्टिंग पब्लिक हेल्थ केयर सिस्टम स्ट्रेंथनिंग टू अचीव यूनिवर्सल हेल्थकेयर फॉर मिजोरम" शीर्षक से है, जिसे लोकप्रिय रूप से मिजोरम यूनिवर्सल हेल्थकेयर स्कीम कहा जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ल्ड बैंक द्वारा वित्तपोषित मिजोरम हेल्थ सिस्टम्स स्ट्रेंथनिंग प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक लागू किया गया है और इसके मार्च 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है।

### यूएन में अमेरिका ने ईरान के खिलाफ कार्रवाई को ठहराया सही, कहा

# 'हमारे साथियों की सुरक्षा शर्तों पर निर्भर नहीं'

**नई दिल्ली(आईएएनएस)**



मिडिल ईस्ट में भीषण हमलों के बीच संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका का नया बयान सामने आया है। अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र में ईरान के खिलाफ अपनी कार्रवाई को सही ठहराते हुए कहा कि यूएस के साथियों की सुरक्षा 'शर्तों पर निर्भर नहीं है।'

अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की इमरजेंसी मीटिंग के दौरान ईरान के खिलाफ सैन्य हमलों का बचाव किया। अमेरिकी दूत माइक वाल्ट्ज ने कहा, "ईरान का एडवांस्ड मिसाइल क्षमता की लगातार कोशिश करना और डिप्लोमैटिक मौकों के बावजूद न्यूक्लियर महत्वाकांक्षाओं को छोड़ने से इनकार करना, एक गंभीर और बढ़ता हुआ खतरा है।"


ईरान के न्यूक्लियर हथियार हासिल करने को लेकर अमेरिकी दूत ने यूएस की सोच को एक बार फिर से दोहराया और कहा, "अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने लंबे समय से एक आसान और जरूरी सिद्धांत की पुष्टि की है। ईरान के पास न्यूक्लियर हथियार नहीं हो सकता। यह सिद्धांत राजनीति का मामला नहीं है। यह वैश्विक सुरक्षा का मामला है और इसी मकसद से, अमेरिका कार्रवाई कर रहा है।"

वाल्ट्ज ने तर्क दिया कि वॉशिंगटन ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में बार-बार डिप्लोमैटिक कोशिशें की थीं, लेकिन उन्होंने ईरान को उनके पालन न करने के लिए दोषी ठहराया। उन्होंने कहा, "अमेरिकी डिप्लोमेसी की कोशिश बार-बार और अच्छी नीयत से की गई। डिप्लोमेसी तब सफल नहीं हो सकती, जब हमला रोकने की कोई सच्ची इच्छा न हो, जहां शांति के लिए कोई सच्चा साझेदार न हो।" उन्होंने ईरान पर परिषद की विश्वसनीयता कम करने का आरोप लगाया और कहा, "दुख की बात यह है कि यही सरकार आज हमें मानवाधिकार और कानून के राज के बारे में भाषण देने की कोशिश करेगी। इस काउंसिल में इसकी मौजूदगी यूएन का मजाक उड़ाती है।" कुवैत, यूनाइटेड अरब अमीरात, बहरीन, कतर और जॉर्डन जैसे क्षेत्रीय साझेदारों पर ईरान के हमलों का जिक्र करते हुए वॉल्ट्ज ने कहा कि ये एक्शन दिखाते हैं कि अमेरिका के कदम क्यों जरूरी हैं। उन्होंने कहा, "जो लोग हमारे साथ हैं, उन्हें पता होना चाहिए कि उनकी सुरक्षा पर कोई मोल-भाव नहीं हो सकता। हमारे साथियों की सुरक्षा शर्तों पर नहीं है। यह पक्की है। शांति उन लोगों को खुश करके नहीं बनी रहती जो इसे खतरा पहुंचाते हैं। शांति आतंक का सामना करने में ताकत से बनी रहती है।"

दूसरी तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर से ईरान के खिलाफ अपनी कार्रवाई को दोहराया है। रविवार को ट्रूथ सोशल पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने लिखा, "ईरान ने अभी कहा है कि वे आज बहुत जोरदार हमला करेंगे, जितना पहले कभी नहीं हुआ।

### अमेरिका-इस्राइल-ईरान टकराव का असर


## फ्लाइट्स रद्द, खाड़ी देशों में फंसे भारतीय सेलेब्स



● सोनल चौहान ने पीएम से मदद मांगी

**नई दिल्ली।** अमेरिका और इस्राइल ने मिलकर ईरान पर हमला कर दिया है। युद्ध जैसी स्थिति में ईरान भी अरब देशों के अमेरिकी ठिकानों पर हमला कर रहा है।दुनिया भर की फ्लाइट्स कैंसिल हो रही हैं। लाखों भारतीयों के बीच कुछ फिल्मी सितारे दुबई और मिडिल ईस्ट में मौजूद थे, अब वह इस संकट में बुरी तरह से फंस चुके हैं। सोशल मीडिया के जरिए अपनी स्थिति को सरकार, परिवार जनों और फैंस के साथ साझा कर रहे हैं। मदद की उम्मीद भी कई सेलेब्स सरकार से लगाए बैठे हैं। फिल्म 'जन्नत' फेम एक्ट्रेस सोनल चौहान इस वक्त दुबई में फंसी हैं। अमेरिका, इस्राइल और ईरान के टकराव की वजह से फ्लाइट कैंसिल हो गई हैं। ऐसे में सोनल चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मदद मांगी है। सोनल चौहान ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, 'माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, मैं जंग की वजह से दुबई में फंसी हुई हूं। फ्लाइट कैंसिल हो गई हैं, भारत लौटने का कोई रास्ता नहीं है। मैं घर वापस जाने के लिए सरकार से सुरक्षित यात्रा के लिए मार्गदर्शन चाहती हूं। किसी भी मदद के लिए शुक्रगुजार रहूंगी।' सोनल के अलावा कई फिल्मी सितारे या उनका परिवार दुबई में फंस गया है। दक्षिण भारतीय फिल्मों के चर्चित एक्टर अजित कुमार एक रेसर भी हैं। वह अक्सर रेसिंग कॉम्पिटिशन के लिए दुबई जाते हैं। हाल ही में वह दुबई में थे। लेकिन अमेरिका, इस्राइल और ईरान के बीच दुबई में फ्लाइट कैंसिल हो गई, इस वजह से वह वहीं फंस गए। एक्टर की सुरक्षा को लेकर उनके फैंस चिंतित हो गए। ऐसे में अजित कुमार के मैनेजर ने बताया है कि वह पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

### एक्ट्रेस ईशा गुप्ता अबू धाबी में फंसी




**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा गुप्ता भी अबू धाबी से भारत नहीं लौट पा रही हैं। उन्होंने अपनी स्थिति के बारे में सोशल मीडिया के जरिए जानकारी दी। वह इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखती हैं, 'जो भी मैसेज कर रहे हैं वह मुझे जवाब न दे पाने के लिए माफ करें। मैं ठीक हूं, सुरक्षित हूं। डरावना समय है, बहुत मुश्किल वक्त है। भगवान हमारी रक्षा के लिए हैं। हमें भरोसा है कि भारत सरकार सुरक्षा के लिए सबसे अच्छा काम कर रही है। प्रभावित लोगों, फंसे हुए लोगों और सभी की सुरक्षा के लिए प्रार्थना कर रही हूं। उम्मीद है कि जल्द ही घर पहुंच जाऊंगी।'


# बाइडेन ने चेतावनी दी, ट्रंप मिड टर्म चुनाव की कोशिश करेंगे

● बाइडेन का भाषण ऐसे समय में आया जब ट्रंप की अप्रूवल रेटिंग अब तक के सबसे निचले स्तर पर है

● पीबीएस न्यूज़/मैरिस्ट पोल में हाल ही में पता चला कि ज़्यादातर यूएस एडल्ट्स को लगता है कि ट्रंप देश को गलत दिशा में ले जा रहे हैं

**एडम गैबट**





एक पब्लिक भाषण में, पूर्व प्रेसिडेंट ने कहा कि यूएस 'बुरे दिनों' से गुज़र रहा है।जो बाइडेन ने चेतावनी दी कि राष्ट्रपति बने रहने के लिए (नियम बदल कर तीसरी बार) डोनाल्ड ट्रंप, मिड टर्म चुनाव "चुराने" की कोशिश करेंगे। साउथ कैरोलिना में बोलते हुए, जहाँ उन्हें पॉलिटिक्स में उनकी लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए सम्मानित किया जा रहा था, बाइडेन ने यह भी कहा कि यूएस "बुरे दिनों" से गुज़र रहा है। उन्होंने यह भाषण ट्रम्प एडमिनिस्ट्रेशन के ईरान पर हमले शुरू करने से कुछ घंटे पहले दिया गया था। 2020 के कैंपेन की एक लाइन को दोहराते हुए, जिसमें उन्होंने ट्रंप को हराया था और ट्रंप की पहली प्रेसीडेंसी खत्म की थी, बाइडेन ने शुक्रवार को कोलंबिया म्यूज़ियम ऑफ़ आर्ट में भीड़ से कहा कि "इस देश की आत्मा के लिए लड़ाई ऐसी है जो असल में कभी खत्म नहीं होती"। साथ ही, उन्होंने मिड टर्म से पहले शायद बहुत ज्यादा वोटिंग की जरूरतें लाने के ट्रंप के प्लान की भी आलोचना की।बाइडेन ने आगे कहा, "अच्छी खबर यह है", "अमेरिका में, अभी भी पावर लोगों के पास है।" और पावर दिखाने का तरीका है वोट देना, आना और वोट देना। और दोस्तों, जब हम ऐसा करते हैं, तो यह डोनाल्ड ट्रंप के लिए बुरी खबर है, और वह यह जानते हैं।"इसीलिए वह और ज्यादा रुकावटें डालने की कोशिश कर रहे हैं – उन्हें खड़ा कर रहे हैं। वह इलेक्शन चुराने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि वह जानते हैं कि वह आपका वोट नहीं जीत सकते, इसलिए वह आपको वोट देने से रोकने के लिए वह सब कुछ करेंगे जो वह कर सकते हैं।"83 साल के बाइडेन, ऑफिस छोड़ने और प्रोस्टेट कैंसर के एक खतरनाक रूप का इलाज करवाने के बाद से ज़्यादातर लोगों की नज़रों से दूर रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को अपनी सेहत के बारे में कुछ नहीं कहा, जब उन्होंने ट्रंप के हालिया स्टेट ऑफ़ द यूनियन भाषण और इमिग्रेशन कार्रवाई के लिए उनकी आलोचना की, जिसके दौरान जनवरी में मिनियापोलिस में फेडरल एजेंटों ने अमेरिकी नागरिकों रेनी गुड और एलेक्स प्रेटी को मार डाला था।बाइडेन ने कहा, "वह (ट्रंप)रेनी गुड, एलेक्स प्रेटी का ज़िक्र नहीं करते... [या] उनके परिवारों को सांत्वना का एक शब्द भी नहीं कहते।"बाइडेन ने यह भी कहा कि ट्रंप ने सेक्स अपराधी और बदनाम फाइनेंसर जेफरी एपस्टीन के पीड़ितों को दिए अपने भाषण के दौरान "समर्थन का एक शब्द भी नहीं कहा, यहाँ तक कि पहचान भी नहीं दी", जिसने कथित तौर पर 2019 में फेडरल हिरासत में रहते हुए खुद को मार डाला था। ट्रंप एपस्टीन के कई पुराने ताकतवर दोस्तों में से एक थे।बाइडेन का भाषण ऐसे समय में आया जब ट्रंप की अप्रूवल रेटिंग अब तक के सबसे निचले स्तर पर है। फरवरी की शुरुआत में, एसोसिएटेड प्रेस-नॉर्क सेंटर फॉर पब्लिक अफेयर्स रिसर्च ने पाया कि 61% अमेरिकी उनके काम को पसंद नहीं करते, जबकि एनपीआर/पीबीएस न्यूज़/मैरिस्ट पोल में हाल ही में पता चला कि ज्यादातर यूएस एडल्ट्स को लगता है कि ट्रंप देश को गलत दिशा में ले जा रहे हैं।बाइडेन ने उस साल जून में डिबेट में खराब परफॉर्मेंस के बाद 2024 में अपना री-इलेक्शन कैंपेन छोड़ दिया था। उन्होंने अपनी वाइस-प्रेसिडेंट, कमला हैरिस को अपनी जगह लेने के लिए सपोर्ट किया, लेकिन ट्रंप ने कमला हैरिस को हराकर दूसरी बार राष्ट्रपति बन गए।

**(द गार्जियन से साभार)**

### ईरान पर हुए हमले के बीच कंगना रनौत ने पीएम मोदी की तारीफ की

# 'सबसे सुरक्षित शहर जल रहे हैं'

**मुंबई(आईएएनएस)**




ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद विश्व भर में कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं।विदेशी मीडिया में भारत और इजराइल के रिश्तों का भी जिक्र किया जा रहा है, क्योंकि यह हमला तब हुआ जब प्रधानमंत्री मोदी इजरायल के दौरे से वापस लौटे। इसी कड़ी में तीन देशों के बीच छिड़ी जंग को लेकर हिमाचल के मंडी से सांसद कंगना रनौत ने एक बार पीएम मोदी की सराहना की है और विपक्ष को मुंहतोड़ जवाब दिया है, जिन्होंने पीएम मोदी के कार्यों पर सवाल किए।

कंगना ने पीएम मोदी का लोकसभा का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह पाकिस्तान के मंसूबों के बारे में बात कर रहे हैं। इस वीडियो को पोस्ट कर कंगना ने विपक्ष पर निशाना साधा है। उनका कहना है कि जो लोग प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों पर सवाल उठाते हैं, उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि जब दुनिया के सबसे बड़े और तथाकथित सबसे सुरक्षित शहर जल रहे हैं, वहीं भारत ने दुश्मन (पाकिस्तान) की 1000 मिसाइलों को लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही नष्ट कर दिया था और अपनी मातृभूमि को खरोंच तक नहीं लगाने दी। यह एक महान नेता की शक्ति है। अभिनेत्री के पोस्ट से साफ है कि पीएम की कूटनीति की वजह से ही देश सुरक्षित है और युद्ध या हमले की स्थिति से भी दूर है। इससे पहले भी कंगना ने कांग्रेस द्वारा एआई समिट में किए गए विरोध प्रदर्शन को निंदनीय बताया। उन्होंने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि एआई समिट में शर्टलेस प्रदर्शन करना पूरे देश का अपमान है और कांग्रेस को बर्बाद करने का काम सिर्फ राहुल गांधी कर रहे हैं। कभी सदन में बदसलूकी करते हैं तो कभी एआई समिट में देश को शर्मसार करने वाला काम करते हैं।